हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

RENAULT TRIBER TCe

3 YEARS WARRANTY

100PS

RE-019-LT

शुरुआती कीमत

₹7.84 L*

625L बूट स्पेस*

7 सीटर फ़ैमिली कार

21 kmpl फ़्यूल एफ़िशिएंसी

*the price mentioned above is the ex-showroom price for the Evolution Turbo variant, and may vary depending on the model/variant and features in the car. all Renault vehicles now come with standard warranty of 3 years or 100 000 km, whichever comes first. #625 litres boot space with 5-seater configuration and 3rd row seats removed. *21kmpl fuel efficiency as certified by Test Agency Under Rule 115 (G) of Central Motor Vehicles Rules 1989. the features mentioned in this advertisement may vary depending on the model/variant and features in the car. corporate / PSU / defence personnel/ government employee / professional benefits applicable on each model are basis eligibility of the customer and based on submission of required proof by the customer. the final price valid will be the one on the date of purchase. for detailed terms and conditions, please visit www.renault.co.in

Renault recommends Castrol

renault.co.in

SHOWROOMS: MADHYA PRADESH: RENAULT **BHOPAL NEW** Ph: 9289220870. RENAULT **AGAR** Ph: 8448220030. RENAULT **CHATARPUR** Ph: 7603868297. RENAULT **CHHINDWARA** Ph: 9667215285. RENAULT **DAMOH** Ph: 9289263623. RENAULT **GWALIOR CITY** Ph: 8448383235. **INDORE:** RENAULT **INDORE** Ph: 9821199958, RENAULT **INDORE EAST** Ph: 9289263821. **JABALPUR:** RENAULT **JABALPUR WEST** Ph: 7291980314. RENAULT **MANDSAUR** Ph: 8448220394. RENAULT **SAGAR** Ph: 9311340949. RENAULT **SATNA** Ph: 7290094892. RENAULT **SHAHDOL** Ph: 7029805696. RENAULT **UJJAIN** Ph: 8448220031.

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

आखिरी घंटे में शेयर बाजार में रॉकेट जैसी तेजी

सेंसेक्स 1100 अंक उछला, निवेशकों ने कमाए 4 लाख करोड़ से ज्यादा



फाइल फोटो

नई दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार में मंगलवार को कारोबार में जोरदार तेजी देखने को मिली। बीएसई का सेंसेक्स 1109 अंक यानी 1.54% उछलकर 73,033.78 पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई का निफ्टी 358 अंक यानी 1.60% की बढ़त के साथ 22,721.95 के स्तर पर पहुंच गया। निवेशकों की संपत्ति में 4 लाख करोड़ रु का इजाफा हुआ।

मप्र में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल: 23 आईएएस अफसरों के तबादले, 11 जिलों के कलेक्टर बदले

सुखबीर सिंह सीएम के प्रमुख सचिव, भरत यादव बने जनसंपर्क सचिव

आदित्य सिंह और रोहित सिसोनिया को पहली बार जिले की कमान, जीआईएस की तैयारियों के लिए उद्योग विभाग का ढांचा मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैतूल

मध्यप्रदेश सरकार ने बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 23 आईएएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। इस बदलाव में 11 जिलों के कलेक्टर बदले गए हैं, जबकि कई वरिष्ठ अधिकारियों को महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सुखबीर सिंह को मुख्यमंत्री का प्रमुख सचिव बनाया गया है। वे लोक निर्माण विभाग का दायित्व भी संभालेंगे। भरत यादव को जनसंपर्क विभाग का सचिव बनाया गया है। वहीं, रश्मि अरुण शमी को स्वास्थ्य विभाग में अपर मुख्य सचिव और केसी गुप्ता को खाद्य विभाग का अपर मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है।

तबादलों में अधिकारियों के प्रदर्शन, योजनाओं के क्रियान्वयन और जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय को भी महत्व दिया गया है। मूंग खरीदी आंदोलन के दौरान प्रभावी कार्रवाई नहीं होने के बाद हरदा और होशंगाबाद के कलेक्टरों को अल्प कार्यकाल में ही बदल दिया ▸▸शेष पेज 4 पर



भरत यादव



अरुण विश्वकर्मा



सुखबीर सिंह



राघवेंद्र सिंह

सुखबीर को मुख्यमंत्री कार्यालय की कमान

बेहतर प्रदर्शन और विभागीय कामकाज पर पकड़ के चलते सुखबीर सिंह को मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रमुख सचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है। उनके पास लोक निर्माण विभाग का दायित्व भी रहेगा। रश्मि ▸▸शेष पेज 4 पर

इन 11 जिलों में नए कलेक्टर

वाणिज्यिक कर विभाग के अपर सचिव राजेश कुमार ओगरे को मऊगंज का कलेक्टर बनाया गया है। पवन कुमार जैन को भिंड, अरुण विश्वकर्मा को जबलपुर, आशीष वशिष्ठ को नर्मदापुरम, अंकित अस्थाना को सिंगरौली, आदित्य सिंह को बालाघाट, हर्ष सिंह को पन्ना, रोहित सिसोनिया को रायसेन, विवेक कुमार को बुरहानपुर, डॉ. परीक्षित संजयराव झाड़े को शाजापुर और कुमार सत्यम को हरदा का कलेक्टर नियुक्त ▸▸शेष पेज 4 पर

कई अन्य अधिकारियों की भी नई पदस्थापना

उषा परमार को उद्यानिकी का अपर सचिव बनाया गया है। सोमेश मिश्रा को एड्स नियंत्रण समिति का संचालक, संजय कुमार जैन को कृषि विभाग का उपसचिव, सिद्धार्थ जैन को वाणिज्यिक कर विभाग का उपसचिव, किरोड़ी लाल मीणा को वित्त विभाग का उपसचिव और गौरव बैनल को सामान्य प्रशासन विभाग का उपसचिव नियुक्त किया गया है। संदीप केरकेट्टा को इंदौर विकास प्राधिकरण का मुख्य कार्यपालन अधिकारी बनाया गया है। राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों में वंदना जाट को स्कूल शिक्षा विभाग का उपसचिव, राजेश शाह को रीवा का अपर कलेक्टर और गोपाल सिंह वर्मा को बैतूल का अपर कलेक्टर पदस्थ किया गया है। 2017 बैच के अधिकारियों को पहली बार जिले की कमान सौंपने की कवायद भी आगे बढ़ी है। आदित्य सिंह और रोहित सिसोनिया की मुख्यधारा में वापसी हुई है। वहीं, योजनाओं के क्रियान्वयन और जनप्रतिनिधियों से समन्वय में कमी को लेकर कम अवधि से पदस्थ कलेक्टरों को भी हटाया गया है।

खबर संक्षेप

बिजली नहीं दी तो प्रदर्शन करेंगे किसान

भोपाल। प्रदेश में बिजली कटौती, खाद-बीज की कमी, सूखे जैसे हालात और फसलों की खरीदी को लेकर भारतीय किसान संघ ने सरकार को दशहरे तक का अल्टीमेटम दिया है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष कमल सिंह आंजना ने मंगलवार को पत्रकारों से कहा कि सरकार किसानों की समस्याओं का जल्द निराकरण करे, नहीं तो संघ बड़ा आंदोलन करेगा। उन्होंने कहा कि संघ बातचीत के जरिए समस्याओं का समाधान चाहता है।



लिफ्ट में फंसे पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा

ग्वालियर। पूर्व गृहमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. नरोत्तम मिश्रा के लिफ्ट में फंसने का मामला सामने आया। वे जयेंद्रगंज क्षेत्र में एक कोचिंग सेंटर की नई ब्रांच का उद्घाटन करने पहुंचे थे। इसी दौरान तीसरे फ्लोर पर जाते समय लिफ्ट दूसरे फ्लोर पर तकनीकी खराबी के कारण अटक गई। करीब 10 से 15 मिनट की मशक्कत के बाद कर्मचारियों ने लिफ्ट का दरवाजा खोलकर उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला।



संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने का लगाया आरोप ▸▸ केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि वोट चोरी के कांग्रेस सबूत दे, कोर्ट में हलफनामा दे

एसआईआर से वोट चोरी तो कांग्रेस 6 मुख्यमंत्रियों से इस्तीफा दिलवाए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मंगलवार को चुनाव आयोग पर कांग्रेस के सवालों का भाजपा ने दिया जवाब, आपातकाल से लेकर सीईसी की नियुक्तियों तक घेरा

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि राहुल गांधी रोज चुनाव आयोग पर गंभीर और झूठे आरोप लगाते हैं, लेकिन बार-बार मांगने पर भी एक भी हलफनामा या ठोस सबूत पेश नहीं करते। गोयल ने राहुल गांधी के व्यवहार की आलोचना करते हुए कहा कि केवल एक डरपोक और कायर व्यक्ति ही बिना जिम्मेदारी उठाए बेबुनियाद आरोप लगाकर भाग जाता है।

उन्होंने राहुल गांधी को खुली चुनौती दी कि यदि उनमें हिम्मत है तो वे अपने आरोपों के समर्थन में चुनाव आयोग या अदालत के सामने शपथ पत्र पर सबूत पेश करें। उन्होंने कहा कि यदि एसआईआर में वोट चोरी हुई है तो कांग्रेस अपने और अपने समर्थित राज्यों के 6 मुख्यमंत्रियों से इस्तीफा दिलवाए। कांग्रेस के मुताबिक ये सीएम वोट चोरी से ही बने हैं। गोयल ने राहुल के दोहरे चरित्र पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस बिहार पर क्यों नहीं बोली? ▸▸शेष पेज 4 पर

क्योंकि, वहां का चुनाव व मंत्रिमंडल कांग्रेस के अनुसार अवैध है



पीयूष गोयल प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए

- ***गोयल के मुताबिक राहुल का आरोप लगाना और भाग जाना (शूट एंड स्कूट पॉलिसी) सारा देश देख रहा है***
- ***केंद्रीय मंत्री ने बेबुनियाद आरोपों और बिना सबूत के बयानबाजी पर राहुल को कायर व डरपोक करार दिया***

गोयल ने कहा ये भी रिश्वत जैसा ही

- दो सीईसी को कांग्रेस ने राज्यपाल बनाया
- एक को कैबिनेट में लिया
- एक को पद्म पुरस्कार दिया
- एक को आडवाणी के खिलाफ चुनाव लड़वाया

एसआईआर की आड़ में घुसपैठियों को बचा रहे राहुल

एसआईआर और चुनाव आयोग के खिलाफ विपक्ष के विरोध के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी एसआईआर की आड़ में घुसपैठियों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। शाह ने दावा किया कि जनता कांग्रेस के एजेंडे को समझती है और 2029 के लोकसभा चुनाव में एनडीए भारी बहुमत से जीतेगा। एसआईआर की प्रक्रिया 2024 के बाद शुरू हुई, जबकि राहुल गांधी के राजनीति में आने के बाद से कांग्रेस लगातार चुनाव हार रही है। उन्होंने दावा किया कि 2029 में कांग्रेस को लगातार चौथी हार ▸▸शेष पेज 4 पर



राहुल से गोयल के 10 सवाल

1. वोट चोरी के आरोपों पर हलफनामा क्यों नहीं दिया
2. बिहार में एसआईआर के दौरान चुप क्यों रहे
3. चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर सवाल क्यों
4. कांग्रेस नेताओं ने एसआईआर की तारीफ क्यों की
5. टीकाराम मीणा को कांग्रेस की समिति में जगह क्यों मिली
6. रतन यू. केलकर को मुख्यमंत्री का सचिव क्यों बनाया गया
7. सीईसी रहते एमएस गिल को पद्म विभूषण देना क्या रिश्वत थी
8. ममता बेनर्जी को लेकर कांग्रेस का रुख क्या है
9. आरके त्रिवेदी को राज्यपाल और टीएन शेषन को टिकट क्यों दिया गया
10. नवीन चावला की नियुक्ति को लेकर सवाल क्यों उठे



चाय पार्टी के बाद विपक्षी गठबंधन ने प्रेस से बात की

एलओपी के घर पर विपक्षी नेताओं की चाय पार्टी

जिम्मेदार लोगों को न्याय के 'कठघरे' में लाने का वादा

राहुल बोले- लोकतंत्र को बचाना हमारा लक्ष्य विपक्ष एकजुट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के घर पर मंगलवार शाम को विपक्षी नेताओं की चाय पार्टी हुई। इसमें आंदलन की आगामी रणनीति तय की गई। इंडिया ब्लॉक की बैठक के बाद राहुल ने कहा कि विपक्ष जंतर-मंतर पर प्रदर्शन से रोकने के फैसले को चुनौती देगा। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में लोकतंत्र और चुनाव व्यवस्था को नुकसान पहुंचाया गया है। राहुल ने कहा कि पूरा विपक्ष एकजुट है और सुप्रीम कोर्ट की भूमिका के साथ जनता का संघर्ष लोकतंत्र बहाल होने तक जारी रहेगा। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि हम यहां एकजुट होकर खड़े हैं। यह अलग-अलग नहीं, एक ही आंदोलन है। मैं आपको गारंटी देता हूं कि जिस तरह हमने ऊर्जा, ताकत और एकता ▸▸शेष पेज 4 पर

जंतर मंतर पर धरना बैन...

हम सरकार की सोच को चुनौती देंगे

राहुल ने कहा कि लोकतंत्र में अपनी बात रखने का एक माध्यम जंतर-मंतर था। हम सरकार की इस सोच को चुनौती देने जा रहे हैं। सरकार के लिए यह तय कर देना इतना आसान नहीं होगा कि भारत के लोग अपनी आवाज उठाने के लिए संघर्ष नहीं करेंगे। जिन लोगों ने यह सब किया है, उन्हें समझना होगा कि अब उनके चारों ओर घेरा कसता जा रहा है। इनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हैं, जो इसके मुख्य सूत्रधार हैं। गृह मंत्री अमित शाह इसे लागू करने वाले हैं। ज्ञानेश कुमार और अन्य लोग भी इसमें शामिल हैं। उन्हें समझना होगा कि ▸▸शेष पेज 4 पर



रथयात्रा के दौरान उमड़ रही भारी भीड़

दमोह में धीरेंद्र शास्त्री की बेटियों से अपील

तुम दुर्गा बनो, तुम काली बनो लेकिन बुर्के वाली मत बनना



हरिभूमि न्यूज ▸▸ दमोह

बागेश्वर धाम के पीठाधीश पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने सनातन हिंदू एकता रथयात्रा के दौरान बेटियों को संबोधित करते हुए कहा कि तुम दुर्गा बनो, तुम काली बनो, लेकिन कभी बुर्के वाली मत बनना। उन्होंने सोशल मीडिया की रील देखकर प्रभावित होने के बजाए जीवनसाथी चुनते समय सतर्क रहने की सलाह दी। हटा में ▸▸शेष पेज 4 पर

- बेटियों को दी रील से प्रभावित होकर जीवनसाथी चुनने से बचने की सलाह, कहा- सुंदर चेहरा अच्छे चरित्र की गारंटी नहीं

7 घंटे देरी से पहुंचे, सुबह चार बजे तक लगा दिव्य दरबार

दमोह जिले की धर्मनगरी हटा में धीरेंद्र शास्त्री की रथयात्रा करीब सात घंटे की देरी से पहुंची, लेकिन देर रात दो बजे तक हजारों श्रद्धालु उनके स्वागत और दर्शन के लिए डटे रहे। दरबार का सिलसिला सुबह करीब चार बजे तक चला। करीब पांच साल बाद हटा पहुंचने पर उन्होंने श्रद्धालुओं के उत्साह पर प्रसन्नता जताई।

फ्लाइट नहीं मिली तो 1800 किमी का सफर

कोयंबतूर से भोपाल बाइक से आ रहे युवक की बैतूल में मौत



परिवारिक मित्र से मिलने आ रहा था भोपाल, दुबई में करता था नौकरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैतूल

नेशनल हाईवे-47 पर मंगलवार रात अज्ञात भारी वाहन की टक्कर से बाइक सवार एस. गौतम (29) की मौत हो गई। वह तमिलनाडु के कोयंबतूर का रहने वाला था और दुबई में नौकरी करता था। फ्लाइट नहीं मिलने के कारण वह बाइक से करीब 1800 किलोमीटर का सफर तय कर भोपाल आ रहा था। हादसा बैतूल बाजार थाना क्षेत्र में झिटापटी यात्री प्रतीक्षालय के पास रात करीब 2:30 से 3 बजे के बीच हुआ। टक्कर में गौतम के सिर में गंभीर चोट आई और उसने मौके पर ही दम तोड़ ▸▸शेष पेज 4 पर

बिहार के वैशाली में बड़ा हादसा

नाव पलटने से 14 बच्चों की मौत परिजनों को 6-6 लाख की मदद



भोज में शामिल होने जाते समय हादसा, पीएम मोदी ने दुख व्यक्त किया

एजेंसी ▸▸ पटना

बिहार के वैशाली जिले के राघोपुर में मंगलवार देर शाम गंगा नदी में नाव पलटने से 13 बच्चों की मौत हो गई। शुरुआती जानकारी के अनुसार, करीब 15 से 20 बच्चे छोटी नाव पर सवार होकर भोज में शामिल होने जा रहे थे, तभी नाव असंतुलित होकर नदी में पलट गई। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों और प्रशासन ने बचाव अभियान चलाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घटना पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय ▸▸शेष पेज 4 पर

अभियोजन की अनुमति नहीं दी तो काम पर लौटे

24 दिन बाद पटवारियों ने शुरू किया रजिस्ट्री का काम

बर्खास्तगी और निलंबन रद्द करने की मांग बरकरार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में पिछले 24 दिनों से स्वामित्व योजना की रजिस्ट्री का काम रोककर बैठे पटवारियों ने आखिरकार काम शुरू कर दिया है। सरकार की ओर से रजिस्ट्री में निष्पादक की भूमिका निभाने वाले पटवारियों के खिलाफ अभियोजन की अनुमति नहीं देने संबंधी आदेश जारी किए जाने के बाद यह निर्णय लिया गया। हालांकि, पटवारी संघ बर्खास्तगी और निलंबन के आदेश वापस लेने की मांग ▸▸शेष पेज 4 पर



फाइल फोटो

शिक्षाकर्मी वर्ग-2 और वर्ग-3 को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) में राहत

अब प्रमोशन में टीईटी बाधा नहीं

2001 से पहले नियुक्त शिक्षाकर्मियों पर हाईकोर्ट ने सरकार को 60 दिन में फैसला लेने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

कोर्ट ने कहा

सक्षम अधिकारी शिक्षाकर्मियों के लंबित आवेदनों पर विचार कर स्पष्ट कारणों के साथ निर्णय लें

3 सितंबर 2001 से पहले नियुक्त शिक्षाकर्मी वर्ग-2 और वर्ग-3 के साथ वर्ष 1997 से 1999 के बीच नियुक्त शिक्षाकर्मियों को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को लेकर मप्र हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने शिक्षाकर्मी वर्ग-2 और वर्ग-3 को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) से छूट देने की मांग पर 60 दिन में फैसला लेने के निर्देश दिए हैं। न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह की एकलपीठ ने 12 अक्टूबर को यह आदेश दिया। हाईकोर्ट ने निर्देश दिया कि आदेश की प्रमाणित प्रति मिलने के 60 दिनों के भीतर सक्षम अधिकारी सभी लंबित आवेदनों पर कानून के अनुसार विचार करें और कारण बताते हुए अपना निर्णय दें। फैसले की जानकारी संबंधित शिक्षाकर्मियों को भी देनी होगी। हालांकि, हाईकोर्ट ने शिक्षाकर्मियों को टीईटी से छूट देने या पदोन्नति में राहत देने का अंतिम फैसला नहीं सुनाया है। कोर्ट ने केवल सरकार को लंबित आवेदनों पर तय समय में निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही याचिका का निराकरण कर दिया गया। जिसके बाद अब संबंधित शिक्षाकर्मियों की निगाहें शासन के फैसले पर हैं।



शिक्षाकर्मियों ने याचिका में यह कहा

याचिका में कहा गया था कि 3 सितंबर 2001 से पहले नियुक्त शिक्षाकर्मी वर्ग-2 और वर्ग-3 के साथ वर्ष 1997 से 1999 के बीच नियुक्त शिक्षाकर्मियों को टीईटी पास करने की अनिवार्यता से छूट दी जानी चाहिए। संबंधित न्यायिक फैसलों का हवाला दिया था।

सरकार के वकील ने नहीं जताई मांग पर आपत्ति

सुनवाई में याचिकाकर्ताओं के वकील ने कोर्ट को बताया कि इस संबंध में सक्षम अधिकारी के पास आवेदन दिए गए थे, लेकिन उन पर निर्णय नहीं हुआ। इसलिए मांग की गई कि आवेदनों पर फैसला लेने के लिए समय-सीमा तय की जाए। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के वकील ने भी इस मांग पर आपत्ति नहीं जताई।

भोपाल
बुधवार, 14 अक्टूबर 2026
आश्विन मास शुक्ल पक्ष-4
वर्ष : 13, अंक : 194
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 32
न्यून. 22

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

केंद्र सरकार ने टाला फैसला

व्यापारियों के लिए एक बड़ी राहत, फेस्टिव सीजन के चलते लिया गया बड़ा फैसला

दिवाली तक... यूपीआई लेनदेन पर नहीं लगेगा एमडीआर चार्ज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



यूपीआई पेमेंट्स का इस्तेमाल करने वाले व्यापारियों के लिए राहत भरी खबर है। एनपीसीआई के नोटिफिकेशन में यूपीआई लेनदेन पर लगने वाले मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) की डेडलाइन को 15 अक्टूबर से बढ़ाकर दीवाली के बाद करने का ऐलान किया गया है। इस फैसले से उन लाखों छोटे-बड़े व्यापारियों को एक बड़ा सुकून मिला है, जो डिजिटल पेमेंट पर संभावित चार्ज लगने की आशंका से चिंतित थे। पिछले कुछ समय से अटकलें लगाई जा रही थीं कि एमडीआर लागू करने की तारीख को आगे बढ़ाया जा सकता है। अब इस प्रस्ताव को आधिकारिक तौर पर मंजूरी दे दी गई है। दीवाली तक मर्चेंट्स को यूपीआई ट्रांजैक्शन पर अतिरिक्त शुल्क नहीं लगेगा। इससे उनका मुनाफा बचेगा साथ ही देश में डिजिटल पेमेंट्स को भी और रफ्तार मिलेगी।

यूपीआई से अतिरिक्त कमाई की उम्मीद लगाए बैठी फिनटेक कंपनियों के शेयरों को भारी झटका लगा

2 हजार पर लगना था 0.4% का शुल्क

हाल ही में सरकार ने यूपीआई लेनदेन पर एमडीआर वसूलने की अनुमति दी थी। इस नियम के तहत 2,000 से अधिक के डिजिटल लेनदेन पर 0.4% का शुल्क (एमडीआर) तय किया गया था। यह शुल्क व्यापारियों से लिए जाने की बात कही गई, जिससे पेमेंट गेटवे और पेटीएम/मोबिक्विक जैसी कंपनियों को राजस्व में बड़ा फायदा मिलने की उम्मीद है। पिछले महीने जब इस फैसले का ऐलान हुआ था, तब इन फिनटेक कंपनियों के शेयरों में जोरदार तेजी देखी गई थी।



नई दिल्ली में सॉलिसिटर जनरल मेहता से मुख्यमंत्री ने की मुलाकात, बनाई रणनीति

27 फीसदी ओबीसी आरक्षण पर मोहन सरकार सुप्रीम कोर्ट जाएगी

सरकार जल्दी ही इस मुद्दे पर अपना रूख स्पष्ट करेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सरकार के स्तर पर सुप्रीम कोर्ट में अपील करने के विकल्प पर विचार विमर्श चल रहा है। जल्दी ही इसपर अमलीजामा पहना दिया जाएगा

मप्र सरकार ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण दिए जाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट जाएगी। इसे लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को नई दिल्ली पहुंचे थे। उन्होंने भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से मुलाकात कर कानूनी प्रक्रिया समेत मप्र सरकार के रूख पर रणनीति बनाई। मुख्यमंत्री के साथ मप्र के महाधिवक्ता प्रशांत सिंह भी मौजूद थे। सरकार जल्दी ही इस मुद्दे पर अपना रूख स्पष्ट कर देगी। ओबीसी आरक्षण के मामले में सरकार कोई भी रिस्क नहीं लेना चाहती। सरकार की कोशिश है कि हर हाल में मप्र में ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण मिले।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता एवं प्रदेश के महाधिवक्ता प्रशांत सिंह के साथ ओबीसी आरक्षण को लेकर हाईकोर्ट के निर्णय से जुड़े विधिक पहलुओं और आगामी कानूनी कार्यवाही की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की है। सरकार पहले ही साफ कर चुकी है कि वह ओबीसी को हर हाल में 27 फीसदी आरक्षण देने का पक्षधर है। ओबीसी आरक्षण पर हाई कोर्ट के फैसले के बाद अब अगली कानूनी लड़ाई की तैयारी शुरू हो गई है। सरकार के स्तर पर सुप्रीम कोर्ट में अपील करने के विकल्प पर विचार-विमर्श चल रहा है। जल्दी ही इसपर अमलीजामा पहना दिया जाएगा। इसी बीच यूथ फॉर इक्वलिटी ने सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दायर कर अपनी कानूनी तैयारी का संकेत दिया है।

मुख्यमंत्री के साथ मप्र के महाधिवक्ता प्रशांत सिंह भी मौजूद थे



तुषार मेहता (बीच में) के साथ सीएम और प्रशांत सिंह

यूथ फॉर इक्वलिटी की सुप्रीम कोर्ट में कैविएट अब एकतरफा स्टे की राह मुश्किल

सरकार की कोशिश है कि हर हाल में मप्र में ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण मिले

2019 में 14 से बढ़ाकर 27 प्रतिशत किया था आरक्षण

ओबीसी आरक्षण बढ़ाने का निर्णय वर्ष 2019 में तत्कालीन कमलनाथ सरकार के कार्यकाल में हुआ था। इसके तहत सरकारी नौकरियों और उच्च शिक्षा में ओबीसी आरक्षण 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने का प्रावधान किया गया। इस बढ़लाव के बाद प्रदेश में अनुसूचित जाति के लिए 16 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति के लिए 20 प्रतिशत और ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण का कुल योग 63 प्रतिशत हो गया था। इस व्यवस्था को अदालत में चुनौती दी गई। मामला कई वर्षों तक कानूनी प्रक्रिया में उलझा रहा। हाईकोर्ट ने अपने हालिया फैसले में आरक्षण की कुल सीमा 50 प्रतिशत से अधिक होने और उसे पार करने के लिए पर्याप्त असाधारण परिस्थितियां स्थापित नहीं होने का हवाला देते हुए 27 प्रतिशत आरक्षण के प्रावधान को निरस्त कर दिया।

सिंघार ने सरकार ने विशेष सत्र बुलाने को कहा

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने ओबीसी आरक्षण के मामले में सरकार से विशेष सत्र बुलाकर उसमें कानून पारित कराने को कहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री के दिल्ली दौरे और ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर सवाल उठाए। सिंघार ने कहा कि मुख्यमंत्री सॉलिसिटर जनरल से बात करना चाहते हैं। हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगवाना चाहते हैं, लेकिन इसके लिए दिल्ली जाने की जरूरत नहीं है। उनके पास विधानसभा है, तो वे विशेष सत्र क्यों नहीं बुलाते? सिंघार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी विधानसभा के विशेष सत्र के लिए तैयार है।

हाईकोर्ट ने 2019 के कानून को किया है निरस्त

मप्र हाईकोर्ट ने अभी हाल में ही 9 अक्टूबर को ओबीसी आरक्षण 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने वाले 2019 के कानून को असंवैधानिक ठहराते हुए निरस्त कर दिया। अदालत के इस फैसले से प्रदेश में आरक्षण व्यवस्था और सरकारी भर्तियों को लेकर नए तरह से सुगबुगाहट शुरू हो गई है। हालांकि हाईकोर्ट की ज्वॉइंट बेंच ने स्पष्ट किया कि ओबीसी वर्ग को आरक्षण देने का प्रावधान बना रहेगा, लेकिन इसे 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने के लिए आवश्यक असाधारण परिस्थितियां और पर्याप्त आधार प्रस्तुत नहीं किया जा सका है। कोर्ट ने आरक्षण की कुल 50 प्रतिशत सीमा से संबंधित सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का भी उल्लेख किया है।

चतुर्थी: मां कूष्मांडा



सुरासंपूर्णकलशं रुधिराप्लुतमेव च।
दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्मांडा शुभदास्तु मे।

केंद्रीय मंत्री मुरुगन ने दिया इस्तीफा, लिखी मन की बात

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री एल. मुरुगन ने पीएम नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर मंत्री पद और राज्यसभा की सदस्यता छोड़ने का ऐलान किया है। उनका कहना है कि वह 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले तमिलनाडु में भाजपा को मजबूत करने के लिए पूरा समय देना चाहते हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में पांच साल तक काम करना उनके जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है।



आज लाड़ली बहनों को मिलेगी 41वीं किस्त

नवरात्रि में सवा करोड़ महिलाओं के खातों में सीएम भेजेंगे राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



नवरात्रि के पावन पर्व पर प्रदेश की सवा करोड़ लाड़ली बहनों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 41 वीं किस्त की सौगात देंगे। सीएम बुधवार को उमरिया के मानपुर के गुरुवाही ग्राम में आयोजित लाड़ली बहना योजना सम्मेलन में सिंगल क्लिक के माध्यम से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की किश्त की राशि अंतरित करेंगे। वे पात्र प्रत्येक महिलाओं के बैंक खातों में 1,500 रुपए के मान से आर्थिक सहायता राशि अंतरित करेंगे। इसके साथ ही विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन भी करेंगे। यह राशि महिला सशक्तिकरण के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करेगी।

उमरिया में 144 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी करेंगे

PHILIPS
सोने पे डबल सुहागा
11 अक्टूबर से 11 नवंबर तक
फ़्री* टी एंड कॉफी कंटेनर सेट MRP ₹1495
फ़्री* जेट फैन MRP ₹4995
फ़्री* लीफ़ प्लैटर MRP ₹2995
हर घंटे सोना और हर दिन डायमंड जीतने का मौक़ा*
+ सुनिश्चित उपहार#
रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें*
#*ऑफ़र चुनिंदा मॉडलों पर 11 अक्टूबर से 11 नवंबर 2026 तक या स्टॉक रहने तक मान्य है। नियम व शर्तें लागू। विस्तृत विवरण के लिए देखें: www.domesticappliances.philips.co.in/pages/sone-pe-double-suhaga-tnc. सभी चित्र उदाहरण मात्र हैं। "घंटे" यानी हर दिन 8 घंटे की अवधि.
सभी प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स आउटलेट्स में उपलब्ध
croma A TATA Enterprise
digital PERSONALISING TECHNOLOGY
@philipshomelivingindia @smartcookingbyphilips www.domesticappliances.philips.co.in 1800 572 1800
AVAILABLE AT ALL LOTUS ELECTRONICS STORES
DEALERS AKOLA: MITTAL ELECTRONICS - 9823010413; AMRAVATI: DIAMOND ELECTRICALS - 9767201777; KEDIA TRADERS - 9822570405; MATOOSHREE CROCKERIES - 9822707142; MODERN ELECTRICALS - 8600050015; RATHOD STORES - 7212673454; SUSHMA STORES - 7212578124; BHILAI: NTC APPLIANCES - 9479201371; BILASPUR: AKASH STORES - 9826825901; KAPOOR CHAND & SONS - 9685005500; KOHLI STORE - 9981273636; CHANDRAPUR: HASAN ELECTRICALS - 9890733786; KORBA: PUSHPAK ELECTRONICS - 9425532295; NAGPUR: ASHRAY SALES - 9850371613; BAPAT SHOP - 9665555816; BHAGWATI ELECTRONICS - 7757076469; M/S PANDE GENERAL AGENCY - 9326080399; PALLAVI - 9595494212; ROOPAM TRADERS - 9657875139; SATHE METALWARES - 9823034477; TAORI MARKETING - 9604020200; RAIGARH: TULSI DIGITAL - 9692576629; RAIPUR: AMIT SALES - 9827143246; BALAJI KITCHEN MART - 9827900476; COOKER HOSPITAL - 7999205009; ISHA KITCHEN - 7389722515; SHREE AMIT SALES - 8818893000; SURESH BROTHER - 9827162529; SURANA SONS - 9424200057; UNIVERSAL SERVICES - 6263424296.

जनसुनवाई में पहुंचे अग्निकांड से प्रभावित दुकानदार, प्रशासन से लगाई न्याय की गुहार

छोले-भटूरे की डीजल भट्टी से आधा दर्जन दुकानें हुई खाक... संचालक पर एफआईआर की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

न्यू मार्केट के बालाजी छोले-भटूरे संचालक दीप अग्रवाल द्वारा अवैध तरीके से डीजल भट्टी का उपयोग करने की वजह से आसपास की दुकानों तक आग पहुंची है।

जनसुनवाई में पहुंचे दुकानदार स्वाति ताम्रकार, प्रकाश मीरचंदानी, सुनील मूलचंदानी और मनोज ताम्रकार की दुकान में रखा सामान जलकर खाक हो गया है। पीड़ितों का कहना है कि उनकी दुकानों में रखा करीब डेढ़ करोड़ का सामान आग में जलकर राख हुआ है। पीड़ितों ने छोल-भटूरे संचालक पर एफआईआर दर्ज कराने की मांग रखी है।

डेढ़ करोड़ रुपए का सामान आग में जलकर राख हुआ



अंडरब्रिज खुलवाने की कलेक्टर से की मांग

मेट्रो निर्माण को लेकर बाग उमराव दूल्हा अंडरपास को भी 63 दिनों के लिए बंद कर दिया गया है, जिसकी वजह से यहां रहने वाली करीब चार लाख आबादी को पांच किलोमीटर का फेरा लगाने जाना पड़ेगा। इसे खोलने की मांग लेकर रहवासी कलेक्टर जनसुनवाई में पहुंचे। कलेक्टर ने जांच सड़क सुरक्षा समिति को सौंपी है।

आटीई के छात्र को स्कूल बस में बैठाने से इंकार

राहुल नगर निवासी राजकुमार उइके ने शिकायत में बताया कि उनका बेटा देल्ही पब्लिक स्कूल में आरटीई के तहत तीसरी कक्षा का छात्र है। प्रबंधन ने अब आरटीई के बच्चों को स्कूल की बस सेवा देने से इंकार कर दिया है। उनका कहना है कि आरटीई के छात्रों को बस सेवा नहीं दी जाएगी। उइके का आरोप है कि वह बस की फीस का भुगतान अलग करते आ रहे हैं, बावजूद इसके प्रबंधन ने बस सेवा देने से मना कर दिया है। कलेक्टर ने मामले की जांच जिला शिक्षाधिकारी अभिनव आर्य को सौंपी है।

कांग्रेस नेता शुक्ला ने जनसुनवाई में की राहत की मांग

ऐशबाग अंडरब्रिज बंद होने से जनता परेशान

भोपाल स्थित ऐशबाग अंडरब्रिज को बंद किए जाने से क्षेत्र में उपजी गंभीर यातायात समस्याओं और आमजन की परेशानियों को लेकर मंगलवार को मनोज शुक्ला ने प्रभावित स्थानीय नागरिकों के साथ जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर जनसुनवाई में अपनी बात रखी। इस दौरान उन्होंने जिला प्रशासन से जनहित में तुरंत ठोस कदम उठाने और राहत प्रदान करने की मांग की। मनोज शुक्ला ने जनसुनवाई में अवगत कराया कि ऐशबाग अंडरब्रिज बंद होने के कारण स्थानीय रहवासियों, व्यापारियों, दैनिक यात्रियों और विशेष रूप से स्कूली बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



अंडरब्रिज बंद रहने से मुख्य मार्गों पर दिनभर लंबा ट्रैफिक जाम लगा रहता है, जिससे चंद मिनटों का सफर तय करने में घंटों का समय व्यर्थ हो रहा है। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा सुझाए गए वैकल्पिक मार्ग बेहद संकरे और जर्जर हालत में हैं। व्यस्त समय में स्कूल बसों और एंबुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाओं का फंसना बेहद चिंताजनक स्थिति पैदा कर रहा है।

लालघाटी से वीआईपी रोड तक जुलूस, सोशल मीडिया पर वायरल

बेखौफ बदमाश शाहिद इटारसी ने जेल से छूटते ही निकाला 100 से ज्यादा गाड़ियों का काफिला

रात करीब 10 बजे निकले जुलूस से लोग काफी देर हुए परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोहेफिजा में प्रॉपर्टी डीलर के घर में घुसकर फायरिंग करने वाले बेखौफ बदमाश शाहिद इटारसी उर्फ शाहिद अंसारी जेल से जमानत पर छूट गया है। केंद्रीय जेल के बाहर आते ही 100 से वाहनों में उसके समर्थक जुट गए। इसके बाद शाहिद को लेकर काफिला निकला। काफिला लालघाटी से वीआईपी रोड तक पहुंचा। रात करीब 10 बजे निकले इस जुलूस के कारण करीब आठ किलोमीटर के रास्ते पर यातायात प्रभावित हुआ है। आम वाहन चालक भीड़ में फंसे रहे।

इस दौरान बदमाश शाहिद इटारसी सनरूफ वाली गाड़ी से निकलकर लोगों का अभिवादन करता रहा। शाहिद इटारसी की गाड़ी के पीछे समर्थकों ने बाइक रैली निकाली। इस दौरान जुलूस के



वीडियो बनाए गए, जिन्हें सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया है। सोशल मीडिया अपलोड वीडियो से देखा जा सकता है कि उसके चाहने वाले किसी नेता के चाहने वालों से कम नहीं है। समर्थकों के बीच शाहिद की जेल से रिहाई किसी बड़े त्यौहार से कम नहीं था। जहां काफिला रुका वहां शाहिद इटारसी को रोककर समर्थकों ने गले लगाया और बधाई दी। सड़क पर वाहनों की बड़ी संख्या के चलते दूसरे वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ी।

प्रॉपर्टी डीलर को घर में घुसकर मारी थी गोली

शाहिद अंसारी पर वर्ष 2024 में कोहेफिजा थाना क्षेत्र के करबला स्थित शालीमार अपार्टमेंट में प्रॉपर्टी डीलर शफी उर्फ हसन को गोली मारी थी। पुलिस ने इस मामले में शाहिद और उसके पांच साथियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया था। इसके बाद शाहिद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। वह तभी से जेल में बंद था। सोमवार को जमानत मिलने के बाद उसकी रिहाई हुई। समर्थक बड़ी संख्या में उसे लेने जेल पहुंचे और वाहनों के साथ काफिला निकालकर स्वागत किया।

जनसुनवाई में सुशासन की अनूठी मिसाल

दिव्यांग की परेशानी सुनने कुर्सी छोड़ जमीन पर बैठे निगमायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

नगर निगम मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार का मानवीय अंदाज देखने को मिला। अपनी समस्या लेकर पहुंचे एक दिव्यांग आवेदक की बात सुनने के लिए निगमायुक्त अपनी कुर्सी छोड़कर जमीन पर बैठ गए। उन्होंने आत्मीयता से आवेदक की परेशानी सुनी और संबंधित अधिकारियों को समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। निगमायुक्त की इस मानवीय पहल ने वहां मौजूद सभी लोगों का दिल जीत लिया और सुशासन का एक बेहतरीन उदाहरण पेश किया।



अधिकारियों को दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

जनसुनवाई में कुल 42 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें अतिक्रमण, राजस्व, स्वास्थ्य, कॉलोनी सेल और जल विभाग से संबंधित शिकायतें शामिल थीं। निगमायुक्त ने सभी आवेदनों को संबंधित विभागों को भेजकर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

आरपीएफ आईजी राजीव यादव को मिला मेडल फॉर मेरिटोरियस सर्विस

भोपाल। पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल के रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के महानिरीक्षक-सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त राजीव कुमार यादव को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए मेडल फॉर मेरिटोरियस सर्विस (एमएसएम) से सम्मानित किया गया है। रेलवे सुरक्षा बल स्थापना दिवस के अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में आयोजित समारोह में यह सम्मान प्रदान किया गया। रेलवे सुरक्षा बल की महानिदेशक सोनाली मिश्रा ने उन्हें यह पदक दिया। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में निभाई अहम भूमिका राजीव कुमार यादव ने वर्ष 1998 में रेलवे सुरक्षा बल में सेवाएं शुरू की थीं। अपने सेवाकाल में उन्होंने कई महत्वपूर्ण और संवेदनशील पदों पर कार्य किया।

एक रजिस्ट्री में लगा आधे घंटे से अधिक का समय

सर्वर ने अटकाई स्वामित्व योजना की रजिस्ट्री, दिनभर में हुई 136 रजिस्ट्रियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में सर्वर की धीमी रफ्तार ने स्वामित्व योजना के साथ सामान्य प्रॉपर्टी रजिस्ट्रियों की प्रक्रिया भी प्रभावित कर दी है। स्वामित्व योजना के तहत जिले में करीब 46 हजार प्लाटों की रजिस्ट्री की जानी है, लेकिन प्रतिदिन एक हजार रजिस्ट्रियों के लक्ष्य के मुकाबले महज 25 से 30 रजिस्ट्रियां ही हो पा रही हैं।

सोमवार से शुरू हुई प्रक्रिया में एसडीएम, तहसीलदार और पटवारी जुटे हैं, लेकिन सर्वर की समस्या के कारण एक रजिस्ट्री में आधे घंटे से अधिक समय लग रहा है। कोलार, बैरसिया और हुजूर तहसीलों की 432 ग्राम पंचायतों में रजिस्ट्री का काम किया जा रहा है।

सामान्य रजिस्ट्री भी प्रभावित 470 दस्तावेज पंजीकृत

इधर, नवरात्र के शुभ मुहूर्त में प्लाट मकानों की रजिस्ट्री कराने पहुंच रहे लोगों को इंतजार करना पड़ रहा है। आईएसबीटी और परी बाजार स्थित पंजीयन कार्यालयों में दूसरे दिन केवल 470 रजिस्ट्रियां दर्ज हुईं, जिनसे विभाग को करीब 38 करोड़ का राजस्व मिला। अफसरों के अनुसार, स्वामित्व योजना, सामान्य रजिस्ट्रियों का काम एक साथ चलने से सर्वर पर दबाव बढ़ा है। सर्वर सुचारु रहे तो हर दिन करीब 600 सामान्य रजिस्ट्रियां हो सकती हैं।

कांग्रेस ने शपथ-पत्र के साथ दर्ज कराई शिकायत

लोकायुक्त ने 108 एम्बुलेंस घोटाले की शिकायत पर विभाग से मांगा प्रतिवेदन

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित 108 एम्बुलेंस एवं 108 जननी एक्सप्रेस सेवाओं में कथित भ्रष्टाचार, वित्तीय अनियमितताओं और अनुबंध की शर्तों के उल्लंघन का मामला अब लोकायुक्त कार्यालय तक पहुंच गया है। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक एवं आरटीआई विभाग के प्रदेश अध्यक्ष पुनीत टंडन द्वारा 108 एम्बुलेंस के संचालन में कथित भ्रष्टाचार को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसके बाद टंडन ने शपथ-पत्र के साथ लोकायुक्त कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई। इस संबंध में लोकायुक्त कार्यालय द्वारा प्रमुख सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग तथा मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को पत्र जारी कर मामले में तथ्यात्मक प्रतिवेदन मांगा गया है। लोकायुक्त कार्यालय ने संबंधित विभागों से 25 नवंबर 2026 तक प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है।

- नायक और टंडन ने पीसी में उठाए सवाल

नहीं होना चाहिए जवाबदेही से कोई समझौता

नायक और टंडन ने कहा कि कि 108 एम्बुलेंस सेवा किसी ठेकेदार का केवल व्यावसायिक प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि आम नागरिकों के जीवन और स्वास्थ्य से जुड़ी अत्यंत महत्वपूर्ण आपातकालीन सेवा है। इस सेवा के संचालन में पारदर्शिता, मरीजों की सुरक्षा और सार्वजनिक धन की जवाबदेही से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। कांग्रेस द्वारा उठाए गए सवालों और लोकायुक्त कार्यालय में दर्ज शिकायत के बाद अब संबंधित विभागों की जिम्मेदारी है कि वे दस्तावेजों के आधार पर स्थिति स्पष्ट करें।



हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

9 फॉर्म-6 जमा करने के बाद अलग से घोषणा-पत्र...



12 जब लोक को पता न चले कि किसी का शासन है...



न्यू मार्केट में आग बुझाने के लिए अब रोजाना होगी फायर मॉकड्रिल, रेहड़ी वाले होंगे हाट बाजार में शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

न्यू मार्केट में आग की बड़ी घटना के बाद नगर निगम ने सुरक्षा व्यवस्था सुधारने के लिए कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। बाजार में दुकानों के सामने लगने वाली रेहड़ियां और हॉकर्स अब टीटी नगर स्टेडियम के पास हाट बाजार में शिफ्ट किए जाएंगे।

इसके साथ ही आग से बचाव की तैयारियों को परखने के लिए हर दिन फायर मॉकड्रिल होगी। दुकानों के सामने पीली लाइन की दोबारा मार्किंग कराई जाएगी, ताकि फुटपाथ और आने-जाने के रास्ते खाली रखे जा सकें। इन व्यवस्थाओं को लेकर मंगलवार को नगर निगम अधिकारियों और न्यू मार्केट व्यापारी संघ के पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें बाजार में भीड़ और आग लगने जैसी घटनाओं के दौरान रास्ते खुले रखने पर जोर दिया गया। बैठक में तय किया गया कि न्यू मार्केट के नो-व्हीकल जोन में रेहड़ी लगाकर कारोबार करने वाले हॉकर्स को टीटी नगर स्टेडियम के पास हाट बाजार में स्थायी रूप से विस्थापित किया जाएगा। इससे बाजार के भीतर आवागमन के लिए जगह खाली रखने में मदद मिलेगी।

नगर निगम अधिकारियों और न्यू मार्केट व्यापारी संघ के पदाधिकारियों की हुई बैठक, दुकानों के सामने होगी पीली लाइन की मार्किंग

हाइड्रेंट दुरुस्त करने से लेकर बिजली ऑडिट तक के निर्देश

आवागमन के लिए फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त रखेंगे



फाइल फोटो

रोजाना होगी आग बुझाने की तैयारी की जांच

बैठक में तय किया गया कि अग्निशमन वाहन के जरिए प्रतिदिन फायर मॉकड्रिल की जाएगी। इसका उद्देश्य आग लगने की स्थिति में दमकल की तैयारी और कार्रवाई को परखना है। दुकानों के सामने पीली लाइन की दोबारा मार्किंग होगी, ताकि व्यापारी तय सीमा के बाहर सामान नहीं रखें और फुटपाथ पर लोगों की आवाजाही बाधित न हो।

हाइड्रेंट व्यवस्था दुरुस्त करने पर जोर

बाजार में आग बुझाने के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 45 और 36 चबूतरे स्थित दुकानों में लगे हाइड्रेंट की देखरेख बेहतर ढंग से करने पर सहमति बनी। इसके अलावा जनभागीदारी से पूरे न्यू मार्केट क्षेत्र में फायर हाइड्रेंट सिस्टम स्थापित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में व्यापारियों को विद्युत ऑडिट अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश भी दिए गए। नगर निगम की ओर से उपायुक्त भुवन गुप्ता, फायर ऑफिसर सौरभ पटेल और प्रभारी अतिक्रमण अधिकारी शैलेंद्र सिंह भदौरिया मौजूद रहे। व्यापारी संघ के अध्यक्ष सतीश गंगराडे और सचिव अजय दवानी सहित अन्य पदाधिकारी भी शामिल हुए।

पंडालों और गरबा स्थलों पर आगजनी से निपटने की व्यवस्था पर सवाल, सार्वजनिक परिवहन में स्टाफ को नहीं दिया आग बुझाने का प्रशिक्षण

हर 3 किमी पर रिफिलिंग पॉइंट का दावा, पानी और इंतजाम नाकाफी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

त्योहारों में आग लग जाए और दमकल का पानी बीच में ही खत्म हो जाए, तो दोबारा पानी भरने के लिए गाड़ी कहां जाएगी और कितनी देर में लौटेगी। इसका पता नहीं है। दुर्गा पंडालों और गरबा स्थलों पर आग से बचाव की तैयारियों के बीच यह बड़ा सवाल है।

निगम का अग्निशमन विभाग शहर में हर तीन किमी पर पानी केंद्र होने का दावा कर रहा है, लेकिन केंद्रों पर पर्याप्त पानी है या नहीं, सभी केंद्र चालू हैं या नहीं और दमकल को दोबारा भरने में कितना समय लगता है, इसकी हकीकत दावों से उलट नजर आ रही है।

सभी केंद्र शुरू होने और पानी की पर्याप्त उपलब्धता की जानकारी नहीं | कई फायर स्टेशन बंद पड़े हुए हैं, जिसकी जांच भी नही कराई गई


कर्बला पंप हाउस।

सात फायर स्टेशनों पर व्यवस्था लेकिन तैयारियां आधी-अधूरी

शहर के माता मंदिर, फतेहगढ़, गोविंदपुरा, बैरागढ़, बोगदा पुल, आईएसबीटी और कोलार स्थित फायर स्टेशनों पर दमकल वाहनों में पानी भरने की व्यवस्था बताई गई है। इसके अलावा जल कार्य विभाग के पंपिंग स्टेशनों और हाइड्रेंट पॉइंट्स का भी इस्तेमाल करने का दावा है। लेकिन केवल केंद्रों की संख्या गिनाने से व्यवस्था की पूरी तस्वीर साफ नहीं होती। असली सवाल यह है कि आग लगने के समय इन केंद्रों से तत्काल पानी मिल पाएगा या नहीं।

पानी खत्म हुआ तो हो सकता है आगजनी से जान-माल का नुकसान

आग बुझाने के दौरान दमकल के टैंकर का पानी खत्म होना और दोबारा भरने में देरी होना बड़ी समस्या बन सकता है। खासकर दुर्गा पंडालों और गरबा स्थलों पर आग लगने की स्थिति में शुरुआती कुछ मिनट बेहद अहम होते हैं। ऐसे में दमकल को पानी भरने के लिए दूर जाना पड़े या केंद्र पर इंतजार करना पड़े, तो आग फैलने का खतरा बढ़ सकता है। विभाग की ओर से रिफिलिंग केंद्रों के बीच दूरी कम होने का दावा किया जा रहा है। हालांकि कई फायर स्टेशनों बंद पड़े हुए है जिसकी जांच भी नही कराई जाती है परेशानी तब होती है दमकल एक स्टेशन दुसरे तक पड़ता है कभी कभी पहले से दमकल में रिफिलिंग होती रहती जिससे और समय लग जाता है। निगम फायर सेफ्टी अधिकारी सौरभ पटेल का कहना है कि सुरक्षा को लेकर हमारी पूरी तैयारी है किसी तरह की कोई चुक नही हो सकती है।

ई-बसों में ड्राइवर-कंडक्टर को नहीं है अग्निशमन यंत्रों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल की सड़कों पर दौड़ रही पीएम ई-बस सेवा और सुगम परिवहन सेवा की नई इलेक्ट्रिक बसों में आग से बचाव के लिए आधुनिक सुरक्षा इंतजाम किए जाने की बात कही जा रही है। बसों में फायर अलार्म और डिटेक्शन सिस्टम जैसी तकनीक मौजूद है, जो बैटरी या अन्य हिस्सों में असामान्य तापमान बढ़ने और धुआं उठने पर अलर्ट दे सकती है। लेकिन अगर चलते रास्ते में बस में आग लग जाए, तो यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालने और आग पर शुरुआती काबू पाने के लिए चालक और कंडक्टर को अग्निशमन यंत्रों को चलाने का प्रशिक्षण या जानकारी नहीं मिली है।

ई-बसों में बैटरी से जुड़ी आग का जोखिम देखते हुए केवल आधुनिक उपकरण लगा देना पर्याप्त नहीं है। इनका सही इस्तेमाल करना भी जरूरी है।


ग्लास तोड़ने का यंत्र

ई-बसों में उपकरण हाईटेक, अलार्म बजने पर मिलेगी आग लगने की सूचना



बसों में फायर अलार्म सिस्टम का उद्देश्य आग या धुएं के शुरुआती संकेत मिलने पर ड्राइवर और यात्रियों को सतर्क करना है। लेकिन अलार्म बजने के बाद क्या करना है, किस स्थिति में अग्निशमन यंत्र का इस्तेमाल करना है और कब यात्रियों को तुरंत बस से बाहर निकालना है, इसकी जानकारी अधिकांश ड्राइवर और कर्मचारियों को नहीं है। खासकर बैटरी में आग लगने की स्थिति में सामान्य आग से अलग सावधानियों की जरूरत पड़ सकती है।

ई-बसों के कंडक्टर को अब तक नहीं मिली वर्दी, कई अग्निशमन यंत्र चलाना नहीं जानते

बसों में तैनात कर्मचारियों की व्यवस्थाओं को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, कंडक्टरों को अभी तक वर्दी नहीं दी गई है। ऐसे में कर्मचारियों की बुनियादी व्यवस्थाओं के बीच यह सवाल महत्वपूर्ण हो जाता है कि क्या उन्हें अग्निशमन यंत्र चलाने और आपात स्थिति से निपटने का प्रशिक्षण दिया गया है।


ड्राइवर की सीट के नीचे रखा अग्निशमन यंत्र।

यात्रियों की सुरक्षा जरूरी

नई इलेक्ट्रिक बसों में सुरक्षा तकनीक के साथ कर्मचारियों की तैयारी भी महत्वपूर्ण है। एजेंसी को बताना चाहिए कि कितने चालकों, कंडक्टरों को फायर सेफ्टी की ट्रेनिंग दी है। प्रशिक्षण कब हुआ, क्या मॉक ड्रिल कराई गई और अग्निशमन उपकरणों की नियमित जांच कैसे होती है।

जिला पंचायत में शिक्षा समिति की बैठक में सदस्य ने उठाया मुद्दा

बगरोदा में प्राचार्य ने सरकारी स्कूल के टॉयलेट पर जड़ा ताला, 12 साल से जमे हुए हैं वार्डन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बगरोदा के हाई स्कूल के टॉयलेट में प्राचार्य लड़कियों के टॉयलेट में ताला लगाते हैं। जिससे छात्राएं टॉयलेट जाने के लिए परेशान होती हैं। कई घंटे तक बाथरूम नहीं जा पाती हैं। स्कूल के शौचालय बहुत गंदे हैं। शौचालय में लगा ताला खुलवाया जाए और दोषी पर कार्रवाई की जाए।

यह बात मंगलवार को जिला पंचायत की शिक्षा समिति की बैठक में चंद्रेश राजपूत ने कही। बैठक में नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालक छात्रावास हताई खेड़ा आनंद नगर के सहायक वार्डन दिनेश वंशकार और कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास बैरसिया में पदस्थ सहायक वार्डन फरहत यासमीन का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि दोनों



बैठक में मुद्दों पर चर्चा करते जनप्रतिनिधि व अधिकारी।

12 सालों से जमे हुए हैं। इनका व्यवहार छात्र-छात्राओं के प्रति ठीक नहीं है। दोनों को हटाया जाए और उनकी जांच की जाए। इस दौरान उन्होंने एक शिक्षक और ठेकेदार के बीच बातचीत का ऑडियो भी अधिकारी और जनशिक्षकों को सुनाया। इसके बाद डीईओ आर्य ने शिक्षक पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

ईंटखेड़ी के प्राचार्य को हटाने का प्रस्ताव

जिपं उपाध्यक्ष मोहन जाट ने ईंट खेड़ी स्कूल के प्राचार्य को हटाने का प्रस्ताव भी रखा। डीईओ ने बैठक में उपस्थित बीआरसी, जन शिक्षक और अधिकारी शिक्षकों को निर्देश दिए कि स्कूलों में समय पर जाएं छात्र-छात्राओं को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएं।

बेचैनी होने पर दवा खाई, हार्ट अटैक की आशंका

दुकान में कुर्सी पर बैठे प्रॉपर्टी डीलर की अचानक हुई मृत्यु

हनुमानगंज स्थित लक्ष्मी टाकीज के पास का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हनुमानगंज थाना क्षेत्र स्थित लक्ष्मी टाकीज के पास सोमवार रात एक प्रॉपर्टी डीलर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह कुर्सी पर बैठा था। अचानक बेचैनी होने के बाद उसने दवाई खाई और कुर्सी पर बैठे बैठे गिर गया। दुकान में मौजूद अन्य लोग उसे उठाकर अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। अनुमान है कि प्रॉपर्टी डीलर की हार्ट अटैक से मौत हुई है।

पुलिस के अनुसार 38 साल के शैलेंद्र मालवीय मंगलवारा इलाके में रहते हैं और प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते हैं। सोमवार को वह अशोका गार्डन वाले निर्माणाधीन मकान पर पहुंचे थे। लौटते समय मंडी इलाके में पुलिस चौकी के पास अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। शैलेंद्र की नाक से खून आने लगा। घबराहट होने लगी। उसने दोस्त से गाड़ी साइड में लगाने को कहा। दोस्त ने उसे पानी पिलाया। बेहतर महसूस होने पर शैलेंद्र ने दोस्त से लक्ष्मी टॉकीज स्थित रिश्तेदार की कपड़े की दुकान पर चलने को कहा। दुकान में पहुंचकर शैलेंद्र कुर्सी पर बैठ गया। दोस्त को पर्चा देकर दवा मंगाई। टैबलेट मुंह में रखकर बोतल से पानी पीया। फिर तड़पने लगा। करीब 20 सेकेंड बाद वह कुर्सी से नीचे गिर पड़ा। घटनाक्रम इतना तेजी से हुआ कि करीब डेढ़ मिनट के भीतर उसकी मौत हो गई।

मुख्य सचिव ने वीसी से ली बैठक, कलेक्टर ने दी जानकारी

पंद्रह दिन में तैयार होगी शत्रु संपत्तियों की लिस्ट, बाजार रेट का होगा मूल्यांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

खानूगांव की रियाज मंजिल को कब्जे में लेने की कार्रवाई के दौरान भोपाल में शत्रु संपत्तियों की जब्ती को लेकर कार्रवाई तेज कर दी गई है, हालांकि भोपाल की शत्रु संपत्तियों की फाइनल लिस्ट बनकर अब तक तैयार नहीं की गई है।

मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल ने मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंस से शत्रु संपत्तियों वाले जिलों के कलेक्टर्स से बातचीत की। मुख्य सचिव ने 31 अक्टूबर तक प्रॉपर्टी की फाइनल लिस्ट और उनके बाजार रेट का मूल्यांकन करने की हिदायत कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को दी है। सीएस ने भोपाल के साथ बैतूल, डिंडोरी, जबलपुर, कटनी, मंडला, रतलाम, सतना, सीहोर और सिवनी जिले से भी शत्रु संपत्तियों का रिकॉर्ड तलब किया है। सीएस ने कहा कि शत्रु संपत्तियों को चिन्हित करने के बाद उस प्रॉपर्टी पर काबिज लोगों की जानकारी भी पेश की जाए। प्रॉपर्टी की वर्तमान स्थित और उसकी बाजार कीमत भी आंकी जाए, जिससे प्रॉपर्टी की सही स्थिति सामने आएगी।



सीएस वर्णवाल को बैठक में जानकारी देते कलेक्टर मिश्रा।

शत्रु संपत्तियों की होगी नीलामी

सीएस वर्णवाल ने कहा कि अगली बैठक में रिकार्ड की समीक्षा कर नीलामी की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। ऐसे में इन प्रॉपर्टी की कलेक्टर गाइडलाइन से भी वैल्यू निकाली जाएगी। हालांकि भोपाल में रियाज मंजिल को शत्रु संपत्ति घोषित किया गया है। जिसका सर्टिफिकेट भी सामने आया है। इधर यहां पर काबिज लोगों ने जबलपुर हाईकोर्ट से स्टे ले लिया है। प्रॉपर्टी के मालिकाना हक को लेकर बैरागढ़ एसडीएम रवीश श्रीवास्तव के कोर्ट में सुनवाई भी चल रही है। बैठक में शत्रु संपत्तियों के डिजिटलीकरण, ई-मैपिंग और रिमोट सेंसिंग से संबंधित जानकारी तैयार करने के निर्देश दिए गए। जमीन पर अतिक्रमण की स्थिति, विवाद और नीलामी की संभावनाओं का विवरण जुटाया जाएगा।

ट्रेन चलने पर उतरने की कोशिश में बिगड़ा संतुलन, जवान से दिखाई सूझबूझ व साहस

बेटी को टॉयलेट कराने दोबारा ट्रेन में चढ़ी थी महिला

चलती ट्रेन से उतरते वक्त मां-बेटी प्लेटफॉर्म और गाड़ी के बीच फंसीं, आरपीएफ जवान ने खींचकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी भोपाल में एक बार फिर से आरपीएफ जवान की तत्परता से रेलवे स्टेशन पर मां-बेटी की जान बच गई। दरअसल, भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म एक पर चलती ट्रेन से उतरने की कोशिश में मां-बेटी ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच फंस गईं।


मदसूदन यादव

इसी दौरान ड्यूटी पर तैनात रेलवे सुरक्षा बल के आरक्षक मदसूदन यादव की नजर उन पर पड़ गई। उन्होंने बिना देर किए तत्परता दिखाते हुए दोनों को खींचकर सुरक्षित बाहर निकाल लिया। जवान की मुस्तैदी से मां-बेटी की जान बच गई। रेलवे अधिकारियों के अनुसार महिला व उसकी बेटी धीमी रफ्तार से चल रही ट्रेन से उतरने की कोशिश कर रही थी। इसी दौरान पहले मां का फिर बेटी का संतुलन बिगड़ गया। इसके बाद दोनों ट्रेन के नीचे गिरने ही वाली थी, तभी वहां मौजूद आरपीएफ के जवान की तत्परता से उसे पकड़ कर ट्रेन के नीचे जाने से बचा लिया। आरपीएफ जवान ने सजगता दिखाते हुए अपने कर्तव्य का निर्वहन किया। घटना के बाद सुबह 7:45 बजे ट्रेन अपने गंतव्य के लिए रवाना हुई।

सुबह करीब 7:35 बजे शान-ए-भोपाल एक्सप्रेस भोपाल रेलवे स्टेशन से रवाना हो रही थी

पहली बार ऐसी घटना, जिसमें दो यात्री एक साथ हादसे के शिकार होने से बचे


ट्रेन से गिरने के दौरान मां-बेटी को बचाता जवान।

जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह करीब 7:35 बजे ट्रेन नंबर 12156 शान-ए-भोपाल एक्सप्रेस भोपाल स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-1 से रवाना हो रही थी। इसी दौरान आरक्षक मदसूदन यादव प्लेटफॉर्म नंबर-1 से 3 तक बीट ए-3 और ए-5 पर ड्यूटी करते हुए ट्रेन पास करा रहे थे। इसी दौरान उन्होंने देखा कि ट्रेन के पीछे की ओर लगे जनरल कोच के गेट से उतरने की कोशिश कर रही दो महिला यात्री ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच फंसती जा रही थी। उल्लेखनीय है कि इस तरह की घटना पहली बार भोपाल स्टेशन पर देखने को मिली है। जिसमें की एक साथ दो लोग ऐसे हादसे के शिकार होने बचे।

बेटी ट्रेन के बाथरूम से लौटी तब तक चल पड़ी ट्रेन

पूछताछ में महिला यात्री ने बताया कि वह अपनी 15 वर्षीय बेटी के साथ हजरत निजामुद्दीन से भोपाल आई थीं। हम लोग पहले ही ट्रेन से उतर चुकी थीं और अपना सामान भी नीचे उतार लिया था। इसी दौरान बेटी को टॉयलेट कराने के लिए वे दोबारा ट्रेन में चढ़ गईं। बेटी के लौटने तक ट्रेन चलने लगी। इसके बाद दोनों ने उतरने की कोशिश की, लेकिन संतुलन बिगड़ने से वे ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच फंस गईं। हादसे में मां-बेटी को मामूली चोटें आईं। दोनों ने प्राथमिक उपचार लेने से इनकार कर दिया। बाद में उन्हें सुरक्षित स्टेशन परिसर से बाहर भेज दिया गया।

एनजीटी के निर्देश पर कार्रवाई

आज केरवा डैम के एफटीएल का होगा सर्वे और ग्राउंड ट्रूथिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की सेंट्रल जोनल बेंच द्वारा बीते 30 सितंबर को जारी आदेश के अनुसार शहर के जलस्रोतों में शामिल केरवा डैम के एफटीएल मामले में बुधवार को केरवा डैम का सर्वे और एफटीएल का निरीक्षण किया जाएगा।

इस दौरान केरवा डैम पर सर्वे एवं ग्राउंड ट्रूथिंग (स्थल पर वास्तविक स्थिति का भौतिक सत्यापन) की कार्यवाही होगी। इस कार्रवाई के दौरान संबंधित समिति के सदस्यों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में केरवा डैम की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण किया जाना है। बुधवार को किए जाने वाले सर्वे के माध्यम से डैम की सीमाओं, पूर्व में लगाए गए सीमा-चिह्नों की वर्तमान स्थिति तथा संबंधित स्थलों की भौतिक स्थिति का सत्यापन किया जाना है। सर्वे और निरीक्षण टीम के एक सदस्य के अनुसार इस कार्रवाई का उद्देश्य एनजीटी के आदेश के अनुपालन में जलाशय की स्थिति का वास्तविक आकलन करना तथा सर्वे के माध्यम से प्राप्त तथ्यों को अभिलेखबद्ध करना है।

डैम के एफटीएल के सर्वे और निरीक्षण के बाद यह रिपोर्ट एनजीटी में लगी याचिका की सुनवाई के दौरान बेंच के समक्ष पेश की जाएगी। यहां ध्यान रहे कि बेंच ने पिछली सुनवाई में समिति को मौके का निरीक्षण कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं।

जैकेट का शेष....

सुखबीर सिंह सीएम ...

एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक ऐसी सरकार है जो लोकतंत्र को उसकी जड़ों तक मजबूत कर रही है, और दूसरी तरफ एक ऐसा वर्ग है जो लोकतंत्र के नाम पर अराजकता को अपना हथियार बना रहा है। इसलिए आज लोकतंत्र के नाम पर अराजकता फैलाने की साजिश को समझने का वक्त है। क्या यही लोकतंत्र है? लोकतंत्र का पहला अर्थ है - संवैधानिक संस्थाओं का सम्मान। पर आज क्या हो रहा है? विपक्ष द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की जा रही है। सवाल पूछा जाना चाहिए - क्यों? क्या इसलिए कि चुनाव आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का फैसला लिया है? लोकतंत्र का अर्थ केवल चुनाव जीतना या हारना नहीं है। लोकतंत्र का अर्थ है - जनता के जनादेश का सम्मान। 2014 में और फिर 2019 और 2024 में इस देश की जनता ने स्पष्ट जनादेश दिया। जनता ने कहा कि हमें स्थिरता चाहिए, विकास चाहिए, सुशासन चाहिए। मोदी सरकार ने इसी जनादेश को अपना धर्म माना। क्या लोकतंत्र यह है कि अनुच्छेद 370 जैसे 70 साल पुराने नासूर को संसद में बहस के बाद लोकतांत्रिक तरीके से हटाया जाए? मोदी सरकार ने लोकतंत्र को पांच सितारा होटलों के सेमिनार से निकालकर गांव की चौपाल तक पहुंचाया है। यह लोकतंत्र है कि आज संसद में हर बिल पर खुली बहस होती है। वोटिंग होती है। यह लोकतंत्र है कि आज कैबिनेट के फैसले किसी एक परिवार के ड्राइंग रूम में नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया से होते हैं। जो लोग आज लोकतंत्र खतरे में है, का शोर मचा रहे हैं, उन्हें याद करना चाहिए कि लोकतंत्र खतरे में तब था, जब 1975 में आपातकाल लगाकर पूरे विपक्ष को जेल में डाल दिया गया था। लोकतंत्र खतरे में तब था जब प्रेस पर सेंसरशिप थी। आज लोकतंत्र खतरे में नहीं है, बल्कि आज लोकतंत्र सबसे ज्यादा सुरक्षित हाथों में है। ऐसा इसलिए क्योंकि आज प्रधानमंत्री खुद संसद में घंटों खड़े होकर विपक्ष के हर सवाल का जवाब देते हैं। यही तो लोकतंत्र है। मतदाता सूची का शुद्धिकरण तो लोकतंत्र की सबसे पहली शर्त है। फर्जी मतदाता हटें।

बांग्लादेशी घुसपैठियों के नाम कटें। एक व्यक्ति का नाम दो जगह से मिटे। यह तो हर लोकतंत्र-प्रेमी चाहेगा। पर जब चुनाव आयोग यही काम करने चलता है, तो उसी पर हमला बोला जाता है। ज्ञानेश कुमार जैसे



अधिकारी पर इस्तीफे का दबाव बनाया जाता है। क्या यही लोकतंत्र है? यह लोकतंत्र नहीं। यह चुनाव आयोग को डराने की कोशिश है। मोदी सरकार ने हमेशा चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं को स्वतंत्र रखा है। 2014 के बाद से चुनाव आयोग ने जैसे-जैसे पारदर्शिता बढ़ाई, वैसे-वैसे चुनाव और ज्यादा निष्पक्ष हुए। या यह अराजकता है? इसका जवाब दिल्ली की सड़कों पर दिखा। गहन पुलिस प्रबंधन के बावजूद...! पूरी तैयारी के बावजूद...! प्रदर्शनकारियों द्वारा पथराव किया गया। इसमें 6 से अधिक पुलिस अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गए। जो पुलिसकर्मी दिन-रात जनता की सुरक्षा में लगे हैं, उन पर पत्थर फेंकना क्या लोकतांत्रिक विरोध है? यह सीधी अराजकता है। दिल्ली पुलिस ने कानून के दायरे में रहकर 7 हजार से अधिक प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। इनमें दीपके समेत विपक्षी दलों से जुड़े चार पूर्व मुख्यमंत्री भी शामिल हैं। सोचिए, चार पूर्व मुख्यमंत्री अगर सड़क पर अराजकता फैलाएंगे तो आम कार्यकर्ता क्या करेगा? यह आंकड़ा ही बताता है कि यह कोई स्वतः स्फूर्त जन-आंदोलन नहीं था। यह प्रायोजित अराजकता थी। या यह लोकतंत्र के नाम पर अराजकता है? यह सबसे खतरनाक स्थिति है। लोकतंत्र के नाम पर अराजकता फैलाना। दिल्ली के अलावा इसका प्रभाव अन्य शहरों में भी देखा गया। पटना, कोलकाता, लखनऊ, हैदराबाद में भी सांकेतिक जाम और प्रदर्शन की कोशिश हुई। मकसद एक ही था - जनजीवन को बाधित करो, ताकि सरकार पर दबाव बने। मूल मुद्दा क्या है? चुनाव आयोग या कुछ और? असली मुद्दा न तो ज्ञानेश कुमार हैं, न ही मतदाता सूची।

असली मुद्दा है - मोदी सरकार के सुशासन से ध्यान भटकाना। विपक्ष जानता है कि वह नरेंद्र मोदी का मुकाबला विकास के मुद्दे पर नहीं कर सकता। इसलिए वह हर चुनाव सुधार को विवादित बनाता है। मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण से किसे डर लग रहा है? उसी को जिसे फर्जी वोटों के सहारे जीतने की आदत है। मोदी सरकार का मंत्र साफ है - एक राष्ट्र, एक चुनाव सूची, शुद्ध चुनाव सूची। लोकतंत्र में अंतिम फैसला सड़क पर नहीं, संसद में होता है। दिल्ली में आंदोलन के बावजूद आम चुनावों में भाजपा जीती। यह सबसे बड़ा जवाब है। दिल्ली की जनता ने सड़क की अराजकता को नकार दिया। नंदीग्राम में भी भाजपा जीती। एक ऐसा क्षेत्र जहां 70 प्रतिशत से भी ज्यादा अल्पसंख्यक मतदाता हैं, वहां भी भाजपा 70 हजार से अधिक मतों से जीती। यह बताता है कि अल्पसंख्यक भी अब अराजकता की राजनीति से ऊब चुके हैं और मोदी के विकास वाले लोकतंत्र पर भरोसा कर रहे हैं। पांडिचेरी में भी एनडीए जीती। यह जीत दक्षिण में भी लोकतंत्र की जीत है। तात्पर्य बिल्कुल साफ है। भारतीय लोकतंत्र ने अराजकता की प्यास को बुझा दिया है। जनता ने बता दिया है कि वह पथराव वाली राजनीति नहीं चाहती। वह विकास वाली राजनीति चाहती है।

अतः हमारा स्पष्ट सुझाव है कि किसी भी कीमत पर राजनीतिक टकराव के बीच जनजीवन बाधित होना किसी के हित में नहीं है। लोकतंत्र में टकराव होना चाहिए - विचारों का टकराव, नीतियों का टकराव, पर सड़क पर टकराव से आम आदमी को क्यों सजा मिले? स्कूल की बस रोकी जाए? एंबुलेंस फंसी रहे? दुकानदार का धंधा बंद हो? यह कौन सा लोकतंत्र है? देश संसद से चलेगा। सड़क से नहीं। यह बात विपक्ष को समझनी होगी। अगर आपको मतदाता सूची पर आपत्ति है तो चुनाव आयोग के पास जाइए। कोर्ट में जाइए।संसद में चर्चा कीजिए। पर सड़क पर पत्थर फेंककर आप लोकतंत्र को मजबूत नहीं, कमजोर कर रहे हैं।

(लेखक कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर के कुलपति हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

शारदीय नवरात्रि



श्रीमती सावित्री ठाकुर

मां दुर्गा की आराधना से नारी शक्ति का जागरण

भारतीय संस्कृति में शारदीय नवरात्रि शक्ति, श्रद्धा, साधना और आत्मशुद्धि का पावन पर्व है। मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना हमें जीवन में साहस, संयम, धैर्य, करुणा और आत्मविश्वास अपनाने की प्रेरणा देती है। ये नौ दिन केवल पूजा-अर्चना का अवसर नहीं, बल्कि स्वयं के भीतर की शक्ति को पहचानने और समाज के प्रति अपने दायित्वों का संकल्प लेने का समय भी हैं। नवरात्रि का प्रत्येक दिन एक विशेष संदेश लेकर आता है। मां शैलपुत्री दृढ़ संकल्प, मां ब्रह्मचारिणी तपस्या और अनुशासन, मां चंद्रघंटा साहस तथा मां कूष्मांडा सृजनशीलता की प्रेरणा देती हैं। मां स्कंदमाता वात्सल्य, मां कात्यायनी अन्याय के विरुद्ध संघर्ष, मां कालरात्रि निर्भयता, मां महागौरी पवित्रता और मां सिद्धिदात्री साधना की पूर्णता का संदेश देती हैं। व्रत, ध्यान, मंत्र-जप और सेवा के माध्यम से हम मन को एकाग्र कर सकते हैं तथा अपने जीवन में सकारात्मकता और अनुशासन ला सकते हैं। सच्ची साधना वही है, जो हमारे विचारों को शुद्ध करे, व्यवहार में संवेदनशीलता लाए और हमें दूसरों के कल्याण के लिए प्रेरित करे। नारी शक्ति का वास्तविक सम्मान केवल देवी की पूजा तक सीमित नहीं होना चाहिए।

यह हमारी जिम्मेदारी है कि प्रत्येक बेटी को शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और आगे बढ़ने के समान अवसर मिलें। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, उनके निर्णयों का सम्मान करने और भेदभाव से मुक्त वातावरण उपलब्ध कराने के प्रयास ही माँ की आराधना को वास्तविक अर्थ प्रदान करते हैं। जब एक



महिला शिक्षित और आत्मनिर्भर बनती है, तो उसका सकारात्मक प्रभाव पूरे परिवार और समाज पर पड़ता है। इसलिए महिला सशक्तीकरण केवल महिलाओं के विकास का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्र की प्रगति की आधारशिला है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के लिए सुरक्षित, स्वस्थ और अवसरों से परिपूर्ण वातावरण तैयार करना है। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण, बालिकाओं की शिक्षा, महिलाओं की सुरक्षा और आर्थिक आत्मनिर्भरता जैसे विषय हमारे सामूहिक प्रयासों की प्राथमिकता हैं।

महिला सशक्तीकरण को राष्ट्र के विकास का अभिन्न अंग बनाने के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अनेक महत्वपूर्ण पहल की गई हैं। सरकार की सोच महिलाओं के विकास तक सीमित न रहकर उन्हें विकास का नेतृत्वकर्ता बनाने की है। इसी दिशा में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023' ऐतिहासिक पहल है, जिसके माध्यम से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई अर्थात 33 प्रतिशत सीटों के आरक्षण का संवैधानिक प्रावधान किया गया। यह पहल देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और निर्णय-निर्माण में उनकी भूमिका सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। केंद्र सरकार ने महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक सशक्तीकरण के साथ उनकी सुरक्षा और स्वास्थ्य को भी प्राथमिकता दी है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच और उनकी शिक्षा को प्रोत्साहित करता है। मिशन शक्ति महिलाओं की सुरक्षा, सहायता और सशक्तीकरण पर केंद्रित है, जबकि मिशन सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 मातृ एवं बाल पोषण को मजबूती प्रदान करता है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना पात्र गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली महिलाओं को निर्धारित प्रावधानों के अंतर्गत आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

शारदीय नवरात्रि हमें सिखाती है कि शक्ति का वास्तविक अर्थ केवल सामर्थ्य नहीं, बल्कि उसका उपयोग सत्य, न्याय और लोककल्याण के लिए करना है। इस पावन अवसर पर हम सभी यह संकल्प लें कि बेटियों को आगे बढ़ने के अवसर देंगे, महिलाओं के योगदान का सम्मान करेंगे और जरूरतमंद बच्चों एवं महिलाओं की सहायता के लिए आगे आएंगे। मां दुर्गा से प्रार्थना है कि उनकी कृपा से प्रत्येक परिवार में सुख-शांति और समृद्धि आए, प्रत्येक महिला को आत्मसम्मान एवं आत्मनिर्भरता की शक्ति मिले और प्रत्येक बेटी अपने सपनों को साकार कर सके।

(लेखिका महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की केंद्रीय राज्य मंत्री हैं)

विपक्ष को कोसने से नहीं बनेगा विकसित मप्र, इसके लिए ठोस कदम ही उठाने होंगे

भयमुक्त समाज ही विकसित प्रदेश की पहचान



लक्ष्मण सिंह
पूर्व सांसद

पुलिस प्रणाली में राजनीतिक हस्तक्षेप कोई नई बात नहीं है। अगर बहुत ही आवश्यक हो तो बोलना चाहिए परंतु ऐसे अधिकांश नेता मैंने देखे हैं और आज भी हैं जो अधिकतर पुलिस विभाग में अनावश्यक हस्तक्षेप करते हैं। एक प्रथा जो अत्यंत प्रचलित हो चुकी है, वह है चंदा वसूली। सत्ता दल के लोग इसका भरपूर दुरुपयोग शासकीय तंत्र का करते हैं। कोई राजनीतिक रैली हो कोई धार्मिक आयोजन हो या नेताजी के घर में विवाह या अन्य कार्यक्रम हो चंदा वसूली एक प्रथा बन चुकी है। कांग्रेस शासन में भी होता था, परंतु अब तो सारी सीमाएं पार हो चुकी हैं। सबसे चौंकाने वाला तथ्य जो है वह यह है कि कई बार पुलिस द्वारा स्वयं अपराधियों को अपराध करने हेतु प्रोत्साहित किया जाता है। लोग इस बात पर विश्वास नहीं करेंगे, परंतु यह कटु सत्य है, और इसके पीछे राजनीतिक दल के नेता ही अधिकतर होते हैं। शासन में बैठे लोगों को यह बात संज्ञान में लेना चाहिए तभी हम भयमुक्त प्रशासन दे सकते हैं । यह सच्चाई भी किसी से छिपी नहीं है कि पुलिस थानों का व्यवसायीकरण हो चुका है। महिलाओं पर अत्याचार की संख्या भी बहुत बढ़ी है। आज महिलाएं निडर होकर रिपोर्ट लिखवाती हैं और शिक्षित भी ज्यादा हैं। पहले अशिक्षित थीं इसलिए रिपोर्ट नहीं लिखवाती थीं यह भी कारण हो सकता है। इसलिए यह आवश्यक है, कि महिला पुलिस बल में भर्ती बढ़ाई जाए और महिला थानों की संख्या में वृद्धि की जाए। समाज में दहेज प्रथा भी एक मुख्य कारण है, महिलाओं पर अत्याचार बढ़ने का। आजकल तो जो दहेज दिया जाता हैं, उसका वीडियो भी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के सामने बनता है। और यह लोग मौन खड़े होकर उसे ही राशि को निहारते रहते हैं। अपराध कम करने के लिए शासन को शस्त्र लाइसेंस देने की प्रक्रिया को भी सरल बनाना होगा। लाइसेंस लेने की प्रक्रिया जटिल है इसलिए अवैध हथियारों का धंधा फल-फूल रहा है इस पर अगर विराम लगाना है तो शस्त्र लाइसेंस की प्रक्रिया को तत्काल सरल बनाइए। ग्रामों में और शहरों में नागरिक सुरक्षा समिति पूर्व में बनाई गई थी और उन्हें शस्त्र लाइसेंस प्रदान भी किया जाता था जो अच्छा कार्य करते थे। उसे प्रक्रिया को पुनः प्रारंभ करना चाहिए। इससे नौजवानों को रोजगार भी मिलेगा क्योंकि शस्त्र लाइसेंस मिलने पर वह बाहर जाकर सुरक्षा गार्ड की नौकरी कर सकते हैं। अगर हम एक भयमुक्त विकसित, मध्य प्रदेश चाहते हैं तो केवल टीवी में प्रचार करने से अथवा मंचों से भाषण देने में या विपक्ष की बुराई करने से नहीं होगा। इसके लिए ठोस कदम उठाने होंगे जो जमीन पर आज नहीं दिख रहे हैं।

सटाका



आज की पाती

जरूरी है सुरक्षित घर

आपदा कभी चेतावनी देकर नहीं आती, लेकिन उससे होने वाले नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसके लिए जरूरी है कि हम आपदा आने के बाद राहत और बचाव की तैयारी करने के बजाय पहले से ही जोखिमों को पहचानें, सुरक्षित निर्माण को प्राथमिकता दें और प्रत्येक नागरिक को आपदा से निपटने के लिए तैयार करें। इसी उद्देश्य के साथ प्रत्येक वर्ष 13 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस मनाया जाता है। वर्ष 2026 में इस दिवस की थीम थी : लचीलापन घर से शुरू होता है। संयुक्त राष्ट्र आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्यालय द्वारा निर्धारित यह विषय इस बात पर जोर देता है कि आपदाओं से सुरक्षा की शुरुआत हमारे अपने घर, परिवार और आसपास के वातावरण से होती है।

- बिजेंद्र शर्मा, रोहतक

ट्रेंड

कांग्रेस महिला विरोधी



राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी का महिला-विरोधी चेहरा एक बार फिर देश के सामने है। एक विरोध प्रदर्शन की कवरेज के दौरान तीन महीने की गर्भवती महिला पत्रकार ऋचा पाराशर के साथ मारपीट और बदसलूकी की घटना बेहद निंदनीय है।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

बीजेपी वफादार नहीं



जिन्होंने भगवान का पैसा चुराया और खुद भगवान को भी धोखा दिया, वे भला उन डॉक्टरों को क्या बख्शेंगे जो इस धरती पर भगवान का रूप हैं, भले ही वे बीजेपी के सदस्य हों? बीजेपी पैसे के अलावा किसी के प्रति वफादार नहीं है।

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

बीजेपी को करारा जवाब



भदरोथ जिला पंचायत उपचुनाव में आम आदमी पार्टी की ऐतिहासिक जीत इस बात का सबूत है कि गुजरात के किसानों का भरोसा अब मजबूती से 'आप' के साथ जुड़ रहा है। किसानों को न्याय न देने वाली बीजेपी सरकार को करारा जवाब मिला है।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

चुनाव आयोग में गड़बड़ियां



चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है। यह एक स्वतंत्र संस्था है। हालांकि, इसे स्वतंत्र रूप से फैसले लेने नहीं दिया जा रहा है। चुनाव आयोग के दो सदस्यों ने खुलकर बताया है कि आयोग कैसे काम कर रहा है, उसमें किस तरह की गड़बड़ियां हो रही हैं।

- मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस

करंट अफेयर

स्टारलिंक उपग्रह स्टेशन में आगजनी, रूस जिम्मेदार

पोलैंड ने सितंबर में स्टारलिंक उपग्रह स्टेशन में आगजनी की घटना के लिए रूस को जिम्मेदार ठहराया है और स्टेशन को नुकसान पहुंचाने के संबंध में तुर्किये के दो नागरिकों को गिरफ्तार किया है।



प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी। पोलैंड के अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि संदिग्धों को जर्मनी में गिरफ्तार किया गया। पोलैंड के निजता संबंधी नियमों के कारण उनके नाम सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। आरोपियों पर 23 सितंबर को वारसॉ से करीब 40 किलोमीटर दक्षिण में स्थित वोला क्रोबोव्स्का में स्टारलिंक के बुनियादी ढांचे में जानबूझकर आग लगाने का आरोप है। खुफिया सेवाओं की निगरानी करने वाले पोलैंड के मंत्री तोमाश सिएमोनियाक ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, 'हमें इस बात में कोई संदेह नहीं है कि उपग्रह को नुकसान पहुंचाने की इस घटना के पीछे रूसी खुफिया सेवाओं का हाथ है।' उन्होंने कहा कि रूसी खुफिया सेवाएं आपराधिक दुनिया से जुड़े लोगों का तेजी से इस्तेमाल कर रही हैं। पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में इस घटना को 'हाइब्रिड युद्ध का एक और कृत्य' बताया। इस संबंध में अन्य विवरण तत्काल उपलब्ध नहीं हो सके।

ऑफ बीट

मनुष्यों के पास होती है आंतरिक चंद्र घड़ी

मनुष्यों और ज्यादातर जानवरों में एक आंतरिक चंद्र घड़ी होती है, जो चंद्रमा की 29.5-दिवसीय लय के अनुसार संचालित होती है। यह घड़ी कई प्रजातियों की



नींद, प्रजनन और प्रवासन की प्रक्रियाओं को नियंत्रित करती है। लेकिन कृत्रिम प्रकाश के युग में, यह प्राचीन संकेत लुप्त होता जा रहा है - शहरों की रोशनी, स्क्रीन और उपग्रहों की चमक में धुंधला पड़ता जा रहा है। जिस प्रकार सर्कैडियन लय पृथ्वी के 24 घंटे के घूर्णन के साथ समय का ध्यान रखती है, उसी प्रकार कई जीव चंद्रमा की धीमी लय का भी ध्यान रखते हैं। सर्कैडियन लय लगभग 24 घंटे की एक आंतरिक जैविक घड़ी है जो नींद और जागने के चक्र समेत शारीरिक प्रक्रियाओं को नियंत्रित करती है। दोनों प्रणालियां प्रकाश के संकेतों पर निर्भर करती हैं और हाल में महिलाओं के मासिक चक्रों का विश्लेषण करने वाले एक अध्ययन से पता चला है कि जैसे-जैसे पृथ्वी कृत्रिम रोशनी से अधिक उजली होती जा रही है, वैसे-वैसे वे प्राकृतिक भिन्नताएं, जिन्होंने कभी जैविक समय की संरचना तय की थी, अब धुंधले पड़ते जा रहे हैं। कई शोध बताते हैं कि चंद्र चक्र (लूनर साइकिल) अब भी मानव नींद को प्रभावित करता है। वर्ष 2021 के एक अध्ययन में पाया गया कि अर्जेंटीना की टोबा स्वदेशी समुदायों में लोग पूर्णिमा (फुल मून) से पहले की तीन से पांच रातों में 30 से 80 मिनट देर से सोने जाते थे।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।


राष्ट्रपति से मिलने जातीं भाजपा की सांसद और कार्यकर्ता

राष्ट्रपति से मिला प्रतिनिधिमंडल शिकायत की

भाजपा की महिला सांसदों ने राष्ट्रपति से की मुलाकात और कांग्रेस सांसद बिमोल अकोइजम को बर्खास्त करने हस्तक्षेप की मांग की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा की महिला सांसदों ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और जेएनयू में यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर कांग्रेस सांसद अंगोमचा बिमोल अकोइजम को लोकसभा से निलंबित करने के लिए उनसे हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया। महिला मोर्चा की अध्यक्ष रूप कुमारी चौधरी ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति से अकोइजम के कथित यौन उत्पीड़न की पीड़िताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया। चौधरी ने बताया कि राष्ट्रपति ने आश्वासन दिया कि वह मामले की जांच कराएंगी।उन्होंने बताया कि 15 सांसदों के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि 11 युवतियों ने लिखित शिकायत देकर कथित कदाचार का आरोप लगाया है।

आत्मा और सम्मान को पहुंचाई ठेस

बांसुरी स्वराज बोलीं- घटना ने झकझोर दिया

भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने कांग्रेस की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए इसे 'पाखंड' करार दिया है। भाजपा मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बांसुरी ने इन खुलासों को रोंगटे खड़े कर देने वाला बताया। बांसुरी ने कहा कि कांग्रेस सांसद पर महिला छात्राओं के साथ अभद्र व्यवहार और अनुचित शारीरिक स्पर्श करने जैसे गंभीर आरोप सामने आए हैं। ऐसे आरोप किसी भी व्यक्ति की आत्मा को झकझोर कर रख देने वाले हैं।

प्रोफेसर ने सभी आरोपों को 'उत्पीड़न' बताया



जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के प्रोफेसर और कांग्रेस सांसद अंगोमचा बिमोल अकोइजाम पर 11 छात्राओं ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। इसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने आंतरिक जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया है। बिमोल ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को 'उत्पीड़न' और 'खाप पंचायत' जैसी शैली करार दिया है। उनका कहना है कि जेएनयू की यह कार्रवाई नियमों और प्रक्रियाओं की अनदेखी करके की गई है। अदालत में सच्चाई सामने आ जाएगी। शिक्षक संघ ने इस बर्खास्तगी की प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं और कहा है कि यह बिना कार्यकारी परिषद की मंजूरी के और नियमों का उल्लंघन करके की गई है।

खबर संक्षेप

राहुल मानहानि मामले में अब 26 को फैसला



नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी से जुड़े मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ सुनवाई पूरी हो गई है। एमपी/एमएलए कोर्ट के विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद निर्णय के लिए 26 अक्तूबर की तारीख तय की।

आईएएस समेत 3 अन्य पर एफआईआर दर्ज



भुवनेश्वर। आंध्र प्रदेश कैडर के एक आईएएस अधिकारी समेत तीन अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। उन पर आरोप है कि उन्होंने एक पब में देर रात की चेकिंग के दौरान एक पुलिस इंस्पेक्टर और उनके साथियों के साथ बदसलूकी और मारपीट की।

नशा विरोधी एक्टिविस्ट परमिंदर की सरेआम हत्या



मानसा। पंजाब के मानसा जिले में नशे के खिलाफ बड़े पैमाने पर सामाजिक मुहिम चलाने वाले मशहूर नशा विरोधी एक्टिविस्ट परमिंदर सिंह झोटा की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। हमलावरों नेतब अंजाम दिया जबवे साथियों के साथ मानसा क्षेत्र में मौजूद थे।

ममता पर चाकू से हमले की कोशिश, शिकायत



कोलकाता। पश्चिम बंगाल की पूर्व सीएम ममता बेनर्जी पर हमले के मामले में टीएमसी की सांसद डोला सेन ने शिकायत दर्ज कराई है। पार्टी ने दावा किया कि एक नशे का आदी व्यक्ति ममता के आवास पर पहुंचा और उसने चाकू से हमला करने की कोशिश की।

एसआईआर और सीईसी के इस्तीफे के लिए देशभर में प्रदर्शन

जंतर-मंतर में 'चुपके से' घुसे सौरभ पुलिस ने रांका को हिरासत में लिया

दीपके ने पोस्ट किया वीडियो जताई नाराजगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के सौरव दास और आशुतोष रांका को दिल्ली पुलिस ने फिर से हिरासत में ले लिया है। दोनों अजिंक्य शिंदे समेत कुछ साथियों के साथ जंतर-मंतर पहुंचे थे। यह घटनाक्रम दिल्ली पुलिस की सोमवार की उस घोषणा के बाद हुआ है जिसमें कहा गया था कि जंतर-मंतर अब विरोध प्रदर्शनों के लिए निर्धारित जगह नहीं रहेगा।

सीजेपी ने प्रदर्शन के लिए जंतर-मंतर को फिर से हासिल करने की कोशिश में वहां प्रवेश किया। वे मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ कथित 'वोट चोरी' के आरोपों को लेकर प्रदर्शन करना चाहते थे। अभिजीत दीपके ने कहा कि तिरंगा लेकर कार्यकर्ता मंगलवार सुबह जंतर-मंतर पहुंचे थे।


पुलिस बोली, मैदान अब प्रदर्शनों के लिए निर्धारित नहीं

हिरासत पर भड़के दीपके

तिरंगा फहराना गुनाह है क्या? और उग्र होगा आंदोलन

दीपके ने साथियों को हिरासत में लिए जाने पर सरकार और दिल्ली पुलिस को घेरा है। मंगलवार को मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि अगर कोई जंतर-मंतर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने को कानून का उल्लंघन मानता है, तो वह देशद्रोही है। तिरंगा फहराने पर लोगों को हिरासत में लेना समझ से परे है। इस कार्रवाई के विरोध में आंदोलन और तेज किया जाएगा। उन्होंने मांग की कि अगर तिरंगा फहराने के लिए उनके साथियों पर आरोप लगाए जाते हैं, तो इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

एनएसयूआई ने कनॉट प्लेस में प्रदर्शन किया

ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की



कांग्रेस की छात्र इकाई भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने मंगलवार को राजीव चौक मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 7 पर अचानक विरोध प्रदर्शन किया और मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के तत्काल इस्तीफे की मांग की। पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया।

अनुराग ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस

वोट चोरी पर पुख्ता सबूत और आंकड़े दें राहुल



भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला है।ठाकुर ने राहुल को चुनौती दी कि वे अपने लगाए गए आरोपों (जैसे 'वोट चोरी' और चुनाव आयोग पर सवाल) के समर्थन में देश के सामने पुख्ता सबूत और आंकड़े रखें। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल और विपक्षी दल बार-बार चुनाव आयोग, ईवीएम और मुख्य निर्वाचन आयुक्त पर बेबुनियाद सवाल उठाकर जनादेश और संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम कर रहे हैं। ठाकुर ने कांग्रेस पर 'राज नहीं तो अराजकता' (जब सत्ता न हो तो अस्थिरता फैलाना) की राजनीति करने का आरोप लगाया।उन्होंने हालिया विरोध प्रदर्शनों के दौरान पुलिसकर्मियों और महिलाओं के साथ हुए दुर्व्यवहार के वीडियो का हवाला देते हुए कांग्रेस नेताओं के आचरण पर सवाल उठाए। उन्होंने कांग्रेस के पुराने इतिहास का जिक्र करते हुए आपातकाल और लोकतांत्रिक अधिकारों के दमन की याद दिलाई और अमर्यादित भाषा का प्रयोग बंद करने की सलाह दी।



गर्भवती महिला पत्रकार का राहुल पर आरोप

मुझे धक्का दिया, वे तो 'स्मैश पैट्रिआर्की' का नारा लगाते थे

महिला पत्रकार ने कैमरे पर बताई आपबीती उसने कहा- मैं अपना काम कर रही थी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में सोमवार को विपक्ष के विरोध प्रदर्शन को कवर कर रही एक महिला पत्रकार ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर उन्हें धक्का देने का आरोप लगाया है। इससे राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। रिचा पराशर ने आरोप लगाया कि राहुल ने उन्हें धक्का दिया। यह घटना सुप्रीम कोर्ट से बाहर निकलते समय हुई। रिचा ने अपनी आपबीती साझा करते हुए बताया कि उन्हें इस घटना के बाद अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। रिचा ने राहुल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 'स्मैश पैट्रिआर्की' का नारा लगाने वाले क्या ऐसे ही तोड़ेंगे।

राहुल के गार्डों ने भी धक्का दिया, कैमरामैन को कोहनी मारी

रिचा के अनुसार वे राहुल का बाइट लेने के लिए सुप्रीम कोर्ट के गेट पर खड़ी थीं। उन्होंने माइक बढ़ाया, पर लोगों के कहने पर हटाया। हालांकि, अन्य मीडियाकर्मी भी वहां मौजूद थे, इसलिए उन्होंने फिर माइक बढ़ाया। राहुल आगे बढ़े और उन्होंने रिचा के कंधे को पकड़कर खींचा। उनके गार्डों ने भी रिचा को धक्का दिया। वीडियो में राहुल ने उनके कैमरामैन को कोहनी मारी, जिससे वे गिर गए। धक्का लगने से रिचा सीढ़ियों से नीचे गिर गईं और उनके फोन की स्क्रीन टूट गई। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी के समर्थकों ने 'राहुल गांधी जिंदाबाद' के नारे लगाए, जिससे उनकी आवाज दबाने की कोशिश की गई।

शाह के क्षेत्र में भाजपा का दबदबा कायम

44 में से 38 सीटें फतह कर ली आप का खाता तक नहीं खुला

एजेंसी ▶▶ अलवर

भाजपा ने गांधीनगर नगर निगम (जीएमसी) पर अपना दबदबा बनाए रखा है। निकाय चुनाव में भाजपा ने 44 में से 38 सीटें जीतीं। कांग्रेस ने अपनी सीटों की संख्या बढ़ाई और 2021 की 2सीटों के मुकाबले इस बार 5सीटें हासिल कीं। जबकि, आप इस बार अपना खाता भी नहीं खोल पाई। चुनाव में बची हुई एक सीट एक निर्दलीय उम्मीदवार ने जीती। मंगलवार को घोषित नतीजों में भाजपा को राज्य की राजधानी के निकाय में स्पष्ट बहुमत मिला।



इसके बाद ट्रेन को आगरा भेजने का प्रबंध किया गया।आप के लिए नतीजे निराशाजनक रहे। 2021 में एक सीट जीतने वाली पार्टी इस बार एक भी सीट नहीं जीत सकी। उसका वोट शेयर भी पिछले चुनाव के करीब 21.77 फीसदी से घटकर 4.38 फीसदी रह गया।

अमेठी में राजनीतिक सरगर्मी

विधायक राकेश,अभय सिंह विनोद आज बनेंगे भाजपाई

एजेंसी ▶▶ दार्जिलिंग



यहां के गौरीगंज के सपा विधायक राकेश प्रताप सिंह के भाजपा में शामिल होने से जिले के राजनीतिक समीकरण में खासा बदलाव आएगा। उनके साथ गोसाईगंज के विधायक अभय सिंह और कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी भी भाजपा में शामिल होंगे। सिंह सपा के टिकट पर लगातार 3 बार गौरीगंज से विधायक चुने गए हैं। विधायक के आवास मंगलम के बगल में तैयारियां की गई हैं। आगामी विधानसभा चुनाव से पहले इसे अमेठी की राजनीति में अहम माना जा रहा है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय महामंत्री स्मृति ईरानी प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, राष्ट्रीय मंत्री भोला सिंह, पूजा पाल और प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला समेत गौरीगंज के 500 से अधिक ग्राम प्रधान, पूर्व प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य और अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

समिति की अध्यक्षता करेंगी डीयू के साउथ कैंपस की निदेशक

रांची के ट्रिपल आईटी में छात्र की मौत, जांच करेगी 3 सदस्यीय टीम

शिक्षा मंत्रालय ने किया ऐलान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

झारखंड के रांची स्थित भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आईटी) के परिसर में हुई छात्र की मौत के मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने 3 सदस्यीय जांच समिति के गठन की घोषणा की है। जिसकी अध्यक्षता दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के साउथ कैंपस की निदेशक प्रो. रजनी अब्बी करेंगी। मंत्रालय ने 13 अक्टूबर को एक बयान के माध्यम से यह जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय मंत्रालय ने इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना का संज्ञान लेते हुए तीन सदस्यों वाली जांच समिति का गठन कर दिया है।



प्रशासनिक व्यवस्थाएं करता मंत्रालय

मंत्रालय ने समिति को इस घटना से जुड़ी परिस्थितियों और संबंधित दिशानिर्देशों के क्रियान्वयन का आकलन करने की जिम्मेदारी सौंपी है। संस्थान में बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता, कार्यप्रणाली, संस्थागत सहायता प्रणालियों, परामर्श व मार्गदर्शन की व्यवस्थाओं और छात्रों की समस्याओं के लिए बनाए गए निवारण तंत्र की समीक्षा भी समिति करेगी। अपनी रिपोर्ट में समिति संस्थान में व्यवस्था से जुड़ी किसी भी कमी की पहचान करेगी, छात्रों के कल्याण को मजबूत बनाने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने के उपाय सुझाएगी। जरूरत पड़ने पर ट्रिपल आईटी के सभी संबंधित पक्षों से समिति चर्चा करेगी, प्रासंगिक अभिलेखों, दस्तावेजों की जांच भी उसके अधिकार क्षेत्र का हिस्सा होगी।मंत्रालय छात्रों के हितों, कल्याण के मद्देनजर व्यवस्था कर रहा है।

'ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम' में प्रधानमंत्री ने डिजिटल शक्ति को बताया बदलाव का प्रमुख आधार

'पावर टू एंपावर' के सिद्धांत पर आगे बढ़ रहा भारत, दुनिया के लिए अवसर पैदा करना लक्ष्य

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत की आर्थिक और तकनीकी शक्ति का उद्देश्य केवल अपनी प्रगति करना नहीं, बल्कि दुनिया के दूसरे देशों के लिए भी विकास के नए अवसर खोलना है। उन्होंने कहा कि भारत किसी दूसरे देश की कीमत पर आगे नहीं बढ़ता, बल्कि दुनिया के साथ और दुनिया के लिए विकास करना चाहता है। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत भरोसे और स्थिरता का आधार बनकर उभरा है। प्रधानमंत्री मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित 'ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने अपनी शासन व्यवस्था और कार्यसंस्कृति में 'पावर टू एंपावर' यानी दूसरों को सशक्त बनाने के लिए शक्ति के उपयोग का सिद्धांत अपनाया है। उनके मुताबिक, शक्ति का वास्तविक अर्थ केवल आगे बढ़ने की क्षमता नहीं, बल्कि दूसरों को आगे बढ़ने में सक्षम बनाना भी है। मोदी ने कहा कि 21वीं सदी में तकनीक, डेटा, ज्ञान और नवाचार शक्ति के महत्वपूर्ण स्रोत बन गए हैं। डिजिटल तकनीक ने भारत में अवसरों का विस्तार किया है और सरकार का प्रयास है कि देश की क्षमताओं का लाभ दूसरे देशों को भी मिले। उन्होंने भारत की डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना का उल्लेख करते हुए कहा कि देश अपने अनुभव दूसरे देशों के साथ साझा कर रहा है, ताकि वे अपनी आवश्यकताओं के अनुसार डिजिटल व्यवस्थाएं विकसित कर सकें।



स्टार्टअप की संख्या 2.50 लाख के पार

प्रधानमंत्री ने भारत के तेजी से बढ़ते स्टार्टअप इकोसिस्टम को नवाचार,व्यापक आर्थिक भागीदारी का उदाहरण बताया। देश में स्टर्टअप की संख्या 2.5 लाख के पार है।

वैश्विक अनिश्चितता के बीच मजबूत अर्थव्यवस्था

प्रधानमंत्री ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद देश की अर्थव्यवस्था मजबूत आधार पर आगे बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही। उन्होंने कहा कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब डॉलर से अधिक है और भारतीय बैंकिंग प्रणाली कई दशकों के सबसे मजबूत दौर में है। मोदी ने चालू खाते के घाटे में कमी का भी उल्लेख किया। उनके अनुसार, 12-13 वर्ष पहले भारत का चालू खाते का घाटा जीडीपी के चार प्रतिशत से अधिक था, जो पिछले वर्ष घटकर 0.61 प्रतिशत रह गया। भारत की आर्थिक मजबूती के कारण देश की साख में सुधार हो रहा है और सरकार सुधारों की प्रक्रिया को लगातार आगे बढ़ा रही है। प्रधानमंत्री ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी), दिवाला कानून, श्रम कानूनों के एकीकरण और कारोबार से जुड़े कई छोटे अपराधों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने जैसे कदमों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जीएसटी ने जटिल कर व्यवस्था को एक राष्ट्रीय बाजार में बदलने में मदद की है। सरकार के लिए सुधार कोई मजबूरी नहीं, बल्कि दृढ़ विश्वास का विषय हैं।

लोकतंत्र की जननी है भारत

प्रधानमंत्री ने भारत की लोकतांत्रिक और भाषाई विविधता का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी है। उन्होंने कहा कि देश में 100 से अधिक भाषाएं, करीब 80 हजार पंजीकृत समाचारपत्र और प्रकाशन तथा एक हजार से अधिक सैटेलाइट टेलीविजन चैनल हैं। इतनी विविधता के बावजूद भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था और सामाजिक सहभागिता देश की विशेष पहचान है। मोदी ने पिछले एक दशक में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने का भी उल्लेख किया। उन्होंने इसे भारत में व्यापक विकास और अवसरों के विस्तार से जोड़ते हुए कहा कि देश की प्रगति का उद्देश्य समाज के अधिक से अधिक लोगों को विकास की प्रक्रिया में शामिल करना है।

भारत की विकास नीति का आधार सामूहिक प्रगति

प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी में भारत की प्रगति सबको साथ लेकर चलने की सोच पर आधारित है। उन्होंने 'एक सूर्य, एक विश्व, एक ग्रिड', 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' और 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' जैसी अवधारणाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत का दृष्टिकोण देशों को जोड़ने, सहयोग बढ़ाने और साझा समस्याओं का समाधान खोजने पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी जिम्मेदारी समझते हुए विश्व में मदद के लिए आगे आता है।

बिम्सटेक के गृह मंत्रियों की बैठक में अमित शाह बोले

भारत ने हमेशा आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को बिम्सटेक के गृह मंत्रियों की बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। हमारी साझेदारी इस भरोसे से मजबूत होती है कि हर सदस्य देश की सुरक्षा व्यवस्था दूसरे सदस्य देशों की सुरक्षा में भी योगदान दे। हमारी साझा प्रतिबद्धता यह पक्का करे कि आतंकवादी नेटवर्क को इस क्षेत्र के किसी भी हिस्से में पनाह लेने, लोगों को भर्ती करने और ट्रेनिंग देने, फंड जुटाने या पड़ोसी देशों के खिलाफ गतिविधियां चलाने का कोई मौका या जगह न मिले। हमें राष्ट्रीय कानूनों और लागू संधियों के अनुसार, आपसी कानूनी सहायता और प्रत्यर्पण के मामलों में एक-दूसरे का समर्थन करना चाहिए।


अमित शाह

बिम्सटेक देश प्रत्यर्पण के मामले में आपसी समर्थन करें

भारत सभी की संप्रभुता और अखंडता का सम्मान करता

भारत मतभेदों को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने के पक्ष में

भारत किसी पर भी हमला करने में विश्वास नहीं रखता



बिम्सटेक के गृह मंत्रियों के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

अमित शाह ने कहा कि बिम्सटेक क्षेत्रीय एकीकरण, आर्थिक सहयोग और सामूहिक सुरक्षा के लिए एक जरूरी मंच बन गया है। आज, भारत 'वसुधैव कुटुंबकम' यानी 'दुनिया एक परिवार है' की भावना के साथ आगे बढ़ रहा है। हम हमेशा शांति, सह-अस्तित्व और मानव कल्याण के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं, और आज भी हम इन सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्ध हैं। भारत ने कभी भी किसी देश पर हमला करने या उस पर अपना दबदबा बनाने में विश्वास नहीं किया है। भारत हमेशा सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करने और मतभेदों को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने में विश्वास करता रहा है।

इग्स आने वाली पीढ़ियों की जिंदगी पर हमला

केंद्रीय गृह मंत्री ने ड्रग्स का जिक्र करते हुए कहा कि यह हमारे युवाओं, हमारे समाज, हमारी संस्कृति और आने वाली पीढ़ियों की जिंदगी पर हमला है। इसे किसी एक देश की कोशिशों से नहीं रोका जा सकता। हमें पूरे क्षेत्र को साथ लेकर चलने वाला नजरिया अपनाना होगा। ड्रग तस्करी से होने वाली गैर-कानूनी कमाई संगठित अपराध को आर्थिक ताकत देती है और इसका इस्तेमाल आतंकवाद को बढ़ावा देने में भी किया जाता है। प्रीकर्सर केमिकल्स का गलत इस्तेमाल और डार्क वेब के जरिए होने वाले लेन-देन इस चुनौती को और भी मुश्किल बना देते हैं।

सीमापर संगठित अपराध से निपटने में सहयोग जरूरी

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि गृह मंत्रियों के तौर पर हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने सहयोग को ऐसे व्यावहारिक इंतजामों में बदलें, जो हमारे नागरिकों की सुरक्षा और हमारी एजेंसियों की क्षमताओं को मजबूत करें। भारत बिम्सटेक के सुरक्षा ढांचे के तहत हुई प्रगति की सराहना करता है। हम अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद, सीमापार संगठित अपराध और नशीले पदार्थों की तस्करी जैसी आपस में जुड़ी चुनौतियों से निपटने में सहयोग करने और साथ ही संबंधित बिम्सटेक समझौतों को पूरी तरह और प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इन चुनौतियों से असरदार ढंग से निपटने के लिए इंटेलिजेंस एजेंसियों, कानून लागू करने वाली एजेंसियों, फाइनेंशियल मॉनिटरिंग एजेंसियों और बॉर्डर मैनेजमेंट एजेंसियों के बीच रियल-टाइम सहयोग और तालमेल बहुत जरूरी है।

मानव तस्करी गंभीर चुनौती

अमित शाह ने कहा कि मानव तस्करी भी हमारी साझा सुरक्षा और मानवाधिकारों के लिए एक गंभीर चुनौती है। पीड़ितों की पहचान करने, उन्हें बचाने, मदद करने, उनके पुनर्वास और उन्हें सुरक्षित उनके देश वापस भेजने में सहयोग हमारी सामूहिक कोशिशों का एक अहम हिस्सा बना रहना चाहिए।

खबर संक्षेप

ड्रोन देखे जाने के चलते नूर्नबर्ग एयरपोर्ट बंद

बर्लिन। जर्मनी के नूर्नबर्ग एयरपोर्ट पर मंगलवार को एविएशन इमरजेंसी की सूचना मिलने के बाद फ्लाइट ऑपरेशन रोक दिए गए। पुलिस ने कहा कि संबंधित विमान नूर्नबर्ग में सुरक्षित उतर गया और घटना के कारण की जांच चल रही है। एयरपोर्ट पर ड्रोन देखे जाने की संभावना की वजह से फ्लाइट्स को रोक दिया गया। तीन पायलटों ने अलग-अलग समय पर टेक-ऑफ या लैंडिंग के दौरान एक संदिग्ध चीज देखे जाने की सूचना दी थी।



फ्लाईदुबई मामले में 2 मालदीवी पायलट अरेस्ट

अबू धाबी। फ्लाईदुबई फ्लाइट में हुई घटना में मालदीव के दो पायलट को गिरफ्तार किया गया है। इनका संबंध कैप्टन स्मित मच्छार के को-पायलट और आरोपी हमाम अल-हम्मामी से बताया जा रहा है। 3 अक्टूबर को इन दो मालदीवी पायलटों को यूएई में हिरासत में लिया गया। मालदीव के पायलटों की पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है। लेकिन यूएई स्थित मालदीवी दूतावास ने उनके परिवारों को इस संबंध में सूचित कर दिया है।



चीन के दावे को विदेश मंत्रालय ने किया खारिज

लद्दाख भारत का अटूट हिस्सा, किसी के इनकार से सच्चाई नहीं बदल सकती

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लद्दाख के भौगोलिक स्थानों की पहचान के लिए उठाया कदम | इससे आम जनता को सही ढंग से बेहतर जानकारी मिल सकेगी

लद्दाख के 28 स्थलों को भारतीय नक्शे में शामिल करने पर चीन की आपत्ति का भारत ने करारा जवाब दिया है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने साफ कहा है कि केंद्र शासित प्रदेश भारत का अभिन्न और अटूट हिस्सा है और चीन के इनकार से यह सच्चाई नहीं बदलने वाली। एमईए प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर भारत का रुख स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि हम दोहराते हैं कि केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख भारत का अभिन्न और अटूट हिस्सा है। चीनी पक्ष के इनकार से यह स्थापित तथ्य नहीं बदल सकता। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय की प्रेस विज्ञप्ति इस मामले में स्पष्ट है। दावा किया कि लद्दाख में स्थित 28 जगहों/विशेषताओं की पहचान भारतीय सर्वेक्षण विभाग के आधिकारिक नक्शे पर मानक नामों के साथ की गई है, और यह काम केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख और स्थानीय हितधारकों के परामर्श से किया गया है।

भारतीय नक्शे में चोटियां, दर्रे, ग्लेशियर, घाटियां शामिल


रणधीर जायसवाल, प्रवक्ता विदेश मंत्रालय

केंद्र सरकार ने इन स्थानों के नाम आधिकारिक रूप से तय कर भारतीय सर्वेक्षण विभाग के नक्शे में शामिल करने की प्रक्रिया अपनाई है। इसमें पहाड़ों की चोटियां, दर्रे, ग्लेशियर, जमीन के हिस्से, घाटियां और जल निकाय शामिल हैं। गृह मंत्रालय के मुताबिक, केंद्र सरकार ने केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख के प्रशासन से सलाह लेकर 28 स्थानों और भौगोलिक विशेषताओं के नाम तय किए हैं। इन नामों को भारतीय सर्वेक्षण विभाग के आधिकारिक नक्शे में शामिल किया जाएगा।

नामों से सरकारी रिकॉर्ड में एकरूपता आएगी

जायसवाल ने कहा कि गृह मंत्रालय के अनुसार, इन स्थानों के नाम आधिकारिक नक्शे में दर्ज करने का उद्देश्य उनकी सही पहचान और आम लोगों में बेहतर जानकारी सुनिश्चित करना है। नामों को मानक रूप देने से सरकारी रिकॉर्ड और नक्शों में एकरूपता आएगी। यह कदम लद्दाख के भौगोलिक स्थानों का आधिकारिक विवरण स्पष्ट करने के लिए उठाया गया है। जायसवाल ने कहा कि भारतीय सर्वेक्षण विभाग के लद्दाख नक्शे पर इन स्थानों की औपचारिक रूप से पहचान करने का मकसद यह है कि लोग उन्हें सही ढंग से पहचान सकें और आम जनता में इनके बारे में बेहतर जानकारी उपलब्ध हो।

ये हैं 28 नाम

बता दें, भारत ने 2 अक्टूबर को इन जगहों के नाम आधिकारिक तौर पर तय किए थे। ये इस प्रकार हैं। **चोटी:** अतिशा गिरी, कनिष्क, मार्तंड गिरी, जोरावर, रिंचेन जंगपो, साक्याश्री गिरी, मारपा लोत्सावा री, मिलारेपा कांगरी, शिव री, महेश्वर री, **इलाका:** बांगसा, कुकसेल, देहरा कंपास, गोगरा, कुमारयण पॉइंट, पांगलुंग, शमल लुंगपा, **पर्वत:** करुण पीर, ढाक कार्पो, जोल्मोरी, **दर्रा:** चापचिंगल दर्रा, शचमिरक दर्रा, **ग्लेशियर:** पारपिक, स्कमरी ग्लेशियर, **घाटी:** श्कोर्गा घाटी, **झील:** गुरु रिम्पोचे, **नदी:** यांगपा नदी, **जल स्रोत:** हॉट स्प्रिंग।

यह एकतरफा, पूरी तरह गैरकानूनी कदम: चीन

चीनी विदेश मंत्रालय ने भारत के कदम को एकतरफा और पूरी तरह से गैरकानूनी कदम करार दिया है। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि ये फैसला एकतरफा है जिसे चीन नहीं मानता। उनके मुताबिक गैर-कानूनी तरीके से केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख बनाया गया है। उन्होंने कहा कि बीजिंग भारत के मानक नाम घोषित करने का विरोध करता है और इसे पूरी तरह से गैरकानूनी करार देता है। भारत के रुख पर हुए सवाल के जवाब में माओ निंग ने स्पष्ट किया कि ये इलाके उसके हैं और भारत के नाम बदलने या रखने से जमीन पर मालिकाना हक नहीं बदल जाएगा।


माओ निंग

भारत का यह कदम अवैध

माओ निंग ने कहा कि चीन ने भारत के एकतरफा और अवैध रूप से स्थापित तथाकथित केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को मान्यता नहीं दी है। भारत के तथाकथित मानक स्थान नामों का बीजिंग कड़ा विरोध करता है। भारत का यह कदम अवैध और अमान्य है। इस तथ्य को नहीं बदला जा सकता कि दोनों देशों की सीमा का पश्चिमी भाग हमेशा से चीन का हिस्सा रहा है।

भारत-पाक सीमा पर साजिश का खुलासा

ड्रोन से गिराई आरडीएक्स की खेप और हथियार, 2 गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ श्रीगंगानगर

राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास ड्रोन से हथियार और विस्फोटक गिराए जाने का मामला सामने आया है। रावला क्षेत्र के 12 केएनडी गांव में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, सीमा सुरक्षा बल और स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में आरडीएक्स, दो पिस्टल और करीब 650 कारतूस समेत अन्य संदिग्ध सामग्री बरामद की गई। मामले में पंजाब के दो युवकों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस के अनुसार, दोनों कथित तौर पर ड्रोन से गिराए गए पैकेट उठाने पहुंचे थे। पुलिस के मुताबिक, सोमवार देर रात मिली खुफिया सूचना के आधार पर संयुक्त टीमों ने कार्रवाई की। शुरुआती आशंका थी कि ड्रोन से मादक पदार्थों की खेप गिराई गई है, लेकिन तलाशी के दौरान हथियार और संदिग्ध विस्फोटक सामग्री मिली। बरामद सामग्री की सटीक प्रकृति और मात्रा की पुष्टि के लिए विशेषज्ञों की मदद ली जा रही है।


ड्रोन से गिराई गई सामग्री जब्त की गई

ड्रोन ने तीन बार में गिराए पैकेट

एएनटीएफ के महानिरीक्षक विकास कुमार ने बताया कि ड्रोन ने तीन बार उड़ान भरकर तीन हिस्सों में खेप गिराई। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा एजेंसियों ने कथित तौर पर पैकेट उठाते समय दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। उनके अनुसार, दोनों युवक करीब एक महीने से ऑपरेशन 'सीमादंतक' के तहत निगरानी में थे। बरामद सामग्री में आरडीएक्स और दो पिस्टल के अलावा चार मैगजीन, करीब 650 कारतूस, बैटरी के चार जोड़े और दो रिमोट कंट्रोल भी शामिल बताए गए हैं। विस्फोटक सामग्री की वास्तविक प्रकृति और बरामद सामान की विस्तृत जांच अभी बाकी है।

बड़े नेटवर्क की कड़ी तलाश रहीं एजेंसियां

मामले की जांच में श्रीगंगानगर, बीकानेर और जयपुर की टीमें जुटी हैं। सुरक्षा एजेंसियां यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि खेप सीमा पार से किसने भेजी, इसे किसे पहुंचाया जाना था और इसके पीछे क्या मंशा थी। पुलिस के अनुसार, हिरासत में लिए गए युवक कथित नेटवर्क की अहम कड़ी हो सकते हैं। जब्त सामग्री की जांच के लिए जयपुर से विशेषज्ञ टीम बुलाई गई है। वहीं, पुलिस सूत्रों के मुताबिक, संभावित खतरे का आकलन करने के लिए बीकानेर से बम निरोधक दस्ते को भी भेजा जा रहा है। सीमा क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और तलाशी अभियान जारी है।

रक्षा मंत्री की चेक गणराज्य के डिप्टी पीएम के साथ बैठक

द्विपक्षीय रक्षा सहयोग बढ़ाने का संकल्प सैन्य हार्डवेयर का मिलकर करेंगे विकास

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की चेक गणराज्य के डिप्टी पीएम कारेल हैवलिकेक के साथ मंगलवार को हुई व्यापक वार्ता में द्विपक्षीय रक्षा सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया गया, जिसमें सैन्य हार्डवेयर के संयुक्त विकास की संभावनाओं पर विचार करना भी शामिल है। जनवरी 2024 में, दोनों पक्षों ने सहयोग को और प्रगाढ़ करने के लिए कुछ प्रमुख क्षेत्रों में रक्षा क्षेत्र की पहचान की थी। कारेल चेक गणराज्य के उद्योग और व्यापार मंत्री भी हैं। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि दोनों नेताओं ने भारत और चेक गणराज्य के बीच रक्षा-औद्योगिक सहयोग के सभी पहलुओं की समीक्षा की।


राजनाथ सिंह और कारेल हैवलिकेक

'मेक-इन-इंडिया' पहल को देंगे बढ़ावा

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने जारी सहयोग और कई संयुक्त उपक्रमों की सफल स्थापना की सराहना की। 'मेक-इन-इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत पहल को बढ़ावा देने के लिए भारत-चेक संयुक्त रक्षा समिति के तहत इस सहयोग को और बढ़ाने पर सहमति जताई। दोनों नेताओं ने शांति और सुरक्षा से जुड़े मौजूदा मुद्दों पर भी चर्चा की और क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने के लिए अपने सहयोग को विस्तारित करने की जरूरत पर सहमत हुए। भारत और चेक गणराज्य के बीच साझेदारी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों, परस्पर विश्वास व सम्मान पर टिकी है।

सऊदी में भारतीयों के लिए एडवाइजरी

17 अक्टूबर तक उड़ानें रद्द होने से शांत और सतर्क रहने की अपील

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सऊदी अरब में भारतीय दूतावास ने मंगलवार को भारतीय नागरिकों के लिए नई एडवाइजरी जारी की। यह एडवाइजरी तब जारी की गई जब सऊदी शहरों को लिए भारतीय एयरलाइंस की सेवाएं 17 अक्टूबर तक सस्पेंड होने के कारण उड़ानों में रुकावट आई है। रियाद में भारतीय दूतावास ने भारतीय नागरिकों को शांत और सतर्क रहने, हवाई हमलों की स्थिति में घर के अंदर रहने और आधिकारिक चैनलों के माध्यम से स्थानीय अधिकारियों द्वारा जारी निर्देशों का पालन करने की सलाह दी। दूतावास ने भारतीयों से चल रही घटनाओं से संबंधित वीडियो या


सऊदी अरब इंटरनेशनल एयरपोर्ट

समाचार फैलाने या रीपोस्ट करने से बचने का आग्रह भी किया। दूतावास में बताया कि एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस ने 17 अक्टूबर तक रियाद, दम्मम और जेद्दा के लिए उड़ाने सस्पेंड कर दी हैं। अकासा एयर ने रियाद और जेद्दा के लिए सेवाएं सस्पेंड कर दी हैं, जबकि इंडिगो ने उसी तारीख तक रियाद, दम्मम, जेद्दा और मदीना के लिए उड़ाने रद कर दी हैं। रियाद एयरपोर्ट पर कामकाज सस्पेंड करने की घोषणा की है।

भारतीय नौसेना में शामिल होगा 'समर्थक'



नई दिल्ली। भारतीय नौसेना 16 अक्टूबर 2026 को कारवार स्थित नौसैनिक अड्डे पर बहुउद्देश्यीय युद्धपोत समर्थक को अपने बेड़े में शामिल करने वाली है। लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड द्वारा निर्मित, समर्थक युद्धपोत को नौ सेना के बेड़े में शामिल करना भारत की रक्षा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। यह पोत समुद्री निगरानी और गश्त के लिए तैयार किया गया है। यह कम तीव्रता वाले समुद्री संचालन, लक्ष्य तैनाती और परीक्षण प्लेटफॉर्म, मानवरहित स्वायत्त प्रणाली मदरशिप, मानवीय सहायता और आपदा राहत तथा सीमित अस्पताल में रूपांतरित होने और बचाव कार्यों में सक्षम है।

नौसैनिक अभ्यास 'इंद्र-2026' शुरू

भारत-रूस की नौसेनाएं के बीच तालमेल और क्षमता का प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और रूस की मजबूत दोस्ती को और आगे बढ़ाते हुए मंगलवार से दोनों देशों के बीच नौसैनिक अभ्यास 'इंद्र-2026' शुरू हो गया है। भारतीय नौसेना के मुताबिक, यह अभ्यास 13 अक्टूबर से शुरू होकर 18 अक्टूबर तक जारी रहेगा। यहां दोनों देशों के आधुनिक युद्धपोत एक साथ समुद्र में नजर आएंगे। भारतीय नौसेना का युद्धपोत आईएनएस सह्याद्रि इस अभ्यास में शामिल होने के लिए पहले ही 10 अक्टूबर को रूस के व्लादिवोस्तोक पहुंच चुका है। यही युद्धपोत द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास 'इंद्र-2026' में भारत का


आईएनएस सह्याद्रि रूस में

प्रतिनिधित्व करेगा। इस अभ्यास के दौरान भारत-रूस की पुरानी रक्षा साझेदारी को और अधिक मजबूती मिलेगी। इस नौसैनिक अभ्यास का उद्देश्य भारत और रूसी नौसेनाओं के बीच तालमेल बढ़ाना, एक-दूसरे के संचालन तरीकों को समझना और समुद्र में मिलकर काम करने की क्षमता को मजबूत करना है।

दिल्ली में हो रहे प्रदर्शनों के गलत नैरेटिव दुनियाभर में फैला रहा पाकिस्तान

फेक पोस्ट मामले में 4 एफआईआर दर्ज, 200 पोस्ट मिटाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में हालिया विरोध प्रदर्शनों और सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही अफवाहों को लेकर दिल्ली पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। दिल्ली पुलिस की इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस (आईएफएसओ) यूनिट ने गलत नैरेटिव फैलाने और माहौल खराब करने वाले सोशल मीडिया हैंडल्स के खिलाफ चार एफआईआर दर्ज की हैं। वहीं, दिल्ली पुलिस ने 200 से अधिक भ्रामक और तथ्यहीन पोस्ट को हटवाया है। पाकिस्तान स्थित सोशल मीडिया हैंडल सहित लगभग 100 सोशल मीडिया हैंडल फर्जी बयानबाजी फैलाने के आरोप में पुलिस की निगरानी में हैं। यह सारी एफआईआर बाराखंबा विरोध प्रदर्शनों के संबंध में चार एफआईआर दर्ज की गईं। जानकारी के अनुसार, विरोध प्रदर्शनों और त्योहारी मौसम को देखते हुए सुरक्षा के लिहाज से पुलिस ने गृह मंत्रालय से दिल्ली में 273 कंपनियों को तैनात रखने का अनुरोध किया है।

करीब 100 सोशल मीडिया हैंडल पुलिस की निगरानी में

दिल्ली में 273 कंपनियों को तैनात रखने का अनुरोध

पाक यूजर्स भारतीय नाम रखकर झूठी खबरें फैला रहे


एआई इमेज

सूत्रों के मुताबिक, जांच के दौरान यह बात सामने आई है कि सीमा पार से भारत विरोधी भावनाएं फैलाने और तनाव पैदा करने में कई पाकिस्तानी सोशल मीडिया हैंडल भी सक्रिय रूप से शामिल हैं। 10 अक्टूबर से शुरू हुई इस ऑनलाइन प्रोपेगैंडा मुहिम के तहत, पाकिस्तान से संचालित होने वाले कुछ यूजर कथित तौर पर भारतीय नाम रखकर भ्रामक वीडियो और झूठी खबरें फैला रहे हैं, ताकि ऐसा लगे कि ये पोस्ट देश के भीतर से ही किए जा रहे हैं।

पुलिस गहनता से छानबीन कर रही

पुलिस सूत्रों ने बताया कि 10 अक्टूबर को विरोध प्रदर्शनों के दौरान मौतों से जुड़ी कई झूठी रिपोर्ट्स भी इन हैंडल्स द्वारा फैलाई गई थीं। इसके अलावा, जनता के बीच अशांति या अफवाह फैलाने वाले लगभग 200 सोशल मीडिया पोस्ट को अब तक हटाया जा चुका है। पुलिस इस मामले में साइबर सेल की मदद से गहनता से छानबीन कर रही है और पाकिस्तान से जुड़े एंगल की भी जांच की जा रही है।

सतर्कता बरतने की अपील

दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया पर भ्रामक और गलत जानकारी फैलाने वाले विदेशी या फर्जी हैंडल्स के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया है और लोगों को केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने की सलाह दी है। उन्होंने ऐसे किसी पोस्ट को शेयर न करने की सलाह दी है, जिससे माहौल खराब हो रहा हो।

इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश बढ़ाने के लिए सीएम ने की नई पहल, इंदौर में होगी अर्बन कॉन्क्लेव-2026

28 अक्टूबर को ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में होगा भव्य आयोजन

शहरी जरूरतों पर विशेषज्ञों-निवेशकों-स्टार्टअप्स के साथ होगा विचार-विमर्श

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश में शहरी विकास को नई दिशा देने और इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश बढ़ाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नई पहल करने जा रहे हैं। उनके नेतृत्व में 28 अक्टूबर को इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में अर्बन कॉन्क्लेव-2026 का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में शहरी विकास के नए मॉडल, निवेश की संभावनाओं, डिजिटल गवर्नेंस, पर्यावरण संरक्षण और भविष्य की शहरी जरूरतों पर विशेषज्ञों, निवेशकों, स्टार्टअप्स और संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों के साथ व्यापक विचार-विमर्श होगा। कॉन्क्लेव के दौरान सीएम डॉ. यादव निवेशकों से वन-टू-वन चर्चा भी करेंगे। इसमें नगरीय क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं, प्रस्तावित परियोजनाओं और उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर संवाद होगा।



परियोजनाओं का होगा शुभारंभ

इसके अलावा वे परियोजनाओं का शुभारंभ करने के साथ-साथ नगरीय विकास से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं का भूमि पूजन और लोकार्पण भी करेंगे। इस दौरान कई जन-प्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी और एक्सपर्ट भी मौजूद रहेंगे। अर्बन कॉन्क्लेव-2026 का उद्देश्य प्रदेश में निवेश, नवाचार, आधुनिक तकनीक और स्टार्टअप इकोसिस्टम को प्रोत्साहित करना है। इसमें निवेशकों, स्टार्टअप्स और युवाओं को सहभागिता के लिए आमंत्रित किया गया है।

टियर-2 शहरों के विकास पर होगा सत्र

कॉन्क्लेव में टियर-2 शहरों के सुनियोजित विकास पर विशेष सत्र आयोजित होगा। इसमें उनके घनत्व, परिवहन आधारित विकास, ट्रांसफरेबल डेवलपमेंट राइट्स (टीडीआर), आवासीय पुनर्विकास, मास्टर प्लान, विकास गलियारों, रेरा स्वीकृतियों, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और फ्लोर एरिया रेशियो (एफएआर) जैसे विषयों पर चर्चा होगी। इसका उद्देश्य शहरों के विस्तार के साथ भूमि का बेहतर उपयोग, आवासीय सुविधाओं में सुधार और परिवहन व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाना है।

राष्ट्रीय मीन्स-कम-मेरिट छात्रवृत्ति योजना के क्रियान्वयन के लिए आज होगी राष्ट्रीय कार्यशाला

आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ दिलाने पर होगा मंथन

कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रतिवर्ष मिलती है 12 हजार रुपए की छात्रवृत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से बुधवार को राष्ट्रीय मीन्स-कम-मेरिट छात्रवृत्ति योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए भोपाल में राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ दिलाने पर मंथन होगा।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पात्र एवं मेधावी विद्यार्थी जानकारी के अभाव, आवेदन में त्रुटियों या सत्यापन में देरी के कारण छात्रवृत्ति से वंचित नहीं रहें। कार्यशाला में अधिकारियों एवं शिक्षकों को योजना की पात्रता शर्तों, आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों, राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर पंजीयन तथा संस्थान एवं जिला स्तर पर सत्यापन प्रक्रिया के संबंध में मार्गदर्शन दिया जाएगा। साथ ही, विद्यालयों, शिक्षकों और संबंधित अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर भी जोर दिया जाएगा, ताकि छात्रवृत्ति का लाभ पात्र विद्यार्थियों तक पारदर्शी तरीके से समय पर पहुंच सके।

छात्रवृत्ति योजना का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को प्रोत्साहित करना

राष्ट्रीय मीन्स-कम-मेरिट छात्रवृत्ति योजना भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। इसका प्रमुख उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के मेधावी विद्यार्थियों को कक्षा 8 के बाद उन्हें माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक स्तर तक शिक्षा जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करना है। योजना के तहत चयनित विद्यार्थियों को कक्षा 9 से 12 तक निर्धारित पात्रता एवं नवीनीकरण संबंधी शर्तें पूरी करने पर हर साल 12 हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। इस प्रकार पात्र विद्यार्थी अधिकतम चार वर्षों में कुल 48 हजार रुपए की छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। छात्रवृत्ति की राशि सीधे विद्यार्थियों के बैंक खातों में अंतरित की जाती है।

पात्रता और चयन के प्रमुख नियम

ऐसे विद्यार्थियों को लाभ प्राप्त होता है, जिनके अभिभावकों की वार्षिक आय 3.50 लाख से अधिक नहीं हो और कक्षा 7 में विद्यार्थी ने न्यूनतम 55 प्रति अंक प्राप्त किए हों। अजा एवं अजजा के विद्यार्थियों को प्राप्तांक में 5 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाती है। विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तरीय परीक्षा के माध्यम से मानसिक योग्यता एवं शैक्षिक अभिरुचि परीक्षण के आधार पर होता है।

डॉ. भदौरिया को मिली भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ में प्रदेश कार्यालय मंत्री की जवाबदारी



भोपाल। युवा चिकित्सक और सक्रिय संगठनकर्ता डॉ. हरेन्द्र सिंह भदौरिया को भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ, मप्र का प्रदेश कार्यालय मंत्री नियुक्त किया है। यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. विशाल सिंह बघेल द्वारा की गई है। डॉ. भदौरिया की नियुक्ति को उनके समर्पण, कार्यकुशलता और संगठनात्मक क्षमता पर शीर्ष नेतृत्व के विश्वास के रूप में देखा जा रहा है। चंबल अंचल से लेकर प्रदेश स्तर तक अपनी पहचान बनाने वाले डॉ. भदौरिया ने आयुर्वेद चिकित्सकों, चिकित्सा विद्यार्थियों एवं युवा कार्यकर्ताओं को संगठन से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डॉ. हरेन्द्र सिंह भदौरिया ने कहा, "संगठन ने मुझ पर जो विश्वास व्यक्त किया है, उसे मैं पूर्ण सेवा भाव के साथ निभाऊंगा। केंद्र और राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान, निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं जनसेवा से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से चिकित्सा सेवा को संगठन की सेवा भावना से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

मतदाता सूची में छूटे एवं प्रथम बार युवा पात्रों के नाम जोड़ने के लिए अभियान जारी

फॉर्म-6 जमा करने के बाद अलग से घोषणा-पत्र की आवश्यकता नहीं

भाजपा-कांग्रेस सहित अन्य प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने लिया बैठक में हिस्सा, पेश किए सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

फोटो निर्वाचक नामावली में छूटे हुए पात्र मतदाताओं के नाम शामिल करने एवं मतदाता सूची को अद्यतन करने के संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों आम आदमी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, इन्डियन नेशनल कांग्रेस, कम्युनिष्ट पार्टी आफ इण्डिया एवं बहुजन समाज पार्टी के प्रतिनिधि शामिल हुए।

प्रदेश के सभी जिलों में मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से छूटे हुए नागरिकों एवं प्रथम बार, युवा पात्र मतदाताओं के नाम निर्वाचक नामावली में शामिल करने के लिए निरन्तर अद्यतन प्रक्रिया के तहत विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है।



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में बैठक का आयोजन।

अलग से डिक्लेरेशन फॉर्म पेश करने की आवश्यकता नहीं

बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झा ने बताया कि प्रथम बार पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने का कार्य अभियान चलाकर किया जा है। पात्र नागरिक निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार फॉर्म-6 भरकर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ आवश्यक जानकारी एवं दस्तावेज निर्धारित नियमों के अनुसार उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। यह भी स्पष्ट किया गया कि फॉर्म-6 जमा करने के बाद अलग से घोषणा-पत्र (डिक्लेरेशन फॉर्म) प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है।

प्रत्येक जिले में चलाया जा रहा विशेष अभियान

बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झा ने बताया कि नए एवं पंजीकरण से छूटे पात्र मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रत्येक जिले में विशेष अभियान आयोजित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य पात्र नागरिकों को पंजीयन प्रक्रिया की जानकारी देकर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन प्राप्त करना तथा आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराने में सहायता प्रदान करना है। इसके लिए तहसील स्तर पर एसडीएम, तहसीलदार एवं जिला स्तर पर संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी के माध्यम से आवश्यक सहयोग दिया जा रहा है।

प्रदेश कांग्रेस ने आयोग के सामने रखे मतदाताओं की समस्याओं को लेकर सुझाव, आपत्तियां

केंद्रीय निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय, भोपाल में मतदाता सूची से संबंधित विषयों पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश कांग्रेस की ओर से जेपी धनोपिया, प्रभारी चुनाव आयोग कार्य, एवं ललित सेन, प्रभारी मतदाता सूची के नेतृत्व में मतदाता सूची के पुनरीक्षण एवं विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया में सामने आ रही विसंगतियों और मतदाताओं की समस्याओं को लेकर महत्वपूर्ण आपत्तियां एवं सुझाव प्रस्तुत किए गए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की बुनियाद है। इसकी प्रक्रिया में पारदर्शिता, निष्पक्षता और पात्र मतदाताओं के मताधिकार की सुरक्षा सुनिश्चित करना निर्वाचन आयोग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया को सरल बनाने के नाम पर यदि पात्र मतदाताओं के नाम छूट रहे हैं, तो यह गंभीर चिंता का विषय है।

भारत की अर्थव्यवस्था वर्ष 2026 और 2027 में 7 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विकास यात्रा वैश्विक स्तर पर मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के नवीनतम वर्ल्ड इकनामिक आउटलुक ग्रोथ प्रोजेक्शन्स के अनुसार, भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वर्ष 2026 और 2027 में 7.0 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। यह हमारी सशक्त अर्थव्यवस्था और क्षमता का प्रमाण है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में भारतीय अर्थव्यवस्था की ओर से अर्जित अर्थव्यवस्था की मजबूती, संवर्धित क्षमताओं और विस्तारित होती संभावनाओं को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में प्राप्त यह उपलब्धि हर्ष और गर्व का विषय है।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में यह उपलब्धि हर्ष और गर्व का विषय, मजबूत अर्थव्यवस्था को दर्शाते हैं अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के आंकड़े

इसके साथ ही यह उपलब्धि प्रधानमंत्री मोदी के सक्षम नेतृत्व का भी प्रमाण है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में आर्थिक सुधारों, बुनियादी ढांचे के विकास और निवेश को बढ़ावा देने से विकास के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य की दिशा में भारत निरंतर प्रयत्नशील और गतिशील है।

केंद्रीय कृषि मंत्री तत्काल कराएं राष्ट्रीय स्तर पर समीक्षा

खराब बीजों से फसल बर्बाद होने पर किसानों को मुआवजा दे सरकारः जीतू पटवारी

दोषी बीज निर्माता कंपनियों पर सख्त कार्रवाई की मांग

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर देश में अमानक बीजों की बढ़ती समस्या, किसानों को हो रहे आर्थिक नुकसान और बीज गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने मांग की है कि खराब बीजों के कारण फसल बर्बाद होने पर किसानों को उचित मुआवजा दिलाने के लिए प्रभावी कानूनी व्यवस्था बनाई जाए तथा दोषी बीज निर्माता कंपनियों और विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित हो। किसान पहले ही महंगे खाद, कीटनाशक, बढ़ती कृषि लागत और फसलों के उचित दाम नहीं मिलने से परेशान है। ऐसे में यदि किसान बाजार से बीज खरीदता है और वही बीज गुणवत्तापूर्ण नहीं निकलता, तो उसकी पूरी मेहनत, निवेश और आजीविका दांव पर लग जाती है। चिंताजनक यह है कि बीजों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए व्यवस्था मौजूद होने के बावजूद अमानक बीजों के मामले लगातार सामने आ रहे हैं।

केंद्रीय कृषि मंत्री से आग्रह किया कि इस गंभीर विषय पर तत्काल राष्ट्रीय स्तर पर समीक्षा कराई जाए, किसानों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए स्पष्ट कानूनी प्रावधान सुनिश्चित किए जाएं और दोषियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई को सार्वजनिक किया जाए।

दोषियों पर कार्रवाई की बजाय महिलाओं का अपमान अक्षम्य

आदिवासी महिलाओं के चरित्र और रंग-रूप पर तंज कसना उनकी गरिमा पर चोटः अजय

मुख्यमंत्री से दोषी पुलिस अधीक्षक को निलंबित कर सख्त कार्रवाई की मांग

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने कहा है कि उमरिया पुलिस अधीक्षक के समक्ष अपनी सुरक्षा और न्याय की मांग करने आई आदिवासी महिलाओं के चरित्र और रंग-रूप पर तंज कसना न सिर्फ महिलाओं की गरिमा पर चोट है, बल्कि पूरे प्रदेश को शर्मसार करने वाली घटना है। महिलाओं को ढाढस बंधाने और दोषियों पर कार्रवाई करने के बजाय पुलिस अधीक्षक द्वारा उनका अपमान करना बेहद शर्मनाक और अक्षम्य है।उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से दोषी पुलिस अधीक्षक को तत्काल निलंबित कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। अजय सिंह ने आरोप लगाया कि प्रदेश में आदिवासियों और महिलाओं के खिलाफ अपराधों का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है।



विवि में टूटी कुर्सी, पुराने एसी कहीं धोखा न दे जाएं..

राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में इन दिनों विभागों से लेकर कक्षाओं तक खर्चों का हिसाब किताब काफी जटिल प्रक्रिया से गुजर रहा है। फाइनेंस कंट्रोलर हर बिल को दो तीन बार तो चेक कर ही रहे हैं, यह अच्छी बात भी है। लेकिन विवि के प्रशासनिक भवन से कक्षाओं तक कुछ जरूरतें ऐसी हैं, जो पूरी न हों तो आपके नैक ग्रेडिंग तक को बट्टा लगता दिखता है। विवि को नैक ने व्यवस्थाओं के अनुसार काफी अच्छा ग्रेड दिया है, ऐसे में विवि के अंदर भी यह ग्रेड दिखना ठीक रहेगा क्या? ताजा हाल यह हैं प्रशासनिक भवन में ही, जहां प्रदेशभर के कॉलेजों के प्रमुख और सरकार के नुमाइंदे विभिन्न कार्यों के लिए पहुंचते हैं, उसी भवन में कहीं कुर्सी टूटी पड़ी है जो एसी 15 से 20 साल पुराने लगे हैं, जिनकी ऊपरी परत उधड़ रही है। कभी यह अचानक बंद हो रहे हैं, तो कभी झटके मार-मार के चलते हैं। विवि में खर्चों के कंट्रोल का यह केवल नमूना भर है, पूरी पिचक्चर अभी बाकी है, जो मौके पर देखी जा सकती है। इस पौराणिक व्यवस्था से कोई परहेज नहीं है, जब तक यह चल रही है, लेकिन किसी दिन शॉर्ट सर्किट हो गया या कोई अचानक कुर्सी का पाया टूटने से जमीन पर गिर गया तो संबंधित को मानसिक शारीरिक पीड़ा के साथ विवि की भी भद्द पिट सकती है। मेरा मानना है कि ऐसे स्थिति में कम से कम ऐसे वेरी अर्जेंट खर्चों को समय रहते कर लेना चाहिए। यह खर्चे सालों में होते हैं, लेकिन सभी को भावी मुसीबत और परेशानियों से बचाए रखते हैं। यह बात ध्यान देने लायक हो सकती है।

यह अच्छी पहल है, जमीन पर भी दिख रही है...

शहर के प्रतिष्ठित मध्य प्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय का ई कंटेंट के सेल्फ लर्निंग मटेरियल के माध्यम से आप अंडरग्रेजुएट, पोस्टग्रेजुएट, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्सेस की डिजिटल किताबें और नोट्स पीडीएफ फॉर्मेट में विवि की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। छात्रों के लिए दूरदर्शन और यूट्यूब के माध्यम से विशेष वीडियो व्याख्यान ऑनलाइन उपलब्ध हैं। भोज वाणी ऑडियो प्रारूप में पाठ्यक्रम सामग्री पर सुनी जा सकती है। विश्वविद्यालय का ई-कंटेंट और डिजिटल लाइब्रेरी से भी जुड़ा हुआ है। यहां तक की प्रवेश, परीक्षा और अन्य ऑनलाइन सेवाएं भी विवि ने ऑनलाइन कर दी हैं। सबसे खास बात यह है कि सभी सुविधाएं विद्यार्थियों के लिए शुरू की गई हैं, जो अब विवि के स्टडी सेंटर्स ही नहीं, दूरदराज के विद्यार्थियों तक भी पहुंच रही हैं। जमीन पर इनका उपयोग अब हर सत्र में अधिक प्रभावी होता दिख रहा है। यह अच्छी पहले है।

मास्साब के चहेतों को नकारा, बता दी राजनीति...

राजधानी भोपाल में शिक्षकों की प्रतिस्पर्धा के बीच बच्चों को टूल के तरह उपयोग कर एक दूसरे के विरोध में प्रदर्शन और स्कूल से रवानगी कराने के मामले में पहले भी सामने आते रहे हैं। हालांकि इन दिनों के एक सरकारी स्कूल का मामला खूब सुर्खियों में हैं। जिसमें बच्चों ने शिक्षिका के विरूद्ध सड़क पर उतरकर प्रदर्शन कर दिया, लेकिन इस पूरे प्रदर्शन के पीछे एक मासाब की राजनीति भी विभागीय गलियारों में चर्चा का विषय बनी हुई है। विभागीय सूत्रों की माने तो कुछ दिन पहले तक मासाब इस स्कूल में अपने चहेतों की प्रतियोगी परीक्षाओं में डयूटी लगाने की जुगाड़ में लगे हुए थे, लेकिन वे सफल नहीं हो पाए। ऐसे में नाराज मासाब ने अपनी राजनीति बता दी। हालांकि इस मामले में पूरी सच्चाई जांच के बाद ही सामने आएगी। फिलहाल शिक्षिका को दूसरे स्कूल भेज दिया गया है, जिससे मासाब खूब खुश नजर आ रहे हैं।

साहब मंत्रालय जाकर भूल गए...

स्कूल शिक्षा विभाग में भोपाल संभाग कार्यालय और फिर डीपीआई में पदस्थ रहे एक अधिकारी इन दिनों मंत्रालय पहुंच गए हैं। हालांकि उनकी इस पदस्थापना के बाद उनके कुछ चहेते अधिकारी-कर्मचारी उनसे नाराज नजर आ रहे हैं। विभागीय सूत्रों की माने तो इन अधिकारी-कर्मचारियों का दुख यह है कि साहब ने भोपाल संभाग कार्यालय और डीपीआई में पदस्थ रहते हुए इनसे खूब काम कराए। अब जब मंत्रालय में पहुंच गए हैं तो फोन भी उठाना बंद कर दिया है। यहां तक कि कभी मुलाकात होने पर साहब नजर अंदाज भी कर देते हैं, ऐसे में यह साहब विभागीय गलियारों में चर्चा का विषय बने हुए हैं। हालांकि इसके पहले सीहोर में साहब द्वारा कराए गए अपने पारिवारिक कार्यक्रम को लेकर भी वह खूब चर्चाओं में रहे हैं।

– संजीव सक्सेना

160 कर्मचारियों को मिलेगी पदोन्नति

वाणिज्यिक कर विभाग मप्र का पहला ऐसा विभाग बना, जहां 2026 के लिए भी आज होगी डीपीसी



फाइल फोटो।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में अभी भी कई सरकारी विभागों में विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक अभी तक नहीं हो पाई है। इस वजह से 10 वर्ष बाद भी कई शासकीय सेवकों की पदोन्नति नहीं हो पाई। इसमें से कुछ विभागों ने तो डीपीसी पूरी कर ली, पर उनके पदोन्नति के आदेश जारी नहीं हो पाए है। हालांकि वाणिज्यिक कर विभाग मप्र का एक मात्र ऐसा विभाग है, जहां उसके तीनों विभागों आबकारी, पंजीयन व वाणिज्यिक कर ने वर्ष 2026 की स्थिति में डीपीसी के लिए प्रस्ताव लोक सेवा आयोग (पीएससी) को भेजा था। इसके लिए डीपीसी बुधवार को होगी। सरकार ने सभी विभागों में 10 साल से रूकी पड़ी शासकीय सेवकों की पदोन्नति का निर्णय लिया था। इसके बाद सभी विभागो में पदोन्नति की प्रक्रिया शुरू हुई। मुख्य सचिव की सख्ती की वजह से विभागों ने डीपीसी पूरी कर ली। कुछ विभागों में अधिकारियों की सीआर व अन्य कारणों से अभी भी डीपीसी पूरी नहीं हो पाई है। जबकि कुछ विभागों में डीपीसी होने के बावजूद अभी तक पदोन्नति के आदेश जारी नहीं हो पाए हैं। किंतु आबकारी, पंजीयन व जीएसटी विभाग ने 2025 की डीपीसी पूर्ण करने के बाद 2026 के लिए भी डीपीसी कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

तीन विभागों की डीपीसी आज इंदौर में

वर्ष 2026 की स्थिति में आबकारी, वाणिज्यिक कर और पंजीयन को मिलाकर करीब 160 शासकीय सेवकों की डीपीसी बुधवार को दोपहर 3 बजे रखी गई है। इसमें विभाग के प्रमुख सचिव समेत अन्य अफसर शामिल होंगे। डीपीसी इंदौर में लोक सेवा आयोग में होगी। इसके लिए भोपाल से अधिकारियों की एक टीम दो दिन पहले से इंदौर में है। इतनी कम संख्या की सबसे बड़ी वजह पिछले 2025 तक की स्थिति में कुल 500 से ज्यादा शासकीय सेवकों की डीपीसी हुई थी।



मंदिर में मां काली, दुर्गा, हनुमान, श्रीगणेश, मंशापूरण माता, भोलेनाथ, राम-जानकी सहित अन्य देवता विराजमान


पहाड़ी वाले दुर्गा मंदिर का मुख्य द्वार।


मंदिर में स्थापित मां का सुंदर


मंदिर में बनीं पूजन सामग्री की दुकानें।

नवरात्रि के दौरान भोपाल व आसपास के इलाकों से पहुंचते हैं हजारों श्रद्धालु

साकेत नगर के पहाड़ी वाले दुर्गा मंदिर में श्रद्धा के साथ नारियल चढ़ाने से होती है मुंहमागी मुरादें पूरी, खासकर संतान प्राप्ति के लिए है विख्यात

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के साकेत नगर के पहाड़ी वाले दुर्गा मंदिर में वैसे जो आम दिनों में बड़ी संख्या में भक्त पहुंचते है। लेकिन नवरात्रि के दौरान भोपाल व आस-पास के जिलों से भी लोग यहां माता रानी के दर्शन करने पहुंचते है। मंदिर को लेकर मान्यता है कि श्रध्दा के साथ नारियल चढ़ाने से मुंहमागी मुराद पूरी होती है। खासकर लोग यहां संतान प्राप्ति की कामना के लिए आते हैं। मंदिर में मां काली, दुर्गा, हनुमान, श्रीगणेश, मंशापूरण माता, भोलेनाथ, राम-जानकी सहित अन्य देवता विराजमान है। यहां पर नवरात्रा में लोग अपनी मनचाही मुराद मांगने पहुंचते है और माता रानी भक्तों की सभी कामनाएं पूरी करती है।



यह है मंदिर का इतिहास



राजा भोज से जुड़ा मंदिर के इतिहास कहा जाता है कि पहले यहां आसपास जंगल था और पास ही में बागसेवनिया खेड़ा था। यहां बने चबूतरे पर एक धर्मध्वजा और एक प्रतिमा विराजमान थी। जहां लोगों पूजा करने पहुंचते थे। मंदिर के पुजारी रामप्रकाश शर्मा ने बताया कि पहले यहां पर बागसेवनिया खेडा हुआ करता था। परमार समाज के दिलीप सिंह परमार को माता रानी ने रात के समय उनके सपने में आकर दर्शन दिए और कहा मेरी प्रतिमा यहां हैं। इसकी स्थापना करो। इसके बाद इस जगह पर खुदाई की गई। जहां पर काली मां की मूर्ति निकली। जिसकी वहां पर स्थापना कराई गई। साल 1965 में मंदिर के निर्माण किया गया। पहले यहां आस-पास कोई मंदिर नहीं हुआ करता था। यह एक मंदिर था। जहां पर बड़ी संख्या में लोग पहुंचते थे। यहां मां से मांगी हर मुरादें पूरी होने लगी। आज भी यहां पर दूर-दूर से लोग मां के दर्शन करने आते है। भक्त माता रानी को नारियल और चुनरी अर्पित करते है।

यह कामना भी होती है पूरी

माता रानी से श्रध्दा-भक्ती से अर्जी लगाने पर भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती है। जब-जब हमारे ऊपर कोई भी संकट या परेशानी आई,तो माता रानी को बताने पर उस समस्या का निदान होता है।



सुधीर कुमार,भक्त

भक्त नहीं होते निराश



माता का सच्चा दरबार है और माता रानी अपने भक्तों को कभी निराश नहीं करती। माता के दर्शन व अर्जी लगाने के बाद माता ने उनकी प्रार्थना सुनती है। मेरी कई मनोकमना पूरी हुई।

दीपक कटारे, भक्त

आज कुष्माण्डा देवी के स्वरूप की होगी उपासना, पंडालों में सुबह से ही चल रहा आराधना का दौर

दूधिया रोशनी से सराबोर हुई राजधानी, सजीं सुंदर झांकियां, कदम-कदम पर लग रहे देवी के जयकारे


अन्ना नगर क्षेत्र में सजी आकर्षक झांकी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर में शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा की साधना उपासना के विशिष्ट पर्व नवरात्रि में मंगलवार को तीसरे दिन चंद्रघंटा के रूप में मां की पूजा की गई। मंदिरों में लगातार भजन-कीर्तन भक्तों द्वारा किया गया। मां चामुंडा के गुरुजी पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि बुधवार को पूजन के चौथे दिन कूष्माण्डा देवी के स्वरूप की पूजा व उपासना की जाएगी। तो वहीं नवरात्रा के चलते पूरी राजधानी भक्तिमय हो गई है। शहर में एक से बढ़कर एक आकर्षक देवी प्रतिमाएं, झांकी पंडाल सजाए गए हैं। शारदीय नवरात्र के अवसर पर शहर दूधिया रोशनी से जगमग हो रहे है। दुर्गा जी की झांकियों और सड़कों पर आकर्षक विद्युत साज सज्जा की गई है। देवी मां के गीतों से शहर भक्तिमय रंग में रंग गया है। पंडालों में सुबह से ही दुर्गा मां की पूजा-अर्चना का दौर चल रहा है जो देर रात तक जारी रहता है।

गरबा पंडालों में भी बढ़ रही रौनक

नवरात्र के साथ शहर में गरबा आयोजनों की रौनक भी बढ़ गई है। विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित गरबा कार्यक्रमों में लोग पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होकर मां दुर्गा की आराधना कर रहे हैं। धार्मिक आयोजन, झांकियां और गरबा उत्सव मिलकर राजधानी में नवरात्र के उल्लास को और बढ़ा रहे हैं। मंदिरों में दर्शन से लेकर रात में झांकियां देखने और गरबा में शामिल होने तक, शहर में हर ओर देवी आराधना का माहौल नजर आ रहा है।



विजय मार्केट बरखेड़ा की झांकी।


शक्ति नगर की आकर्षक झांकी।

श्रद्धालुओं को तीन प्रमुख धार्मिक स्थलों का हो रहा अनुभव

विजय मार्केट (बरखेड़ा) में श्रद्धालुओं को एक साथ तीन प्रमुख धार्मिक स्थलों का अनुभव हो रहा है। दुर्गा उत्सव समिति (विजय मार्केट, बरखेड़ा) के उपाध्यक्ष सुनील गंगवानी ने बताया कि यहां उत्तराखंड के प्रसिद्ध नीम करौली बाबा के 'कैंची धाम', राजस्थान के प्रसिद्ध 'कांबेश्वर मंदिर' और माता रानी के 'गुफा स्वरूप दरबार' की भव्य प्रतिकृति को देखने के लिए बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे है। विशाल 'शिव द्वार भक्त झांकी परिसर का प्रवेश कर नीम करौली बाबा के कैंची धाम मंदिर के स्वरूप के दर्शन कर रहे है। झांकी परिसर में श्रद्धालुओं व बच्चों के मनोरंजन और जलपान के लिए विशेष झूले और विभिन्न खान-पान के स्टॉल्स भी लगाए गए है।

थाना पुलिस की भी ले रहे मदद

भक्तों की उमड़ रही भीड़ को नियंत्रित करने यातायात पुलिस ने 120 जवानों की लगाई ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शारदीय नवरात्र के शुरू के साथ ही इन दिनों तक मंदिरों से लेकर झांकियों में बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है, जो कि नवरात्रा समापन तक रहेगी। ऐसे भक्तों की भीड़ को नियंत्रण करने के लिए यातायात पुलिस द्वारा 120 से अधिक यातायात पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई है। तो वहीं क्षेत्रीय थाना पुलिस के मदद ली जाएगी। दरअसल, शारदीय नवरात्र में मंदिरों व झांकियों में लोग सपरिवार दर्शन करने के लिए पहुंचेंगे। इसकी वजह से सड़कों पर 5 गुना ट्रैफिक बढ़ने की संभावना है। न्यू मार्केट, मोती मस्जिद हमीदिया मार्केट, रॉयल मार्केट, बिट्टन मार्केट, कर्फ्यू माता मंदिर और जहांगीराबाद के आसपास के प्रमुख झांकियां सजाई जाती हैं, जहां भक्तों की अधिक भीड़ उमड़ती है। ऐसे में यातायात व्यवस्था बनाना ट्रैफिक पुलिस के लिए बड़ी चुनौती रहती है। इससे निपटने के लिए 120 ट्रैफिक कर्मियों की तैनाती की है। ट्रैफिक जाम की स्थिति न बने इसके लिए अतिरिक्त ट्रैफिक प्वाइंट बनाकर निगरानी की जा रही है। इसके अलावा आवश्यकता अनुसार ट्रैफिक डायवर्जन प्लान भी बनाया गया। ट्रैफिक डीसीपी बंसत कौल ने बताया कि मंदिरों व झांकियों में आने वाले भक्तों की सुविधा व जाम की स्थिति से निपटने के लिए यातायात पुलिस द्वारा 120 से अधिक यातायात पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई है। इसके अलावा सुबह 12 से रात 12 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर पूरी तक रोक लगा गई है। साथ ही प्रमुख झांकी स्थलों पर एसआई सहित यातायात पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे।

जाम की बन रही स्थिति

इन दिनों मंदिरों व झांकियों में भक्तों की भीड़ के साथ मेट्रो सहित अन्य कामों के चलते सड़कों पर स्पेस कम हो गया, जिससे जाम की स्थिति बन रही है। करोंद- अयोध्या बायपास, मिनाल, भेल दशहरा मैदान, बिट्टन मार्केट, कर्फ्यू माता मंदिर के पास आए दिन जाम की स्थिति बन रही है।

सांसद शर्मा और महापौर राय ने किया भूमिपूजन

वार्ड 15 को 2 करोड़ 6 लाख की सौगात, बनेंगी सड़कें और नालियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल के वार्ड क्रमांक 15 में सड़क और नाली निर्माण के जरिए बुनियादी सुविधाएं बेहतर करने की तैयारी है। नगर निगम की ओर से करीब 2 करोड़ 6 लाख रुपए की लागत से अ ल ग - अ ल ग क्षेत्रों में सीमेंट कांक्रीट की सड़कें और नालियां बनाई जाएंगी। मंगलवार को टीला जमालपुरा क्षेत्र में सांसद आलोक शर्मा और महापौर मालती राय ने भूमिपूजन किया। इन निर्माण कार्यों का उद्देश्य क्षेत्र में आवागमन को सुविधाजनक बनाना और बारिश के दौरान पानी की निकासी को बेहतर करना है। सड़कें बनने से लोगों को आने-जाने में सुविधा मिलेगी, वहीं नालियों के निर्माण से जलभराव की समस्या कम करने में मदद मिलने की उम्मीद है।



स्थानीय रहवासियों को मिलेगी सुविधा

हालांकि, इसका लाभ निर्माण की गुणवत्ता, समय पर काम पूरा होने और नालियों की उचित निकासी व्यवस्था पर निर्भर करेगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में महापौर परिषद के सदस्य मनोज राठौर, जोन अध्यक्ष देवेंद्र भार्गव, स्थानीय पार्षद शैलेश साहू, पूर्व पार्षद पंकज चौकसे और कमलेश कुशवाह सहित निगम के अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

डीपीआई ने मांगा जिलों से शिक्षकों का सेवा रिकॉर्ड

भोपाल। लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) ने उच्च माध्यमिक शिक्षकों की गोपनीय चरित्रावली, सेवा रिकॉर्ड और विभागीय जांच से जुड़ी जानकारी जिलों से मांगी है। संचालनालय ने अधिकारियों को 25 अक्टूबर 2026 तक तय प्रारूप में रिपोर्ट भेजने को कहा है। अधिकारियों के अनुसार, प्रमोशन की प्रक्रिया शिक्षक पात्रता परीक्षा (ज्म्ज्) से जुड़ी है, जो दिसंबर में संभावित है।

इसके बाद ही क्वालिफाइड शिक्षकों को नियमों के तहत प्रमोट करने की प्रक्रिया आगे बढ़ सकेगी।संचालनालय के निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि प्रमोशन प्रक्रिया से पहले शिक्षकों का रिकॉर्ड पूरी तरह दुरुस्त किया जाएगा।

हाईकोर्ट ने अपूर्वा की याचिका की निरस्त

प्राथमिक शिक्षक पद के लिए केवल बीएड डिग्री मान्य नहीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र उच्च न्यायालय ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए बीएड डिग्री के आधार पर पात्रता का दावा करने वाली अभ्यर्थी अपूर्वा शर्मा की याचिका निरस्त कर दी है। न्यायमूर्ति पवन कुमार द्विवेदी की एकलपीठ ने स्पष्ट किया कि प्राथमिक शिक्षक पद के लिए केवल बीएड की डिग्री निर्धारित व्यावसायिक योग्यता का विकल्प नहीं बन सकती। भर्ती के लिए नियमानुसार डीएलएड या समकक्ष व्यावसायिक योग्यता आवश्यक है। जबलपुर निवासी अपूर्वा शर्मा ने वर्ष 2018 में बीएड की डिग्री प्राप्त की थी और वर्ष 2020 में प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण की थी। इसके बाद उन्होंने प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा-2025 में भाग लिया और सफल भी हुईं। हालांकि, दस्तावेज सत्यापन के दौरान निर्धारित व्यावसायिक योग्यता नहीं होने के आधार पर उन्हें अपात्र घोषित कर दिया गया। जिसके बाद उन्होने याचिका लगाई थी।

जहांगीराबाद में रात को चला निगम का अभियान

सड़क पर अतिक्रमण और कचरा फेंकने वालों के खिलाफ कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर की सड़कों पर गंदगी फैलाने और अतिक्रमण कर राहगीरों की परेशानी बढ़ाने वालों के खिलाफ नगर निगम ने सख्ती दिखाई है। जहांगीराबाद क्षेत्र में रात के समय किए गए निरीक्षण के दौरान सड़क और सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फैलाने के साथ दुकानों के बाहर अतिक्रमण के मामले सामने आए। निगम के अमले ने कार्रवाई करते हुए 13 प्रकरणों में कुल 10 हजार रुपए का स्पॉट फाइन वसूला।

निगमायुक्त दे दिए दिशा-निर्देश

निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर सफाई अमले ने रात में क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान सार्वजनिक स्थलों और सड़कों पर गंदगी मिलने के साथ दुकानदारों द्वारा सड़क तक अतिक्रमण किए जाने की स्थिति भी सामने आई। निगम की टीम ने संबंधित मामलों में जुर्माना लगाकर कार्रवाई की।

लापरवाही पर होगी कार्रवाई

निगम शहर की सफाई व्यवस्था सुधारने और सड़कों पर आवागमन सुगम बनाने के लिए लगातार अभियान चला रहा है। इसके तहत सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फैलाने और सड़क पर अतिक्रमण करने वालों को कार्रवाई के दायरे में लिया जा रहा है। निगम की इस कार्रवाई से साफ है कि स्वच्छता नियमों की अनदेखी और सड़क पर कब्जा करने वालों पर जुर्माने के जरिए दबाव बनाया जा रहा है।

बाढ़, भूकंप, बिजली गिरना जैसी आपदाओं के समय उपलब्ध आसान तकनीकों से लोगों की जान बचाने की दी ट्रेनिंग

मैनिट: आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए दी गई ट्रेनिंग, विशेषज्ञों ने दिया मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित मैनिट में मंगलवार को आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस (आईडी-डीआरआर) के अवसर पर फैकल्टी, स्टाफ और छात्रों के लिए आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

यह प्रशिक्षण समुदाय की क्षमता को मज़बूत करने और कैंपस की सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में एक सक्रिय कदम है। वर्ष 2026 के आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस (विश्व आपदा दिवस) का विषय लचीलापन घर से शुरू होता है, रहा।


मैनिट में आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए ट्रेनिंग दी गई, विशेषज्ञों ने प्रदर्शन किया।

इन लोगों ने लिया हिस्सा

आयोजक डीआरआर क्लब मैनिट, आईयूआईएन डीआरआर एनआईडीएम (डीआरआर के लिए भारतीय विश्वविद्यालय संस्थान नेटवर्क), एमआईडीएम, गृह मंत्रालय (भारत सरकार) और आर्किटेक्चर और प्लानिंग विभाग मैनिट रहे। समन्वय डीआरआर क्लब मैनिट के कोऑर्डिनेटर डॉ. राजश्री कामत और डॉ. रजत सोनी ने किया।

आपदाओं का व्यावहारिक प्रदर्शन दिखाया

एसडीईआरएफ भोपाल (एमपी), होम गार्ड और सिविल डिफेंस की विशेषज्ञ टीम में राम कुमार शर्मा जिला कमांडेंट एसडीआरएफ सिविल डिफेंस भोपाल, ज्योति बंसल कंपनी कमांडर एसडीआरएफ भोपाल, शरद यादव प्लाटून कमांडर सिविल डिफेंस होमगार्ड भोपाल ने व्यावहारिक प्रदर्शन करके दिखाया। इस दौरान बाढ़, भूकंप, बिजली गिरना, बिजली का झटका लगना, ब्लैकआउट या इमारत गिरने जैसी प्राकृतिक या मानव-निर्मित आपदाओं के समय, आम तौर पर उपलब्ध चीजों और आसान तकनीकों का इस्तेमाल करके लोगों की जान कैसे बचाई जा सकती है।

समय पर की गई कार्रवाई नुकसान को कम कर सकती है

मैनिट के 12 अलग-अलग ब्रांच और डीआरआर ओपन इलेक्टिव व आर्किटेक्चर और प्लानिंग स्पेशलाइज़ेशन के छात्रों ने विभिन्न आपदाओं पर अपने काम को पोस्टर के रूप में प्रदर्शित किया। कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए, आयोजकों ने बताया कि युवाओं को आपदा प्रबंधन के व्यावहारिक कौशल से सशक्त बनाने से पेशेवर बचाव दलों के आने से पहले सुरक्षा की एक मज़बूत पंक्ति तैयार होती है।

खबर संक्षेप



समाज में एकजुटता के लिए संकल्प लिया

औबेदुल्लागंज। औबेदुल्लागंज में महाराज अग्रसेन जयंती धूमधाम से मनाने पर अग्रवाल समाज के वरिष्ठ जनों ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि संगठन को मजबूत बनाओ। समाज में एकता लाओ। विशेष रूप से अशोक मित्तल, बंशीधर अग्रवाल, विद्या अग्रवाल, नपा उपाध्यक्ष नमीता अग्रवाल, मानसी मित्तल ने सभी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अग्रवाल समाज की समिति में विशेष रूप से सिद्धार्थ मित्तल, गोलू अग्रवाल, विकी लड्डू अग्रवाल, अभिनव अग्रवाल, नक्षत्र अग्रवाल, तिथि अग्रवाल, संजय अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, बागीश अग्रवाल, विवेक मित्तल और सभी ने सहयोग देकर कार्यक्रम को भव्य रूप दिया। इस अवसर पर प्रण लिया कि हर वर्ष अग्रसेन जयंती धूमधाम से मनाएंगे, एक-दूसरे का सहयोग करेंगे। सिद्धार्थ मित्तल ने आभार माना।

पत्नी की हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

भोपाल। चरित्र पर संदेह के विवाद पर पत्नी रानो यादव की गला दबाकर हत्या करने वाले पति अभियुक्त राजकुमार यादव उर्फ राजा यादव पिता रमेश यादव(24) निवासी बरेला गांव लालघाटी भोपाल को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश श्रीमती सुरेखा मिश्रा के न्यायालय ने हत्या के आरोप में भादंसं की धारा-302 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास से दण्डित किया है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से अतिरिक्त जिला लोक अभियोजक संतोष कुमार शर्मा ने पैरवी की थी। अभियोजन के अनुसार दिनांक 18 जुलाई 2022 को रात्रि 2 बजे चरित्र पर संदेह के विवाद पर पत्नी रानो यादव की बनियान से गला दबाकर जघन्य हत्या कर दी थी।

फर्जी रजिस्ट्री में केस दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग

औबेदुल्लागंज। भाजपा नेता एवं हिंदू परिषद के प्रदेश सदस्य वचन लोधी ने कहा कि दोनों चोरी पर बात कर रहे हैं। एक-दूसरे पर आरोप पर आरोप लगाए जा रहा है और नगर की जनता को गुमराह कर रहे हैं। जब मामला स्पष्ट है तो प्रशासन को एफआईआर दर्ज



करके गिरफ्तारी करना चाहिए। शासकीय भूमि की जो फर्जी रजिस्ट्री हुई है, उससे बेचने और खरीदने वाले स्पष्ट हैं। प्रशासन के पास खरीदार, बेचने वाले का नाम, फोटो और पता रजिस्ट्री के माध्यम से है, अब पता नहीं प्रशासन किस चीज की जांच कर रहा है। प्रशासन को प्रेस कॉन्फ्रेंस करना चाहिए। आरोपी है तो उनके नाम उजागर करना चाहिए और एफआईआर दर्ज करना चाहिए। दोषी नहीं है तो इस मामले में जिनके भी यह नाम चल रहा है, उनको क्लीन चीट देना चाहिए, नहीं तो छोटी-छोटी बातें आपस मे चल रही है, एक दिन बड़ा रूप ले लेगी। वचन लोधी ने कहा कि शासकीय जमीन घोटाले में अधिकारियों की लापरवाही से प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल उठ रहे हैं, सब प्रमाण होते हुए भी शासकीय जमीन प्रकरण में लेट लतीफी क्यों कर रहे हैं।

रात में मासूम से की छेड़छाड़, बच्ची ने पिता को बताई घटना

मां के परिचित ने बच्ची से किया बैड टच, पिता ने फोटो दिखाकर मासूम से कराई पहचान, दर्ज कराया प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कजलीखेड़ा थाना क्षेत्र में रात में सोते समय मां के परिचित द्वारा बेटी से अश्लील हरकत किए जाने का मामला सामने आया है। बच्ची ने घटना की जानकारी अपने पिता को दी थी। पिता ने आरोपी के बारे में जानकारी जुटाई और उसका फोटो अरेंज कर बेटी को दिखाया। बेटी ने आरोपी की पहचान कर ली। इसके बाद पुलिस को शिकायत की गई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 9 साल की बच्ची कजलीखेड़ा

■ अलग अलग रहते हैं बच्ची के माता और पिता



इलाके में रहती हैं और कक्षा चौथी में पढ़ती है। उसकी मां एमपी ऑनलाइन में नौकरी करती हैं, जबकि पिता प्राइवेट जॉब करते हैं। माता पिता की आपस में नहीं बनने के कारण दोनों अलग-अलग रहते हैं। बच्ची मां के साथ रहती है। बच्ची ने पिता को बताया कि मां का परिचित अक्सर घर आता है। गत 1 अक्टूबर की रात भी वह घर आया था। बच्ची अलग कमरे में सो रही थी। रात में उठी और वॉशरूम गई। वहां से लौटकर अपने बेड पर पहुंची थी। तभी मां का परिचित आया और उसके प्राइवेट पार्ट को टच करने लगा। उसने अपने प्राइवेट पार्ट पर भी टच कराया था। इसके बाद वह कमरे से चला गया। बच्ची ने घटना की जानकारी पिता को दी। पिता ने परिचित का फोटो अरेंज कर बेटी को दिखाया। इस दौरान बेटी ने उसकी पहचान करते हुए बताया कि इसी सख्श द्वारा उसके साथ अश्लील हरकत की गई थी। पिता कजलीखेड़ा थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

नाबालिग का अपहरण और यौन शोषण करने वाला उज्जैन से गिरफ्तार

शाहजहांनाबाद पुलिस ने नाबालिग के अपहरण और यौन शोषण के मामले में कार्रवाई करते हुए 26 साल के आरोपी को उज्जैन से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बालिका को आरोपी से दस्तयाब कर लिया है। मामले में पूछताछ के आधार पर अन्य फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस के मुताबिक 3 नवंबर 2024 को पुरानी अदालत के पास रहने वाले एक फरियादी ने अपनी 16 वर्षीय बेटी के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। फरियादी ने आरोप लगाया था कि अज्ञात व्यक्ति उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। शिकायत पर शाहजहांनाबाद थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। नाबालिग की तलाश के लिए पुलिस ने मुखबिर तंत्र सक्रिय करने के साथ तकनीकी साक्ष्यों की मदद ली। लगातार पतारसी के बाद पुलिस ने बालिका को आरोपी सुरेश सोलंकी (26) निवासी ग्राम उमरना, थाना बिरलाग्राम, जिला उज्जैन के कब्जे से दस्तयाब किया। इसके बाद मामले में भारतीय न्याय संहिता की अन्य धाराओं और पॉक्सो एक्ट की धाराएं बढ़ाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस आरोपी से घटना के संबंध में पूछताछ कर रही है। अब तक सामने आई जानकारी के आधार पर अन्य फरार आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस टीम गठित कर रवाना की गई है।

दो साल से लंबित मामले में बालिका को किया था बरामद

बागसेवनिया स्थित साकेत नगर में वारदात को दिया अंजाम

घर के बरामदे में घुसकर 80 साल के बुजुर्ग से चेन झपटकर भागा बदमाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में सड़कों के अलावा अब घर में भी लोग सुरक्षित नहीं है। बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित साकेत नगर में सोमवार दोपहर घर के बरामदे में अखबार पढ़ रहे अस्सी साल के बुजुर्ग से बदमाश ने चेन झपट ली।

पुलिस ने बुजुर्ग के बेटे की शिकायत पर झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर बदमाश की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार शैलेंद्र गुप्ता (45)

- शहर में नहीं थम रहा लूट और झपटमारी का सिलसिला
- दोपहर करीब साढ़े बारह बजे घर में घुसे आरोपी



बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी के पीछे की तरफ वाले हिस्से में साकेत नगर में रहते हैं और एसबीआई इंश्योरेंस कंपनी में नौकरी करते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि उनके 80 साल के पिता मन्नी गुप्ता सोमवार सुबह घर पर अकेले थे, जबकि वह ड्यूटी गए हुए थे। पिता ने बताया कि दोपहर करीब साढ़े 12 बजे वह बरामदे में अखबार पढ़ रहे थे।

कहा-गले पर कीड़ा है

बुजुर्ग अखबार पढ़ रहे थे कि अज्ञात व्यक्ति बरामदे में पहुंचा और कहने लगा कि क्या मुझे पहचान रहे हो? बुजुर्ग ने उसे कहा कि नहीं मैं नहीं पहचाना। इसी बीच बदमाश ने कहा कि आपके गले पर कीड़ा चल रहा है इसे हटा देता हूं। इतना कहते ही बदमाश ने उनके गले पर झपट्टा मारकर चेन झपट ली। बुजुर्ग मन्नी गुप्ता ने शोर मचाया, लेकिन घर पर कोई नहीं था और बदमाश चेन झपटकर ले गया।

जियो मोबाइल ऑनलाइन बुक करने पर साध्वी से एक लाख की ठगी

कोतवाली पुलिस ने साध्वी की शिकायत पर साइबर जालसाज पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। दरअसल, जियो मोबाइल खरीदने के लिए साध्वी ने ऑनलाइन बुकिंग की थी। साइबर ठगों ने मोबाइल की डिलीवरी अटकने, जीएसटी लगने और भुगतान वापस करने का झांसा देकर महिला से अलग-अलग किश्तों में एक लाख रुपए ट्रांसफर करा लिए। ठगी का अहसास होने पर महिला ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई। जांच के बाद पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक तुलसी नगर टीटी नगर निवासी पल्लवी जैन (48) साध्वी हैं और देश के विभिन्न जैन मंदिरों में रहकर भक्ति करती हैं। इन दिनों वह कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित मारवाड़ी श्वेतांबर जैन मंदिर में रहती हैं। उनके पास 9 जुलाई 2026 को मोबाइल खरीदने के संबंध में एक मैसेज आया। अगले दिन उन्होंने मैसेज पढ़ने के बाद जियो मोबाइल बुक करने का प्रयास किया। इस दौरान उनसे 200 रुपए की मांग की गई, जो उन्होंने फोन-पे के माध्यम से भेज दिए। इसके बाद संबंधित मोबाइल नंबर से फोन आया कि मोबाइल की डिलीवरी अटक गई है और इसके लिए जीएसटी देना होगा। जालसाज ने उनसे पांच हजार रुपए और ट्रांसफर करा लिए। इसके बाद पैसे वापस करने का भरोसा देकर अलग-अलग बहानों से रकम मांगता रहा। महिला ने पहले मोबाइल नंबर पर कुल 40 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए।

■ डिलीवरी अटकने समेत बनाए कई बहाने

तीन मोबाइल नंबरों से संपर्क कर वसूले रुपए

फरियादिया के मुताबिक 12 जुलाई को दूसरे मोबाइल नंबर से फोन आया। कॉल करने वाले ने कहा कि उनके पैसे अटक गए हैं और 40 हजार रुपए वापस पाने के लिए कुछ और रकम भेजनी होगी। महिला ने 40 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। फिर कॉल आया कि महिला ने 20 हजार रुपए और भेज दिए। इस तरह तीन मोबाइल नंबरों के जरिए एक लाख रुपए ऐंठ लिए गए।

मादक पदार्थ गांजा के तस्कर को 1 वर्ष 6 माह का सश्रम कारावास

भोपाल। मादक पदार्थ गांजा की अवैध रूप से तस्करी करने वाले के अभियुक्त विजय सुमन पिता राजेन्द्र सुमन निवासी वारा राजस्थान को एनडीपीएस एक्ट के विशेष न्यायाधीश डॉ. मुकेश कुमार मलिक ने एनडीपीएस एक्ट की धारा-8/ 20 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 1 वर्ष 6 माह के सश्रम कारावास एवं 5000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। विशेष लोक अभियोजक मनोज त्रिपाठी एवं विक्रम सिंह द्वारा प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी की गई। अभियोजन के अनुसार पुलिस थाना जीआरपी भोपाल को मुखबिर ने 9 अगस्त 2023 को सूचना दी कि थैली में गांजा लेकर आरोपी उज्जैन, कोटा की तरफ निकलने वाला है।

श्यामला हिल्स के गंगा नगर का मामला

रंजिश में घर के बाहर खड़े युवक पर चाकू से किया जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

श्यामला हिल्स थाना क्षेत्र गंगा नगर में सोमवार रात रंजिश में हुए विवाद के बाद दो बदमाशों ने युवक पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में मोहल्ले में रहने वाला एक अन्य युवक भी घायल हुआ है। वारदात के बाद आरोपी कुलदीप चंदेल अपने साथी के साथ मौके से भाग निकला। पुलिस ने दोनों के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, राजेश प्राइवेट काम करता है। सोमवार रात वह अपने घर के बाहर खड़ा था, तभी कुलदीप चंदेल अपने साथी के साथ वहां पहुंचा। दोनों ने रंजिश को लेकर राजेश से गाली-गलौज शुरू कर दी। राजेश ने इसका विरोध किया तो विवाद बढ़ गया। इसी दौरान आरोपियों ने चाकू निकालकर उस पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में राजेश घायल हो गया। वारदात के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना के बाद घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर है। सूचना मिलने पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की है।

प्रतिभागियों ने पारंपरिक और फ्यूजन गरबे की शानदार प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को किया मुग्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

द योगा हाइव स्टूडियो द्वारा सीहोर रोड स्थित गार्डन में आयोजित रंगरसिया गरबा महोत्सव में आरती के साथ गरबा रास का आगाज हुआ जो देर रात तक चलता रहा। सुंदर-सुंदर गरबा के परिधानों में पार्टीसिपेंट्स गरबा गीतों व डीजे के गानों पर थिरकते हुए नजर आए। गरबे को संचालित कर रही डॉ. मोनिका तोलानी ने बताया कि प्रतिभागियों ने मां दुर्गा की आराधना के साथ गरबा का आनंद लिया। प्रतिभागियों को पुरस्कार व ट्रॉफियों से सम्मानित किया गया।



नवरात्रि में सफाई व्यवस्था बदहाल

तामोट में नालियों में कचरा सड़कों पर बह रहा गंदा पानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ तामोट

ग्राम पंचायत तामोट क्षेत्र की सबसे बड़ी पंचायतों में शामिल है। इन दिनों दुर्गा उत्सव के चलते जगह-जगह धार्मिक आयोजन हो रहे हैं।

वहीं दूसरी ओर गांव की सफाई व्यवस्था बदहाल होने से ग्रामीण परेशान है। नालियां कचरे से भरी हुई हैं। मुख्य सड़क के बीचों-बीच पानी बह रहा है। जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं। भाजपा नेता बाबूलाल चौहान, रामकिशोर चौहान, राजकुमार सहित अन्य लोगों ने पंचायत से मांग की है कि दुर्गा उत्सव को देखते हुए गांव में तत्काल साफ-सफाई कराई जाए। नालियों की सफाई, सड़कों पर बह रहे पानी की निकासी और जगह-जगह लगे कचरे के ढेर हटाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि धार्मिक आयोजनों के दौरान ग्रामीणों और श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना न करना पड़े।

पांचवें दिन भी भेल कर्मियों ने मांगों को लेकर लगाए काले बैच

भोपाल। हेवु इलेक्ट्रिकल वर्कर्स यूनियन के कार्यकर्ताओं ने पूरे कारखाने परिसर में सोमवार को अपनी तीन मांगों को लेकर के बैच वितरण का कार्यक्रम किया। सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने और कर्मचारियों ने इस मांग का समर्थन करते हुए बैच को लगाया। जीएम एचचार हेमराम पटेल को एसआईपी ज्वॉइंट कमेटी बुलाने भेल महासंघ का मांगपत्र सौंपा गया। ज्ञात हो कि हेवु बीएमएस इन्सेंटिव की राशि 10000-13000 तक करने एस आईपीकी बैठक बुलाने और अनुकम्पा नियुक्ति को लेकर आंदोलन कर रही है, अगर प्रबंधन इन मांगों को गंभीरता से नही लेता है तो आंदोलन और उग्र होगा। इन्सेंटिव कमेटी की बैठक इस वर्ष में दो बार हो चुकी है परंतु प्रबंधन के द्वारा निर्णय नही लिया गया। मांग हक कि अनुकंपा नियुक्ति भेल में लागू होनी चाहिए। इंसेंटिव का पार्ट 2 सुपरवाइजर को भी मिलता है।

विद्युत वितरण कंपनी को सौंपा ज्ञापन

बिजली कटौती बंद नहीं हुई तो किया जाएगा पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली कटौती बंद करने की मांग को लेकर कांग्रेसियों ने ग्रामीणों के साथ विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों से मिलकर ज्ञापन सौंपा।

वार्ड पांच के पार्षद अशोक मारन के नेतृत्व में मिले प्रतिनिधिमंडल ने विद्युत अधिकारियों को बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कटौती तत्काल बंद की जाए। वर्तमान में माताराती की स्थापना हुई है। शाम को बच्चे व माताएं, बहनें स्थापना स्थल तक आते-जाते हैं और उसी समय बिजली नहीं होने के कारण घटना-दुर्घटना घट सकती है। ज्ञापन बताया गया कि बिजली कटौती समस्या का शीघ्र समाधान नहीं कराया गया तो विद्युत मंत्री का पुतला दहन एवं धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर राम भरोसे राठौर, सुरेश सिंगरौली आदि मौजूद रहे।

एसएचआईएम जिज्ञासा-2026 का आयोजन

स्टूडेंट्स ने ग्रुप डांस, क्विज पेंटिंग से मंच पर जमाया रंग



हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

मप्र के 100 से ज्यादा स्कूलों के 3000 से ज्यादा प्रतियोगी संत हिरदाराम इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट का मेगा इवेंट एसएचआईएम जिज्ञासा-2026 में प्रतिभा एवं उत्साह का प्रदर्शन कर रहे हैं। दसवें वर्ष में इस मेगा इवेंट में सात प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमें रंगोली, ग्रुप डांस, क्विज, डिबेट, पेंटिंग, कोलाज मेकिंग एवं टैलेंट हंट के माध्यम से स्कूली छात्र-छात्राओं को हुनर का अनूठा प्लेटफार्म मिला। ग्रुप डांस कॉम्पटीशन में डांस प्रस्तुतियों पर लगातार तालियां बज रही।

टैलेंट शो में प्रतिभागियों ने क्रिएटिव तरीके से अपनी प्रतिभाओं को तराशा। रंगोली प्रतियोगिता में रंगों के इंद्रधनुषी रूप में प्रतिभागियों ने इंक्रेडिबल इंडिया थीम पर अलग-अलग रंग संदेश दिए। कोलाज मेकिंग में ट्रेडिशन और टेक्नोलॉजी के संगम थीम पर स्टूडेंट्स ने अपनी क्रिएटिविटी को मूर्त रूप दिया। डिबेट प्रतियोगिता में सोशल मीडिया विषय पर विचार प्रस्तुत किए गए। क्विज कंपटीशन में एक के बाद एक राउंड में कश्मकश बढ़ती गई। सभी निर्णायकों ने प्रतिभागियों की सृजनात्मक रचनाओं को सराहा। इस इवेंट में संकल्प वशिष्ठ बैंड के म्यूजिकल परफॉर्मेंस ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। खचाखच भरे हुए संत हिरदाराम ऑडिटोरियम में छात्र-छात्राओं की प्रस्तुतियां देखकर सभी ने संस्थान की प्रशंसा की। भोपाल, नर्मदापुरम, सीहोर, शुजालपुर, ब्यावरा, नरसिंहगढ़, आष्टा, बीना, गंज बासोदा, श्यामपुर, कुरावर, कालापीपल एवं अन्य जगहों से भी छात्र-छात्राएं आए थे, संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर हीरो ज्ञानचंदानी, डायरेक्टर डॉ. आशीष ठाकुर एवं ग्रुप एडवाइजर पीएस राठौर ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शारदा विद्या मंदिर भोपाल को चैंपियनशिप ट्रॉफी एवं रनर-अप चैंपियनशिप ट्रॉफी कैम्पियन स्कूल भौंरी को दी।

सलकनपुर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं और लोगों ग्रहण किया प्रसाद

काली मंदिर में किया प्रसाद वितरण, भक्तों ने लगाए माताराती के जयकारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

काली मंदिर रेहटी रोड पर प्रसाद का वितरण किया गया। माता के जयकारों के साथ सलकनपुर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। काली मैया के दर्शन किए।

प्रसाद वितरण समिति में पूर्व नगर उपाध्यक्ष रामेश्वर नागर, बचन लोधी, कमलेश कहार, अनु यादव, जितेंद्र यादव, मोहन प्रजापति, गणेश कहार, खुमान सिंह नायक, छगन दादा, कल्याण सिंह, रामबाबू संतोष बड़े एवं आदि शामिल हुए।



सेंगर परिवार 11 साल से कर रहा प्रसाद वितरण

सेंगर परिवार पिछले 11 वर्षों से अनूठी मिसाल पेश कर रहा है। परिवार नवरात्रि के नौ दिनों तक प्रतिदिन सुबह 6 बजे से फलाहारी प्रसाद तैयार कर श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों के बीच वितरित कर रहा है। नेशनल हाईवे स्थित निशिता फिलिंग सेंटर पर इस सेवा कार्य में संचालक रश्मि सेंगर, उमा सेंगर एवं प्रदीप सेंगर सहित परिवार के अन्य सदस्य सहभागिता निभा रहे हैं। पिछले 11 वर्षों से निरंतर जारी इस सेवा कार्य की चर्चा पूरे क्षेत्र में बनी रहती है। परिवार का यह प्रयास धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक सेवा और आपसी सद्भाव का संदेश भी देता है।



18 को कन्या भोज

नवरात्रि पर जय प्रकाश शर्मा मित्र मंडल कन्या पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन 18 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से हिरानियां स्थित 'प्रेम-गंगा' भवन में होगा। आयोजन से सेवा परंपराओं के



प्रति आस्था प्रकट की जाएगी। मित्र मंडल के सदस्य मनीष गोशिंदे, विनोद नागर, डैनी साहू, बंटी तिवारी ने धर्मलाभ की अपील की है।

हेरिटेज टू होराइजन' थीम पर फैशन, संस्कृति और मॉडलिंग की प्रतिभाओं का होगा संगम

आज भोपाल की ऐतिहासिक सदर मंजिल में सजाया जाएगा 'फेस ऑफ इंडिया 2026' का ग्रैंड फिनाले



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

फैशन, संस्कृति और मॉडलिंग की उभरती प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने 'फेस ऑफ इंडिया 2026' का ग्रैंड फिनाले 14 अक्टूबर को सदर मंजिल में आयोजित किया जाएगा। 'हेरिटेज टू होराइज़न' थीम पर आधारित यह आयोजन भारतीय सांस्कृतिक विरासत, आधुनिक फैशन अभिव्यक्ति का संगम प्रस्तुत करेगा। साथ ही, फैशन और मॉडलिंग के क्षेत्र में नई पीढ़ी के लिए उभरते अवसरों को भी रेखांकित करेगा। इस आयोजन को पुणे फैशन वीक प्रस्तुत कर रहा है।

संस्कृतियों का आदान-प्रदान

सदर मंजिल, भोपाल आयोजन की वेन्यू पार्टनर है, जबकि मैट्रिक्स प्रोडक्शंस एंड टैलेंट्स टैलेंट पार्टनर की भूमिका निभा रहा है। इस वर्ष का फेस ऑफ इंडिया दक्षिण कोरिया के एशिया मॉडल फ्रेस्टिवल से भी संबद्ध है। यह जुड़ाव भारतीय प्रतिभाओं को व्यापक एशियाई मंच से जोड़ने और विभिन्न संस्कृतियों के बीच रचनात्मक आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

चार डिजाइनरों के कलेक्शन से सजेगा रनवे

ग्रैंड फिनाले का मुख्य आकर्षण विशेष रूप से तैयार किया गया फैशन रनवे होगा, जिसमें चार डिजाइनर अपने आकर्षक कलेक्शन प्रस्तुत करेंगे। इसमें महिला परिधान, पुरुष परिधान, पारंपरिक वेशभूषा और इंडो-वेस्टर्न फैशन की विविध शैलियां देखने को मिलेंगी। इन कलेक्शन के माध्यम से भारतीय परंपराओं और आधुनिक फैशन ट्रेंड्स के बीच खूबसूरत तालमेल को प्रदर्शित किया जाएगा।

शो डायरेक्टर शेफाली शर्मा संभालेंगी रचनात्मक नेतृत्व

आयोजन की रचनात्मक दिशा की जिम्मेदारी शो डायरेक्टर शेफाली शर्मा संभालेंगी। वह प्रतियोगियों, डिजाइनरों और प्रोडक्शन टीम के समन्वय के साथ कार्यक्रम को प्रतिभा, प्रस्तुति और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का प्रभावशाली मंच बनाने का नेतृत्व करेंगी।

भारतीय प्रतिभाओं को एशियाई मंच से जोड़ने की पहल

'फेस ऑफ इंडिया' उभरते मॉडलों, फैशन डिजाइनरों, फैशन पेशेवरों और सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़ी प्रतिभाओं को एक मंच पर लाने का प्रयास है। इसका उद्देश्य व्यक्तिगत प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के साथ भारतीय रचनात्मकता और सांस्कृतिक पहचान को व्यापक स्तर पर प्रस्तुत करना है। एशिया मॉडल फ्रेस्टिवल के साथ संबद्धता इस पहल को भारतीय फैशन जगत और एशियाई मॉडलिंग समुदाय के बीच संपर्क मजबूत करने का अवसर प्रदान करती है। अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधित्व और खिताब से जुड़े अवसर आयोजकों की अंतिम पुष्टि के अधीन होंगे। 'फेस ऑफ इंडिया 2026' का ग्रैंड फिनाले भोपाल की ऐतिहासिक विरासत को आधुनिक फैशन की रचनात्मक ऊर्जा से जोड़ते हुए भारतीय संस्कृति, प्रतिभा और बदलते फैशन परिदृश्य को एक साझा मंच पर प्रस्तुत करेगा।

श्रीरामलीला
उत्सव में आयोजित 'अंतरराष्ट्रीय बौद्धिक सम्मेलन' में आए आचार्य मिथिलेश नंदिनी ने कहा



'अंतरराष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव' का दूसरा दिवस

जब लोक को पता न चले कि किसी का शासन है, मान लो वही 'सुशासन' है

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

15 वीं शताब्दी की समृद्ध सत्रिया नृत्य शैली में अहल्या उद्धार पुष्प वाटिका एवं सीता स्वयंवर जैसे भावपूर्ण प्रसंग हुए जीवंत

रविंद्र भवन में आयोजित 'अंतरराष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव' के दूसरे दिन आयोजित बौद्धिक सत्र में 'श्रीराम : आदर्श नेतृत्व और सुशासन का वैश्विक मॉडल' विषय पर मुख्य वक्ता आचार्य मिथिलेश नंदिनी शरण ने राजा के तीन कार्यों का जिक्र किया और बताया कि राजा का काम धर्म की स्थापना करना, अपने राज्य की सीमा की रक्षा करना और जनता का पोषण करना है। उन्होंने कहा कि जब लोक को पता ना चले कि किसी का शासन है मान लो वही सुशासन है। श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास संस्कृति विभाग मप्र शासन द्वारा आयोजित सात दिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव के दूसरे दिन की संध्या बेला में सत्रिया नृत्य शैली में अहल्या उद्धार, पुष्प वाटिका, सीता स्वयंवर एवं लक्ष्मण परशुराम संवाद के प्रसंगों का अलौकिक प्रदर्शन हुआ।



बौद्धिक सत्र में 'श्रीराम : आदर्श नेतृत्व और सुशासन का वैश्विक मॉडल' पर व्याख्यान देते हुए आचार्य मिथिलेश नंदिनी शरण।

संगीत अभिनय और संवादों का दिखा उचित संगम

लगभग 90 मिनट की इस नृत्य नाटिका में नृत्य संगीत अभिनय और संवादों का संगम देखने को मिला। यह प्रस्तुति श्रीराम के आदर्शों विनम्रता मयार्दा और धर्म के प्रति प्रतिबद्धता को कलात्मक अभिव्यक्ति प्रदान करती है। नृत्य नाटिका का आरंभ अहल्या की कथा से होता है। महर्षि गौतम की पत्नी अहल्या को छलपूर्वक भ्रमित करने वाले इंद्र और महर्षि गौतम के शाप से जुड़ा यह प्रसंग श्रीराम के वनगमन के दौरान उनके आश्रम आगमन पर पूर्ण होता है। भगवान श्रीराम के चरण स्पर्श के प्रभाव से अहल्या शापमुक्त होकर पुनः अपने स्वरूप को प्राप्त करती हैं। यह प्रसंग श्रीराम की करुणा पावनता और यह प्रसंग श्रीराम की करुणा पावनता को समर्पित रहा।



श्रीरामचंद्र कृपालु भजमन के भाव कैनवास पर उकेरे



अंतरराष्ट्रीय बौद्धिक सम्मेलन के दूसरे सत्र के पश्चात 'स्वरांकन' गतिविधि का आयोजन हुआ। इस तरह की गतिविधि पहली बार आयोजित की गई जिसमें भजन गायक द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई और चित्रकारों ने भजन के भावों पर केंद्रित चित्र बनाए। भजन गायिका शिप्रा सुल्लेरे जबलपुर ने प्रस्तुति दी और ललित कला महाविद्यालय जबलपुर के 13 छात्र छात्राओं ने चित्रकला की। इस अवसर पर 'श्रीरामचंद्र कृपालु भजमन' भजन पर स्वरांकन किया गया।



भगवान शिव के दिव्य धनुष को उठाने का प्रयास करते श्री राम

इसके पश्चात कथा मिथिला की पुष्प वाटिका पहुंचती है जहां भगवान श्रीराम और माता सीता का प्रथम मिलन होता है। गुरु विश्वामित्र की पूजा के लिए पुष्प लेने पहुंचे श्रीराम और लक्ष्मण की भेंट उसी वाटिका में देवी गौरी की आराधना करने आईं सीता से होती है। नृत्य नाटिका का अगला महत्वपूर्ण प्रसंग सीता स्वयंवर है। राजा जनक द्वारा आयोजित स्वयंवर में भगवान शिव के दिव्य धनुष को उठाने और उस पर प्रत्यंचा चढ़ाने की चुनौती दी जाती है। अनेक शक्तिशाली राजा और राजकुमार प्रयास करने के बाद भी धनुष को हिला नहीं पाते।



रामलीला के अंतर्गत चित्रांकन कार्यशाला में भगवान राम के चित्र बनाती एक चित्रकार।



आयोजन स्थल पर थाईलैंड के खोन मुखोटे का प्रदर्शन किया गया।

सेज इंटरनेशनल स्कूल कोलार में मनाया 'सेज रास रंग-गरबा महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सेज इंटरनेशनल स्कूल, कोलार में 'सेज रास रंग-गरबा महोत्सव' का आयोजन उत्साह, उमंग और भक्तिमय माहौल में किया गया। इस उत्सव में भारतीय संस्कृति, परंपरा और भक्ति का संगम देखने को मिला। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजी माताओं ने गरबा की मनमोहक प्रस्तुतियों से पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। गरबा की मधुर धुनों, पारंपरिक नृत्य और उल्लासपूर्ण माहौल ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में माताओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता, आकर्षक नृत्य और ऊर्जा ने समारोह की शोभा को और बढ़ाया।

रंग-बिरंगे परिधानों में सजी महिलाओं ने गरबा के जरिए की देवी की आराधना...





यह आपसी जुड़ाव का सुंदर उत्सव

विद्यालय परिवार ने सभी सहभागी माताओं के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया, जिनकी सक्रिय भागीदारी और उत्साह ने इस आयोजन को यादगार बना दिया। इस अवसर पर सेज ग्रुप के सीएमडी डॉ संजीव अग्रवाल ने कहा 'सेज रास रंग' केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय परंपराओं, सामूहिक सहभागिता और आपसी जुड़ाव का सुंदर उत्सव रहा। इस आयोजन ने सभी के हृदय में उत्साह, आनंद और भक्ति की अमिट छाप छोड़ी।

एनसीसी व आरटीओ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजन

नूतन कॉलेज में यातायात जागरुकता कार्यक्रम के साथ लगा लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में मंगलवार को एनसीसी विभाग द्वारा यातायात जागरूकता एवं सड़क सुरक्षा कार्यक्रम एवं क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में छात्राओं के लिए एक दिवसीय लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया। यातायात जागरूकता एवं सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के तहत एनसीसी कैडेट्स ने यातायात जागरूकता विषय पर पोस्टर बनाए तथा उनके माध्यम से सड़क सुरक्षा नियमों के पालन का संदेश दिया।



यातायात जागरुकता कार्यक्रम का एक दृश्य।

एनसीसी कैडेट्स ने की सहभागिता

महाविद्यालय में आयोजित सड़क सुरक्षा शिक्षा कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स ने सहभागिता करते हुए विभिन्न व्यवस्थाओं में सहयोग दिया। कार्यक्रम में कल्पना दिलौरी, कमल कुशवाहा, जितेंद्र शर्मा, आशीष पांडेय एवं रेखा लखवानी की टीम उपस्थित रही।

प्राचार्य ने आरटीओ की पहल को सराहा

क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में छात्राओं के लिए एक दिवसीय लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया। शुभारंभ प्राचार्य डॉ. प्रतिमा यादव की अध्यक्षता में हुआ। संयोजक डॉ. शालिनी प्रधान रहीं। प्राचार्य डॉ. प्रतिमा ने कहा कि आज बालिकाओं का आत्मनिभर होना अत्यंत आवश्यक है। वाहन चलाने का कौशल और वैध दस्तावेज केवल सुरक्षा के लिहाज से जरूरी है, बल्कि यह आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है। उन्होंने आरटीओ विभाग की इस पहल की सराहना की, जिससे छात्राओं को बिना किसी परेशानी के परिसर में ही यह सुविधा प्राप्त हुई।



भोपाल

कहा- अब अफसरों को हमारे ऊपर से गुजरना होगा

आदिवासियों के हक के लिए 'धरने' पर बैठे कार्तिकेय सिंह बोले - पक्के मकान बनने तक चैन से नहीं बैठूंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बुधनी विधानसभा क्षेत्र के कोसमी गांव में वन विभाग की अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान आदिवासी परिवारों के मकान तोड़े जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। बेघर हुए परिवारों के समर्थन में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बड़े पुत्र कार्तिकेय सिंह चौहान स्वयं मैदान में उतर आए हैं। कार्तिकेय धरना स्थल पर बैठ गए हैं। उन्होंने प्रशासन से पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने और उनके पुनर्वास की मांग करते हुए कहा कि गरीबों के अधिकारों के रास्ते में आने वाले अधिकारियों को उनका सामना करना पड़ेगा।

धरना स्थल पर ही जय बरेला का जन्मदिन मनाया, गोद में बैठाकर काटा केक



बच्चे को केक खिलाते हुए कार्तिकेय।

बंद कुए को चालू कराने और पानी पहुंचाने का आश्वासन

धरना स्थल पर महिलाओं ने गांव के वर्षों पुराने कुए को मिट्टी डालकर बंद किए जाने की समस्या उठाई। इस पर कार्तिकेय ने कहा कि कुए को दोबारा चालू कराने के लिए पोकलेन मशीन बुलाई जाएगी। जब तक पानी की स्थायी व्यवस्था नहीं होती, तब तक प्रभावित परिवारों को टैंकरों से पानी उपलब्ध कराया जाएगा।

हम यहीं जन्मदिन मनाएंगे

धरना स्थल पर एक भावुक क्षण तब आया, जब एक बुजुर्ग महिला ने बताया कि उनके पोते जय बरेला का जन्मदिन है, लेकिन घर टूट जाने के कारण समझ नहीं आ रहा कि उसका जन्मदिन कहां मनाएं? यह सुनकर कार्तिकेय ने कहा कि हम यहीं जन्मदिन मनाएंगे। इसके बाद धरना स्थल पर केक मंगवाया गया। कार्तिकेय ने 4 वर्षीय जय को गोद में बैठाकर उसका जन्मदिन मनाया।

आपके अधिकार दिलाकर रहूंगा...

कार्तिकेय ने आदिवासी परिवारों के बीच कहा कि वह किसी राजनीतिक परिवार का सदस्य होने के नाते नहीं, बल्कि 2023 में लोगों का विश्वास हासिल करने वाले कार्तिकेय के रूप में उनके साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि मुझे आपके विश्वास की कसम है, आपके अधिकार आपको दिलाकर रहूंगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जब तक प्रभावित परिवारों के पक्के मकान दोबारा नहीं बन जाते, तब तक वह चैन से नहीं बैठेंगे।

अभिनेता रघुवीर यादव को किशोर कुमार राष्ट्रीय सम्मान

सीएम बोले- गायक, अभिनेता किशोर कुमार की नगरी खंडवा में शीघ्र प्रारंभ होगा एयरपोर्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि खंडवा में जन्मे बहुमुखी प्रतिभा के धनी गायक और अभिनेताकिशोर कुमार शताब्दी के महान कलाकार थे। उन्हें संसार से विदा हुए 39 वर्ष हो गए, लेकिन वे अपने अभिनय और गीतों से प्रशंसकों के लिए जीवित हैं और आगे भी मौजूद बने रहेंगे। मध्यप्रदेश सरकार ने ऐसे हरफन मौला कलाकार की स्मृति में राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार प्रतिवर्ष प्रतिभा संपन्न कलाकार को देने की परम्परा निभाई हैं।

सीएम ने कहा, खंडवा में विकास के सभी क्षेत्रों में कार्य हो रहा हैं। यहां शीघ्र ही एयरपोर्ट भी बनेगा और जिले के प्रसिद्ध धार्मिक महत्व के स्थल ओंकारेश्वर तक श्रद्धालुओं और पर्यटकों का आवागमन आसान हो जाएगा।

सीएम ने दी रघुवीर यादव को बधाई

मुख्यमंत्री डॉ. यादव, मुख्यमंत्री निवास भोपाल से वीसी द्वारा खंडवा में किशोर कुमार की पुण्यतिथि पर आयोजित राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान अलंकरण समारोह और संगीत संध्या को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान से सम्मानित किए गए अभिनेता रघुवीर को बधाई दी। रघुवीर यादव को 5 लाख रुपए की सम्मान निधि, प्रशस्ति पत्र, अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने किशोर कुमार के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्हें किशोर कुमार सम्मान से अलंकृत कर मध्यप्रदेश सरकार स्वयं गौरवान्वित हो रही है।

चौथा टी20 आज, पलटवार की कोशिश करेगा वेस्टइंडीज

सीरीज सील करने उतरेगी भारतीय टीम, पावर हिटर्स पर होगी नजर

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद



शानदार फॉर्म में चल रहे भारतीय बल्लेबाज वेस्टइंडीज के खिलाफ बुधवार को चौथे टी20 मैच में इसी लय को बरकरार रखते हुए शानदार जीत के साथ श्रृंखला अपने नाम करना चाहेंगे। भारत इस समय 2-1 से आगे है और उसे श्रृंखला अपने नाम करने के लिए बस एक जीत की जरुरत है।

वहीं पिछले मैच में करारी हार के बाद वेस्टइंडीज वापसी करके श्रृंखला में बने रहने की कोशिश में होगा। एक बार फिर मैच का रूख दोनों टीमों के 'पावर हिटर्स' पर निर्भर करेगा। भारत के शीर्षक्रम के बल्लेबाज संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा और ईशान किशन ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है, जिससे श्रृंखला में अभी तक भारतीय मध्यक्रम पर अधिक दबाव नहीं बना है।

भारतीय गेंदबाजों को करना होगा अनुशासित प्रदर्शन

भारत के गेंदबाजों को अनुशासित प्रदर्शन करना होगा क्योंकि रांची में दूसरे टी20 में जीत के लिए 250 रन का लक्ष्य वेस्टइंडीज ने नौ गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया था, जिसमें होप ने 45 गेंद में 102 रन बनाए थे। इंदौर में शिमरोन हेटमायेर (43), कामिल पूरन (42) और सप्रिंगर (नाबाद 35) ने अच्छी पारियां खेली। अर्शदीप सिंह के तीन विकेट की मदद से भारत ने हालांकि मुकाबला जीता। भारत ने इस मैदान पर पिछली बार टी20 मैच बांग्लादेश के खिलाफ 2024 में खेला था जब 6 विकेट पर 297 रन बनाकर 133 रन से जीत दर्ज की थी। सैमसन ने उस मैच में 43 गेंद में 111 रन बनाए थे और वह एक बार फिर यहां यादगार पारी खेलना चाहेंगे। मैच का समयः शाम 7:00 बजे हुआ ।

दोनों टीमों के सामने चुनौती

शीर्ष तीन के नाकाम रहने पर तिलक वर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी और नमन धीर को जिम्मेदारी संभालनी होगी खासकर जब लक्ष्य बड़ा हो। दूसरी ओर वेस्टइंडीज के लिए चुनौती भारतीय रनगति पर अंकुश लगाने की होगी। कप्तान श्रेयस अय्यर ने पहले टी20 में शतक लगाया था जबकि दूसरे मैच में सैमसन और ईशान ने बड़ी पारियां खेली हालांकि यह मैच वेस्टइंडीज ने जीता। तीसरे मैच में अभिषेक का दबदबा रहा। वेस्टइंडीज के हरफनमौला शामार स्प्रिंगर ने स्वीकार किया था कि अभिषेक के फॉर्म में होने पर उनकी टीम के पास रक्षात्मक खेलने क अलावा कोई चारा नहीं रह जाता।

वेस्टइंडीज को करना होगा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज शेरफान रदरफोर्ड ने अभी तक 189 के स्ट्राइक रेट से 172 रन बनाए हैं। उन्होंने तीन मैचों में 12 छक्के जड़े हैं। कप्तान शाइ होप ने 182 की स्ट्राइक रेट से 159 रन बनाए हैं। विश्व चैंपियन भारत को उसकी धरती पर हराने के लिए हालांकि वेस्टइंडीज को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी टीम इंडिया का ऐलान



नई दिल्ली। पंजाब में 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक होने वाली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में भारतीय पुरुष हॉकी टीम में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले अधिकांश खिलाड़ियों को बरकरार रखा गया है लेकिन गोलकीपर कृशन बहादुर पाठक की वापसी हुई है। हरमनप्रीत की कप्तानी में भारत ने लगातार दूसरी बार एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतकर लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। एशियाई खेलों और विश्व कप से बाहर रहे पाठक ने वापसी की है जबकि युवा डिफेंडर अमनदीप लाकड़ा और मिडफील्डर आदित्य अर्जुन लालागे भी टीम में हैं। मिडफील्डर विष्णु कांत सिंह और फॉरवर्ड अंगद बीर सिंह 18 सदस्यीय टीम में दो रिजर्व खिलाड़ी हैं। एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी के जरिए पंजाब में दो दशक बाद अंतरराष्ट्रीय हॉकी की वापसी हो रही है । इसके मुकाबले जालंधर और मोहाली में खेले जाएंगे।

ऑस्ट्रेलिया ने द. अफ्रीका को हराकर जीता पहला टेस्ट

एजेंसी ▶▶| डरबन

ऑस्ट्रेलिया ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए साउथ अफ्रीका को पहले टेस्ट मैच में 214 रनों से हराया। डरबन के किंग्समीड मैदान पर खेले गए मुकाबले में 421 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए साउथ अफ्रीका की पूरी टीम दूसरी पारी में 206 रन बनाकर ऑलआउट हुई।

टेस्ट के पांचवें दिन 102/4 के स्कोर से आगे खेलते हुए साउथ अफ्रीका के बल्लेबाज स्कोरकार्ड में 104 रन जोड़कर आउट हुए। टीम की तरफ से सबसे ज्यादा 75 रन एडेन मार्करम ने बनाए, जबकि



डेविड बेडिंगहैम ने 46 रनों का योगदान दिया। रयान रिकेल्टन बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और सिर्फ 2 रन बनाकर आउट हुए।

कार्यालय भोपाल गैस पीड़ित एवं पुनर्वास विभाग रोगी कल्याण समिति
कमला नेहरू चिकित्सालय, गैस राहत, भोपाल
निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित निविदायें कार्यालय भोपाल गैस पीड़ित एवं पुनर्वास विभाग रोगी कल्याण समिति कमला नेहरू चिकित्सालय, गैस राहत, भोपाल से निविदा जारी करने का दिनांक 14.10.2026 से 03.11.2026 में जारी की जावेगी।
1. Equipment/Machine
सभी Prospective bidders भारत सरकार का उपक्रम जेम पोर्टल की वेबसाइट **"https://gem.gov.in"** पर विजिट कर निविदाओं में भाग लेवें।
म.प्र. माध्यम/128565/2026 **सचिव**

कार्यालय तहसीलदार, तहसील-हुजूर, जिला-भोपाल (म.प्र.)
क्रमांक : 7724/रीडर/आबंटन/2026 **दिनांक : 08.10.2026**

सार्वजनिक सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग के प्रचलित नियमों/दिशा-निर्देशों के अंतर्गत, जिला-भोपाल, तहसील हुजूर के अंतर्गत **ग्राम-फंदा खुर्द** की शासकीय भूमि को पश्चिमी भोपाल बायपास 4 लेन मार्ग मय पेव्हड शोल्डर परियोजना हेतु आबंटित किए जाने का प्रस्ताव विचाराधीन है, जिसका विवरण निम्नानुसार है-
भूमि का विवरण :

क्र.	गांव का नाम	भूमि स्वामी का नाम	खसरा क्रमांक	कुल रकबा (हेक्टे. में)	अर्जन हेतु प्रस्तावित रकबा (हेक्टे. में)	भूमि का प्रकार	भूमि की प्रकृति
1.	फंदा खुर्द	शासकीय	83	0.2000	0.0886	शासकीय	नाला
2.	फंदा खुर्द	शासकीय	1	2.2500	0.0650	शासकीय	नाला
		कुल योग		**2.4500**	**0.1536**		

उपरोक्त शासकीय भूमि के आबंटन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था या ग्रामवासियों को कोई आपत्ति या दावा प्रस्तुत करना हो, तो वे इस सार्वजनिक सूचना के **प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर** अपने लिखित दावे/आपत्तियां साक्ष्यों सहित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं।
नियत समयावधि की समाप्ति के पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्तियों या दावों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा और यह मान लिया जाएगा कि उक्त भूमि आबंटन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति नहीं है। तदुपरांत आबंटन की अग्रिम कार्रवाई शासन के नियमानुसार की जावेगी।
यह सार्वजनिक सूचना आज **दिनांक 08.10.2026 को** मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी की गई।
म.प्र. माध्यम/128547/2026 (कार्यालयीन पदमुद्रा) **हस्ता./- तहसीलदार**
तहसील-हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.)

रणजी ट्रॉफी

हैदराबाद का शानदार आगाज त्रिपुरा को पारी से हराया



एजेंसी ▶▶| सिकंदराबाद

हैदराबाद ने एलीट ग्रुप बी मुकाबले के तीसरे दिन त्रिपुरा को पारी और 40 रन से हराकर रणजी ट्रॉफी 2026-27 में अपने अभियान का शानदार आगाज किया।

तेज गेंदबाज तनय त्यागराजन और मोहम्मद सिराज ने मिलकर 8 विकेट चटकाए, जिससे हैदराबाद ने दूसरी पारी में त्रिपुरा को 120 रन पर समेट दिया। त्रिपुरा ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 7 विकेट पर 99 रन बनाए थे।

हैदराबाद को इस जीत से बोनस अंक सहित कुल सात अंक मिले। त्यागराजन ने 52 रन देकर 6 विकेट चटकाते हुए त्रिपुरा की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी जबकि भारत के तेज गेंदबाज सिराज ने 9 ओवर में 19 रन देकर 2 विकेट हासिल किए।

मुंबई ने चंडीगढ़ को पारी और 155 रन से हराया

मुंबई। मुंबई ने एलीट ग्रुप डी मुकाबले में चंडीगढ़ को पारी और 155 रन से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। मुंबई ने 3 दिन के अंदर जीत दर्ज की और बोनस अंक भी हासिल किया। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में मुंबई के गेंदबाजों ने चंडीगढ़ की दूसरी पारी में भी शानदार प्रदर्शन किया। मुंबई ने इससे पहले सोमवार को मैच के दूसरे दिन चंडीगढ़ की पहली पारी महज 78 रन पर समेट कर 351 रन की बढ़त हासिल कर उसे फॉलोऑन दिया। चंडीगढ़ ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक एक विकेट गंवाया था। मुंबई के गेंदबाजों ने मंगलवार को मेहमान टीम की दूसरी पारी 52.1 ओवर में 196 रन पर समेट दी। शम्स मुलानी ने 69 रन देकर तीन विकेट लिए, जबकि तनुष कोटियान ने 30 रन देकर तीन विकेट चटकाए। इससे पहले मुंबई ने अपनी पहली पारी में 429 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया था। टीम के लिए कप्तान सिद्धेश लाड ने 86, मुशीर खान ने 65 रन, कोटियन ने 58 और मोहित अवस्थी ने नाबाद 56 रन की पारी खेली थी।

हेलमेट में लगी बॉल, स्मिथ का होगा कनकशन टेस्ट

डरबन। आस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्किया की गेंद हेलमेट पर लगने के बाद कनकशन (सिर में चोट) जांच के लिए भेजा जाएगा। सैतीस वर्ष के स्मिथ को मैच के चौथे दिन सोमवार को नॉर्किया की शॉर्टपिच गेंद को खेलने के प्रयास में चोट लगी। वह दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी में फील्डिंग के लिए नहीं आए। हरफनमौला ब्यू वेबस्टर ने चौथे दिन के खेल के बाद कहा ,' उम्मीद है कि वह ठीक होगा। गेंद काफी तेजी से लगी है। हम उसके ठीक होने की कामना करते हैं।' क्रिकेट आस्ट्रेलिया की सिर की चोट और कनकशन नीति के तहत स्मिथ को अगले 24 घंटे निगरानी में रखा जाएगा।



न्यायालय, अनुमंडल दंडाधिकारी, भभुआ (कैमूर)
(न्यायालय)
अति अल्पकालीन सूचना
Ph No -06189-223221 (R), E-mail.sdo-bha-kai-bih@nic.in

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कैमूर जिला अंतर्गत शराब परिवहन करते हुए जब्त वाहनों का बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद (संशोधन) नियमावली, 2023 के तहत अधिहरण हेतु विधि–सम्मत् कार्यवाही प्रारंभ है। संबद्ध वाहन स्वामियों को उनका पक्ष सुनने हेतु नियमावली के नियम–12 (क) के आलोक में उपलब्ध नाम–पता के आधार पर नोटिस के साथ प्रपत्र–IV संलग्न कर निबंधित डाक/विशेष दूत के माध्यम से भेजा गया, परन्तु वाहन स्वामी सुनवाई की तिथि पर उपस्थित नहीं हुए है।

अतः निम्नलिखित उत्पाद/थाना काण्डों में जब्त वाहन स्वामी अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में स्वयं अथवा अपने विद्वान अधिवक्ता के माध्यम से निम्न वर्णित तिथि को अपराह्न 04:00 बजे तक उपस्थित होकर वाहन से संबंधित कागजात (इश्योरेंस सहित) एवं जवाब प्रस्तुत करें, अन्यथा संबंधित वाद में उपलब्ध कागजातों के आधार पर निर्णय लेते हुए राज्यसात/नीलामी हेतु आदेश पारित कर दिया जायेगा। जब्त वाहनों की विवरणी निम्नवत है :–

क्र0	उत्पाद वाद सं0	वाद की प्रकृति	उत्पाद/थाना काण्ड सं0	वाहन निबंधन/चेचिस/इंजन सं0	वाहन स्वामी का नाम व पता	सुनवाई की तिथि
1	684/26	उत्पाद	उत्पाद वाद 284/26	MP30MH-5026	CHANDAN KUMAR, S/O-DHARMENDRA SINGH, VILL-WARD NO-07, VIRENDRA NAGAR, MADHYA PRADESH-477001	24.10.26
2	685/26	उत्पाद	उत्पाद वाद 290/26	MP48MG-5515	SHANKAR BHARTI, S/O-RAMJAN BHARTI, VILL-SHOBHAPUR COLONY, PATHAKHERA, DIS - BETUL, (MADHYA PRADESH)-460449	24.10.26
3	686/26	उत्पाद	उत्पाद वाद 308/26	MP66ZF-1167	VIVEK KUMAR VAISHYA, S/O-RAM PRAKASH VAISHYA, VILL-NAUGARH, DIS-SINGRAULI (MADHYA PRADESH)-486886	24.10.26

PR. No. 013531 (District) 2026-27
अनुमण्डल दण्डाधिकारी, भभुआ
उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

यौन जनित रोग छुपाओ नहीं ईलाज कराओ,
खुद के साथ अपने जीवन साथी को भी सुरक्षित करें।

केनरा बैंक Canara Bank (भारत सरकार का उपक्रम) सिंडिकेट Syndicate
क्षेत्रीय कार्यालय -I :
पर्यावास भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल

ऋणी / जमानतदार / बंधककर्ता को धारा [धारा 13(2)] के अन्तर्गत मांग सूचना
वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत मांग सूचना (सरफेसी एक्ट)
केनरा बैंक **की संबंधित शाखा** के माध्यम से निम्नवर्णित ऋणियों द्वारा लोन / साख सुविधा समय-समय पर प्राप्त किये गये।

ऋणी/जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम	मांग सूचना दिनांक / बकाया राशि/ एनपीए दिनांक	संपत्ति का विवरण
केनरा बैंक, अरेरा कालोनी शाखा, भोपाल		
ऋणी: **मेसर्स जॉय लॉजिस्टिक्स** पताः कार्यालय क्रमांक जे 502 ब्लॉक जमुना, पांचवीं मंजिल, चिनार ड्रीम सिटी हनुमंत, नरेला रतनपुर सड़क, होशंगाबाद रोड, भोपाल-462026 प्रोपराइटर / बंधककर्ता **श्री चंद्रेश्वर वर्मा पुत्र श्री राम प्रताप वर्मा** पताः ई 5/7 अरेरा कॉलोनी, 1100 क्वार्टर के सामने, तहसील हुजूर, भोपाल- 462016	मांग सूचना दिनांक : 22.09.2026 दिनांक 20.09.2026 को बकाया राशि ₹ 22,42,514.31/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे NPA : 15.06.2025	(1) संपत्ति का समस्त भू भाग स्थित आवासीय फ्लैट क्रमांक 502, ब्लॉक जमुना, पांचवीं मंजिल, 'चिनार ड्रीम सीटी', स्थित ग्राम-हनुमंता नरेला और रतनपुर सड़क, वार्ड-84, होशंगाबाद रोड, तहसील हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.) संपत्ति का क्षेत्रफल- 720 वर्गफिट या 66.92 वर्गमीटर चतुर्सीमाएं: पूर्वः फ्लैट क्रमांक 501, जमुना, पश्चिमः फ्लैट क्रमांक 503, जमुना, उत्तरः फ्लैट क्रमांक 507, जमुना, दक्षिणः खुला **CERSAI ID-400065712567** संपत्ति मालिक- श्री चंद्रेश्वर वर्मा पुत्र श्री राम प्रताप वर्मा (2) संपत्ति का समस्त भू भाग स्थित आवासीय फ्लैट क्रमांक एस.एफ.-16, द्वितीय तल, खसरा क्रमांक 532/6, 532/7, 532/3, 532/4, 532/5 एवं 532/1/1/1 का भाग, 'रॉयल पार्क सिटी', काशी ब्लॉक-ए, वार्ड नं. 23, मंडीदीप, तहसील गोहरगंज, जिला रायसेन (म.प्र.) चतुर्सीमाएं- पूर्वः कॉमन कॉरिडोर, पश्चिमः कॉलोनी रोड, उत्तरः कॉलोनी रोड, दक्षिणः फ्लैट क्रमांक एस.एफ.-17, संपत्ति का क्षेत्रफल- सुपर बिल्टअप 70.00 वर्गमीटर एवं निर्मित 68.30 वर्गमीटर **CERSAI ID-400065735574**, संपत्ति मालिक- श्री चंद्रेश्वर वर्मा पुत्र श्री राम प्रताप वर्मा
केनरा बैंक, बैरसिया शाखा		
ऋणी: **श्री बलवीर सिंह C/o श्री प्रहलाद सिंह** पताः ग्राम धतुरिया वीपीओ, तहसील बैरसिया जिला भोपाल म.प्र.-463111	मांग सूचना दिनांक : 10.09.2026 दिनांक 09.09.2026 को बकाया राशि ₹ 18,41,084.50/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे NPA : 01.09.2026	संपत्ति का समस्त भू भाग फ्रीहोल्ड कमर्शियल डायवर्टेड भूमि स्थित ग्राम-धातुरिया, तहसील बेरसिया, ज़िला भोपाल, सर्वे नंबर 506/2/2, क्षेत्रफल (एकड़/हेक्टेयर में) 0.0101 हेक्टेयर, चतुर्सीमाएँ:- पूर्व - जयराम पुत्र हरकिशन की जमीन, पश्चिम - सोहाया से टिंसियाई जाने वाली सरकारी सड़क, उत्तर - इमरत सिंह की शेष जमीन, दक्षिण - सरकारी सड़क, **CERSAI ID-400095583363** संपत्ति मालिक- श्री बलवीर सिंह पुत्र श्री प्रहलाद सिंह
केनरा बैंक, नर्मदापुरम शाखा		
ऋणी: **श्री काशी प्रसाद निशोद पुत्र श्री उमराव सिंह निशोद** सहऋणी/बंधककर्ता: **श्रीमती फूलवंती निशोद C/o श्री काशी प्रसाद निशोद** सभी का पताः प्लॉट नंबर 130 मौजा डोंगरी (डिवाइन सिटी) वार्ड नंबर 14, होशंगाबाद तहसील एवं जिला होशंगाबाद 461001	मांग सूचना दिनांक : 17.09.2026 दिनांक 16.09.2026 को बकाया राशि ₹ 10,84,048.86/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे NPA : 09.09.2026	संपत्ति का समस्त भू भाग रिहायशी प्लॉट नंबर 130, क्षेत्रफल पूर्व से पश्चिम 40 फीट और उत्तर से दक्षिण 15 फीट है। कुल क्षेत्रफल 600 वर्गफीट (अर्थात 55.76 वर्गमीटर) डायवर्टेड खसरा नंबर 51/4, 51/5 में से, मौजा डोंगड़ी (डिवाइन सिटी), वार्ड नंबर 14, होशंगाबाद तहसील और ज़िला होशंगाबाद चतुर्सीमाएं : पूर्व - कॉलोनी रोड, पश्चिम - प्लॉट नंबर 109, उत्तर - प्लॉट नंबर 131, दक्षिण- प्लॉट नंबर 129, **CERSAI ID-400058453657** संपत्ति मालिक- श्री काशी प्रसाद निशोड पुत्र श्री उमराव सिंह निशोड और श्रीमती फूलवंती निशोड C/O श्री काशी प्रसाद निशोड
केनरा बैंक, कोलार रोड शाखा, भोपाल		
ऋणी: **श्री अहमद उसामा खान पुत्र श्री सदरुद्दीन खान** पताः तहसील नरसिंहगढ़, ग्राम शिवपुरा गिलाखेड़ी, नरसिंहगढ़ तालुक ब्यावरा जिला राजगढ़ म.प्र.- 465667	मांग सूचना दिनांक : 18.09.2026 दिनांक 17.09.2026 को बकाया राशि ₹ 77,15,745.14/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे NPA : 30.08.2026	संपत्ति का समस्त भू भाग स्थित कमर्शियल डायवर्टेड भूमि सर्वे नंबर 718/2/1/2/2 क्षेत्रफल- 0.632 हेक्टेयर सर्वे नं. 718/2/1/2, क्षेत्रफल 1.265 हेक्टेयर, गाँव गीलाखेड़ी, पटवारी हल्का नंबर 102, सर्कल कुरावर, तहसील और ब्लॉक नरसिंहगढ़, ज़िला राजगढ़, म.प्र. **बिक्री विलेख के अनुसार चतुर्सीमाएँ:** पूर्वः आजाद खान की जमीन, पश्चिमः पीसीबी की जमीन, उत्तरः बदरुद्दीन बगेरा की जमीन, दक्षिणः चंद्रसिंह बगेरा की जमीन। **नजरिया नक्शा के अनुसार चतुर्सीमाएँ :** पूर्वः आजाद खान की जमीन, पश्चिमः पीसीबी की जमीन, उत्तरः बदरुद्दीन बगेरा की जमीन, दक्षिणः अहमद ओसामा खान की जमीन और सड़क। **CERSAI ID-400107850012** संपत्ति मालिक- श्री अहमद ओसामा खान पुत्र श्री सदरुद्दीन खान।

उपरोक्त वर्णित ऋण / साख सुविधा संबंधित दस्तावेजों द्वारा बैंक के पक्ष में संपत्ति को बंधक रखकर सुरक्षित किया गया था। चूंकि आप ऋण चुकाने में असफल रहे हैं। अतः बैंक द्वारा उपरोक्त तालिका में वर्णित दिनांक को ऋण को एन.पी.ए. वर्गीकृत किया गया है। उपरोक्त वर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों को विस्तृत माँग सूचना सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत जारी की गई एवं नोटिस में उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्च नोटिस की तारीख से 60 दिवस की अवधि के भीतर अदा करने के लिए सूचित करते हैं। अन्यथा बैंक द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जावेगी।
इसके अतिरिक्त आप सरफेसी अधिनियम की धारा के तहत उक्त रक्षित आस्तियों का या तो विक्रय का लीज करने इत्यादि के द्वारा अन्तरण करने और किसी अन्य प्रकार बाधा डालने से प्रतिबंधित हैं। विस्तृत मांग नोटिस की प्रति हेतु बैंक की शाखा से संपर्क करें।
उधारकर्ताओं को एक्ट की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधान के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के एवज में उपलब्ध समय की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।
मांग सूचना की प्रति रजिस्टर्ड पोस्ट द्वारा शाखा में उपलब्ध आपके अंतिम ज्ञात पते पर भेजी जा रही है।
स्थान : भोपाल **प्राधिकृत अधिकारी**
दिनांक : 14/10/2026 **केनरा बैंक**

एफवन रेस

फॉर्मूला वन रेस की भारत में वापसी के दिखे संकेत

एजेंसी ▶▶| सिंगापुर

फॉर्मूला वन रेस की भारत में वापसी को लेकर चल रही कवायद के बीच प्रणव अडाणी की सिंगापुर ग्रां प्री में निजी यात्रा ने सभी का ध्यान खींचा है। प्रणव निजी तौर पर सिंगापुर जीपी पैडोक में थे और विश्व मोटर स्पोर्टस की संचालन संस्था एफआईए के अतिथि के रूप में



मौजूद थे। अडाणी समूह ने कर्जे में डूबे जेपी समूह का अधिग्रहण कर लिया है, जिसमें 2011 से 2013 के बीच फॉर्मूला वन रेस की मेजबानी करने वाला बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट भी शामिल है। वित्तीय चुनौतियों और कर से जुड़े मसलों के कारण उसके बाद भारत में एफवन रेस नहीं हुई।

भारत में हुआ कार्यबल का गठन

हाल ही में एफवन के भारत में फिर से आयोजन का मार्ग प्रशस्त करने के लिए एक कार्यबल का गठन किया गया है। रेस की वापसी की कोई समय सीमा तय नहीं है लेकिन अडाणी समूह और एफवन प्रबंधन ने इस मामले में बातचीत की है। ऐसे में प्रणव की एफआईए अधिकारियों से मुलाकात काफी मायने रखती है।

भारत में मेरे काफी प्रशंसक : नौरिस

मौजूदा विश्व चैंपियन ड्राइवर लैंडो नौरिस ने सिंगापुर जीपी से पहले कहा था,' मुझे पता है कि भारत में मेरे काफी प्रशंसक हैं। कई साल तक भारतीय ड्राइवर जेहान दारुवाला मेरी टीम में था और मेरे अच्छे दोस्तों में से है।' उन्होंने कहा,' मैं कभी भारत नहीं गया लेकिन जाना चाहता हूं।'

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, (भ/स) संभाग छिन्दवाड़ा
e-mail:- eepwd1chhind@mp.nic.in
// निविदा आमंत्रण सूचना //
निविदा सूचना क्रं . 09/व.ले.लि./2026-27/ छिंदवाडा दिनांक 12.10.2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य बेवसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त बेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने पर बेवसाईट के माध्यम से डाउनलोड की जा सकेंगी।

स. क्रं.	टेण्डर आई.डी.	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	ठेके की अनुमानित राशि रू (लाख में)	अमानत राशि रू	निविदा प्रपत्र राशि रू	समयावधि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	2026_PWDRB_541369_1	छिंदवाड़ा	सड़क कार्य	पुरा से पुराढाना मार्ग लं. 1.80 कि.मी. का निर्माण मय विद्युतीकरण कार्य सहित (द्वितीय आमंत्रण)	200.15	2,00,200/-	15,000/-	6 माह वर्षाकाल सहित
2	2026_PWDRB_541370_1	छिंदवाड़ा	भवन संधारण कार्य	जिला न्यायालय छिन्दवाडा एवं न्यायाधीश आवासीय भवनों में अनुरक्षण विशेष मरम्मत तथा जमा निधि के कार्य (प्रथम आमंत्रण)	20.00	40,000/-	2,000/-	6 माह वर्षाकाल सहित
3	2026_PWDRB_541371_1	छिंदवाड़ा	भवन संधारण कार्य	जिला न्यायालय छिन्दवाडा एवं न्यायाधीश आवासीय भवनों में रंगाई पुताई तथा पेंटिग का कार्य । (प्रथम आमंत्रण)	18.00	36,000/-	2,000/-	6 माह वर्षाकाल सहित
4	2026_PWDRB_541372_1	छिंदवाड़ा	भवन संधारण कार्य	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रं. 2 छिन्दवाडा अंतर्गत शासकीय भवनों में अनुरक्षण विशेष मरम्मत तथा जमा निधि के कार्य । (प्रथम आमंत्रण)	20.00	40,000/-	2,000/-	6 माह वर्षाकाल सहित
5	2026_PWDRB_542683_1	छिंदवाड़ा	सड़क कार्य	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग तामिया अंतर्गत विभिन्न मार्गो पर पुल पुलिया का मरम्मत कार्य । (प्रथम आमंत्रण)	15.00	30,000/-	2,000/-	6 माह वर्षाकाल सहित
				कुल योग	273.15 लाख			

टीप :- निविदा का विस्तृत विवरण (टेण्डर डाक्यूमेंट) म.प्र. शासन की निविदा पोर्टल पर देखा जा सकता है। निविदा ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम तिथि 28.10.2026 समय शाम 17.30 बजे तक है। ऑनलाईन प्राप्त निविदा ऑफर को मान्य किया जायेंगा। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेब साईट पर ही किया जायेंगा। पृथक से समाचार पत्रो में प्रकाशन नही किया जायेंगा।
(कौशल सिंह परते)
कार्यपालन यंत्री
G-19997/26 " स्वच्छता ही सेवा " लो.नि.वि. (भ/स) संभाग, छिन्दवाड़ा, म.प्र.



38वीं सब-जूनियर राज्य ताइक्वांडो चैंपियनशिप

टास के खिलाड़ियों ने स्वर्ण, रजत, कांस्य पदक जीतकर बढ़ाया भोपाल का गौरव



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गंजबासौदा में 10 एवं 11 अक्टूबर को आयोजित 38वीं सब-जूनियर राज्य ताइक्वांडो चैंपियनशिप में टास क्लब, भोपाल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता में भोपाल की टीम ने बालक एवं बालिका, दोनों वर्गों में ओवरऑल द्वितीय स्थान प्राप्त कर शहर का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में टास क्लब के पंकज दांगी ने स्वर्ण पदक, गौरेश राठौर ने 25 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक, कृषिका सिंह ने 41 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक तथा मनीषा ने कांस्य पदक जीतकर क्लब को गौरवान्वित किया।

खिलाड़ियों की इस सफलता में अंतरराष्ट्रीय एवं एनआईएस कोच सुरेश श्रीवास्तव का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा। इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक अनिल सिंहवाड़, शेर सिंह (राष्ट्रीय कोच),राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक आनंद ठाकुर, राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं कोच शंकर भोरे तथा राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं कोच मधुलिका पचोरिया ने खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देकर उनकी प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

इस उपलब्धि पर टॉस क्लब परिवार की ओर से राजेश यादव (विक्रम अवार्डी), पी. शौकत अली (राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी), एवं विवेक स्वामी (विक्रम अवार्डी) ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को बधाई दी तथा उनके प्रयासों की सराहना की।

बीडीसीए की सोविनियर समिति में डॉ. सुशील सिंह इंद्रजीत मौर्य, सिलेक्टर समिति में अमिताभ वर्मा भी

बीडीसीए की चयन समितियां, उप-समितियां घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल संभाग क्रिकेट संघ (बीडीसीए) के अध्यक्ष ध्रुव नारायण सिंह ने वर्ष 2026-27 हेतु विभिन्न चयन समितियों एवं उप समितियां घोषित की हैं। सभी समितियों में शांति कुमार जैन सचिव, भोपाल संभाग क्रिकेट संघ पदेन सदस्य होंगे। नवगठित समितियों में पहली क्रिकेट विकास समिति (सीडीसी) है, जिसके अध्यक्ष रजत मोहन वर्मा होंगे, वहीं सदस्यों में जुनैद किदवई, अथर अहमद, डी.के. जैन, दिलीप अवस्थी, यशवीर सिंह, जावेद खान (दूरदर्शन),भुवन शुक्ला, अतुल तिवारी (सीहोर), अज़हर कुरैशी (रायसेन) हैं। वित्त समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह तोमर होंगे तो सदस्यों में आदित्य विजय सिंह, मुदित शेजवार, अविनाश पाठक, अंशुल तिवारी (राजगढ़) वसंत जैन (विदिशा) होंगे। टूर्नामेंट कमेटी में डॉ सुशील सिंह ठाकुर, सुरेश चेनानी, ज्योति प्रकाश त्यागी, मोहसिन हसन, अबदुस समद, पंकज ठाकुर,अभिषेक सिंह जूनियर (रेल्वे), गुफरान खान, राहुल दुखनडे, अंकित कुरकंजी, अब्दुस समद, निपेंद्र सिंह सोलंकी (राजगढ़), को शामिल किया गया है। वहीं अंपायर समिति के अध्यक्ष राजेश टिमाने होंगे तो सदस्यों में रमीज़ खान, पीयूष सिंह बघेल (कन्वीनर), विजेंद्र परिहार होंगे। आंतरिक शिकायत समिति की अध्यक्ष शिखा बाबा होंगी तो सदस्यों में शक्ति दुबे, ललिता बिस्ट हाशवानी, संजय गुप्ता होंगे। सोविनियर समिति के अध्यक्ष मुदित शेजवार होंगे तो सदस्यों में डॉ सुशील सिंह ठाकुर, हेमंत कपूर, ज्योति प्रकाश त्यागी, अंशुल तिवारी, इंद्रजीत मौर्य को शामिल किया गया है। इसके अलावा सीनियर एवं अंडर-22 बालक चयन समिति के अध्यक्ष प्रदीप देशमुख होंगे तो उपाध्यक्ष आर.के. दीक्षित होंगे।

सिलेक्टर एवं कन्वीनर समिति में राशिद खान, सादुद्दीन, राजीव सक्सेना, विशाल अय्यर एवं संदीप डोंगर सिंह (विदिशा) होंगे। जूनियर चयन समिति (अंडर-13, 15 एवं 18 बालक) के अध्यक्ष अविनाश पाठक होंगे तो अरविंद वर्मा, उमर खान 'बाबा', समीर मिरीकर, अमिताभ वर्मा, जितेंद्र प्रताप सिंह, आशीष शर्मा (सीहोर) सदस्य होंगे एवं कन्वीनर मुकुल लोखंडे बनाए गए हैं। इसके साथ ही गर्ल्स एवं महिला (जूनियर एवं सीनियर) चयन समिति (अंडर-15, 18 एवं सीनियर गर्ल्स) के अध्यक्ष सी.एस. धाकड़ होंगे तो सदस्यों में ललिता बिस्ट हासवानी, अनामिका सिंह (राजगढ़), ममता शर्मा, दिव्यांगी वर्मा को शामिल किया गया है। मुजीबउद्दीन, अभिषेक सिंह (सीनियर) सिलेक्टर एवं कन्वीनर होंगे।

भोपाल में 22 से जुटेंगे स्केटर्स, राष्ट्रीय टीम के लिए किया जाएगा चयन

भोपाल। एमपीआरएसए की 31वीं राज्य स्तरीय रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप एवं 64वीं राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप के चयन ट्रायल 22 से 26 अक्टूबर तक कैंपियन स्कूल इंटरनेशनल स्केटिंग ट्रैक में किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से रोलर स्केटिंग खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस प्रतियोगिता के माध्यम से बेंगलुरु, कर्नाटक में आयोजित होने वाली 64वीं राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।







अधिकृत डीलरः **भोपाल:** वटेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाइटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, **बैतूल:** खण्डेलवाल हीरो9289922624, **सीहोर:** मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, **ब्यावरा:** आनंद हीरो 9289922871, **गुना:** गगन हीरो 9289922358, **अशोक नगर:** आरव हीरो 9821743269, **होशंगाबादः** पुण्यशिला हीरो 9289922360, **हरदा:** राहुल हीरो 9289922491, **विदिशा:** पाल हीरो 9289922379, **दमोह:** इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, **सागर:** सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, **टीकमगढ़:** आनंद हीरो 9289923112, **छतरपुर:** आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), **ग्वालियर:** तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), **तरन अगेंदे हीरो** (फूलबाग 9289922483, सत्रियाँ विलास 2438534), **भिन्डः** शिवम हीरो 9289922787, **दतियाः** शिव हीरो 9289923172, **मुरैना:** गगन हीरो 9289922678, **श्योपुर:** आशीष हीरो 9289922832, **शिवपुरी:** रघुवंशी हीरो 9289922571, **इंदौर:** सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सेठी ऑटोमोबाइल्स (भवटकुआँ) 9289923211, ठक्कामारानी ऑटोमोटिव (एलआईजी स्क्वायर के पास) 8871444414, मेहता ऑटोमोबाइल्स, **(देवास नाका)** 9821741577, **बड़वानी:** शर्मा हीरो 9289922742, **बुरहानपुर:** श्रीजी हीरो 9289922372, **देवासः** खटोना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), **धार:** साक्षी हीरो 9289922618, **हाट पिपलियाः** श्रीराम हीरो 9289923154, **झाबुआ:** नाकोड़ा हीरो 9289922679, **कुक्षी:** अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, **खण्डवा:** ठक्कर हीरो 9289923018, **खरगोनः** निमाड़ हीरो 9289922378, **महू:** लक्ष्य हीरो 9289923176, **पीथमपुर:** रघुवंशी हीरो 9289923047, **सनावदः** राजेश हीरो 9289922774, **रतलामः** एक्सीलेन्ट हीरो (महू रोड 9289922375, सैलाना रोड 07412-408600) **नीमचः** उत्तम हीरो 9289922367, **मन्दसौरः** रोमदर्शन हीरो 9289922369, **जावरा:** रिलायबले हीरो 9289923045, **एक्सीशिएट डीलरः आष्टा:** श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, **बगदोनी:** आर्यन्स इन्टरप्राईजेज 7428594665, **बटेली:** श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, **भोपाल:** मानिक मोटर्स 8827379110, **मंडीदीप:** सौनी मोटर्स, 9179461211, 8962143877, **बेंसः** श्रुति मोटर्स, 7879573737, **नसरुल्लागंज:** जीवन मोटर्स 9977926838, **गंजबासौदा:** ध्रुव इन्टरप्राइजेज 9826867673, **इटारसी:** रेवा मोटर्स 9425630406, **जनाता:** शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, **करेरा:** आदित्यसागर इन्टरप्राईजेज 9425436890, 7428492559, **पिपरिया:** राज मोटर्स 7576454997, **नरसिंहगढ़:** गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, **पचोर:** प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, **रायसेन:** युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, **बीना:** राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, **टीकमगढ़:** एस.एस. इन्टरप्राइजेज 7000242371, **खरगापुर:** हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, **राघोगढ़:** बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, **श्यामपुर :** गोपी मोटर्स 9111009671, **लटेरी:** श्याम हीरो 7748890061, **जामनेर:** अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, **सिरोंज:** प्रिया एंटरप्राइजे, 9425344557, **सिरोली:** भायरे मोटर्स, 9981247007, **टिमरनी :** गंगोत्री मोटर्स 9755101902, **अम्बाह:** उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, **इबराः** देगा एजेन्सी 9926746001, **पिछोरः** दक्षमेश ऑटोमोबाईल्स 9425490424, **सबलगढ़:** शिवम मोटर्स 9893085461, **कोलारस:** भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, **बैराड़:** लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, **बदरवास:** बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, **गोहद:** ओम साई मोटर्स 8358994876, **लहार:** लक्ष्मी ऑटोमोबाईल्स 9770444999, **अलीराजपुर:** विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 **अंजड़:** न्यू निमाड़ मोटर्स 9425416084, **बदनावदः** नन्सी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, **बेड़िया:** कृष्णा मोटर्स 7428494667, **वामनिया:** अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, **छनेरा:** गुरुनानक मोटर्स 7428390286, **बैतमा:** अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, **धानमोदः** अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, **इंदौरः** क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, **मुंडी:** अभिषेक मोटर्स 7428390273, **पानसेमलः** हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, **पेटलावदः** भंडारी अभिकरण 9977287143, **धरमपुरी:** कृष्णा ऑटोमोबाईल्स 9993906745, **राऊ:** अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, **सेंधवा:** डीलक्स मोटर्स 7428295060, **निवाली:** श्री वल्लभ मोटर्स 9893501517, **पुंजापुरा:** पटेल मोटर्स 9755567226, **सतवासः** शिवम मोटर्स 9826088351, **नागदा:** काठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, **तिघोटः** आकाश मोटर्स 7428494665, **सोनकच्छः** भारत मोटर्स 9826607753, **घाटाबिल्लौदः** लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, **खाचरोदः** जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, **मांगलियाः** श्री साई मोटर्स 8962460729, 8889415553, **जौराः** विजयानंद मोटर्स 9754451762, **राणापुरः** सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, **नौबटः** धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, **सोंडवाः** राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, **क्षिप्राः** श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, **सुखलिया इंदौरः** आर्यन मोटर्स, 9399928958, **कांटाफोड़:** लक्ष्मण मोटर्स, 9993048891, **नीलबड़:** **महाकाल मोटर्स**, 9586778889, **तीन इमली:** **न्यू गीतांजलि मोटर्स**, 6267121700, **नेहरू नगर, भैपाल:** रुद्र एंटरप्राइजेज, 9039011650,51,52,53, **गांधीनगरः** आर जे मोटर्स, 8827588411, **इन्देलटागंज:** साहू ऑटोमोबाइल, 9926977784, **अमझेराः** महावीर ऑटोमोबाइल, 9589890703, **सागौर कुटी:** अमन ऑटोमोबाइल, 9039055993, **जावदः** शिवाय इंटरप्राइजेज, 9752346321, **रानीसिंहः** गुरुकृपा ऑटोमोबाइल्स, 9753044683, **बोरी बुजुर्ग: जिलानी मोटर्स**, 9399900143, **कढ़ी: श्री राम मोटर्स**, 9584997081, **पिपलिया बुजुर्ग: न्यू सिन्हा मोटर्स**, 9981562315, **Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना:** गगन हीरो 9289922358, **विदिशा:** पाल हीरो 9289922379, **भिन्ड :** शिवम् मोटर्स 9289922787, **पीथमपुर:** रघुवंशी हीरो 9289923047, **छनेरा:** गुरुनानक मोटर्स 7428390286, **सारंगी:** श्री मोटर्स, 9340927342, **सीतामऊ:** तिरुपति मोटर्स, 9753008855, **पिपलियाँ मंडी:** नवपद मोटर्स, 9479861211, **दलोदा:** जेएस मोटर्स, 9926600906. Cheil 33547/26

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930